



राष्ट्रीय दैनिक

दिल्ली एवं पटना से प्रकाशित

# प्रात:किरण

हर खबर पर पकड़

f /Pratahkiran
/Pratahkiran
/Pratahkiran


मां सिद्धिदात्री की पूजा

शारदीय नवरात्रि के नौवें दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा की जाती है। मान्यता है कि इस दिन विधि-विधान से मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना करने से व्यक्ति को भय और रोग से छुटकारा मिलता है। नवमी के दिन कन्या पूजन करना भी बहुत शुभ माना जाता है। धार्मिक मान्यता है कि मां सिद्धिदात्री की विधि पूर्वक पूजा अर्चना करने से भक्तों को सिद्धि और उन्हें मोक्ष की प्राप्ति होती है। इस बार अष्टमी और नवमी तिथि एक ही होने के कारण दोनों ही दिन का कन्या पूजन एक ही दिन अलग- अगल मुहुर्त में किया जाएगा।



**मां सिद्धिदात्री की पूजा मंत्र**

सिद्धगन्धर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि,
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।

स्वयं सिद्ध बीज मंत्र
ह्रीं क्लीं ऐं सिद्धये नमः।

**मां सिद्धिदात्री की पूजा विधि :** नवमी को मां सिद्धिदात्री की पूजा अर्चना करने के लिए सुबह स्नान कर साफ वस्त्र धारण करें, उसके बाद सबसे पहले कलश की पूजा व समस्त देवी देवताओं का ध्यान करें। मां को मोली, रोली, कुमकुम, पुष्प और चुनरी चढ़ाकर मां की भक्ति भाव से पूजा करें। इसके बाद मां को पूरी, खीर, चने, हलुआ, नारियल का भोग लगाएं. उसके बाद माता के मंत्रों का जाप करें और नौ कन्याओं के साथ एक बालक को भोजन कराएं।


वर्ष : 12 अंक : 179 पटना, शुक्रवार, 11 अक्टूबर, 2024 | विक्रम संवत् 2081 | पेज : 12 | मूल्य ₹ : 03.00 | www.pratahkiran.com


# मुख्यमंत्री ने की मां भगवती शीतला माता बड़ी पटनदेवी एवं छोटी पटनदेवी में पूजा अर्चना



पटना। मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज नवरात्रि की महाअष्टमी के दिन अगमकुआँ स्थित शीतला माता मंदिर पहुो। मुख्यमंत्री ने मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत विशेष योजना मद से प्राचीन विरासत स्थल मां शीतला मंदिर अगमकुओं की परिसर की चाहरदिवारी एवं सुविधाओं के विकास कार्य का फीता काटकर एवं शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने अगमकुओं स्थित शीतला माता मंदिर में पूजा अर्चना की। पटना सिटी स्थित बड़ी पटनदेवी मंदिर एवं छोटी पटनदेवी मंदिर में भी जाकर मुख्यमंत्री ने पूजा अर्चना की। पुरोहितों ने मंत्रोच्चार के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को विधिवत पूजा करायी। मुख्यमंत्री ने मॉ शीतला देवी, मॉ बड़ी पटनदेवी एवं मॉ छोटी पटनदेवी माता से राज्य की सुख, शांति, समृद्धि एवं प्रगति की कामना की। मुख्यमंत्री ने बड़ी पटनदेवी मंदिर के जीर्णोद्धार कार्य का भी जायजा लिया और कार्य को जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री ने मारूफगंज स्थित श्री श्री बड़ी देवी जी तथा श्री श्री दलहट्टा देवी जाकर भी माँ भगवती दुर्गा की पूजा अर्चना की। मारूफगंज मारवाड़ी सेवा समिति द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को अंगवस्त्र, पाग एवं प्रतीक चिन्ह भेंट किया गया। पूजा अर्चना के दौरान जल संसाधन एवं संसदीय कार्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, जिलाधिकारी डॉ चन्द्रशेखर सिंह, वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा सहित आयोजकगण, अन्य गणमान्य व्यक्ति एवं श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

# लाओस में पीएम मोदी का ग्रैंड वेलकम, गायत्री मंत्र और हिंदी में किया गया अभिवादन

## 21वें आसियान-भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए लाओस पहुंचे



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को 21वें आसियान-भारत और पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए लाओस पहुंचे। जहां राजधानी वियनतियाने पहुंचने पर भारतीयों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पीएम मोदी का स्वागत करने के लिए वियनतियाने के होटल डबल ट्री में बड़ी संख्या में भारतीय समुदाय के लोग पहले से मौजूद रहे। इस दौरान एक खास नजारा भी देखने को मिला। दरअसल, होटल डबल ट्री में प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते हुए भारतीयों और लाओस समुदाय के लोगों ने गायत्री मंत्र का पाठ किया। इसका वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि पीएम मोदी के सामने भारतीय समुदाय के लोग हाथ में तिरंगा लिए हुए गायत्री मंत्र का जाप कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने यहां के प्रमुख रॉयल थिएटर ऑफ लुआंग प्रबांग में रामायण का मंचन भी देखा। इसे फरा लक फरा राम के नाम से भी जाना जाता है। इससे समझा जा सकता है कि प्रभु श्रीराम की कहानी पूरे आसियान क्षेत्रों को आपस में जोड़ती है। जैसा कोई अन्य ग्रंथ नहीं कर सकते। सनातन धर्म की जड़ें ना केवल भारत, बल्कि आस-पास के क्षेत्रों में गहरी हो चली है। लाओस में रामायण सदियों से मनाई जाती रही है, जो दोनों देशों के बीच साझा विरासत और सदियों पुरानी सभ्यताओं के संबंधों को दशार्ती है। पीएम मोदी ने भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसका वीडियो शेयर किया है। उन्होंने एक्स पोस्ट में लिखा, विजयादशमी कुछ ही दिन दूर है और आज मैंने लाओ पीडीआर में लाओ रामायण का एक हिस्सा देखा, जिसमें रावण पर प्रभु श्री राम की जीत पर प्रकाश डाला गया है। यह देखकर बहुत खुशी होती है कि यहां के लोग रामायण से जुड़े हुए हैं। प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद हम पर सदैव बना रहे।

## आवश्यक सूचना

दुर्गापूजा के पावन अवसर पर 11 व 12 अक्टूबर को प्रात: किरण के दफ्तर में अवकाश रहेगा। अतएव पाठकों को अखबार का अगला अंक 14 अक्टूबर को उपलब्ध होगा।

आप सभी को दुर्गा पूजा की हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

## संक्षिप्त खबरें

### उमर होंगे जम्मू-कश्मीर के अगले मुख्यमंत्री

श्रीनगर। नेशनल कॉन्फ्रेंस नेकां के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला को गुरुवार को सर्वसम्मति से विधायक दल का नेता चुना गया, जो जम्मू-कश्मीर में एक दशक में पहली निर्वाचित सरकार के गठन की दिशा में बड़ा कदम है। नेकां के नव-निर्वाचित विधायकों ने श्रीनगर में एक बैठक में भाग लिया, जिसके दौरान श्री अब्दुल्ला के विधायक दल के नेता के रूप में चुनाव को मंजूरी दी गयी। नेकां उपाध्यक्ष ने बैठक के बाद संवाददाताओं से कहा, मुझे अपना नेता चुनने के लिए मैं पार्टी विधायकों का आभारी हूं। हमें चार निर्दलीय विधायकों का भी समर्थन मिला है और हम सरकार बनाने का दावा पेश करने के लिए अपने गठबंधन सहयोगी कांग्रेस से पत्र का इंतजार कर रहे हैं। श्री अब्दुल्ला ने कहा कि कांग्रेस से पत्र मिलने के बाद वह सरकार गठन की तारीख तय करने के लिए उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से मुलाकात करेंगे। विधायक दल की बैठक के बाद पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं विधायक अली मोहम्मद सागर ने घोषणा की कि श्री अब्दुल्ला को विधायक दल का नेता चुन लिया गया है।

## प्रख्यात उद्योगपति के निधन पर शोक की लहर, पूरे देश ने नम आंखों से दी विदाई

# पंचतत्व में विलीन हुए रतन टाटा गमगीन माहौल में अंतिम विदाई



प्रात : किरण

मुंबई। टाटा समूह के चेयरमैन और वरिष्ठ उद्योगपति रतन टाटा का पार्थिव शरीर पंचतत्व में विलीन हो गया। पूरे देश ने नम आंखों से उन्हें अंतिम विदाई दी। अंतिम यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। इससे पहले उनके पार्थिव शरीर को वर्ली श्मशान लाया गया था। जहां पर उनका अंतिम संस्कार हुआ। बता दें कि 86 साल की उम्र में बुधवार रात को रतन टाटा ने अंतिम सांस ली थी। बुधवार देर रात मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में निधन के बाद गुरूवार को उनका अंतिम संस्कार हुआ। उनके निधन पर खेल, उद्योग,राजनीति और मनोरंजन जगत से कई हस्तियों ने उन्हें श्रद्धांजलि दी है।

### दिया गया गार्ड ऑफ ऑनर

उद्योगपति रतन टाटा के पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए वर्ली स्थित शवदाह गृह लाया गया और मुंबई पुलिस ने उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल इस दौरान मध्य मुंबई स्थित शवदाह गृह में उपस्थित थे। शाह ने एक्स पर लिखा, रतन टाटा जी के दुखद निधन पर शोक जताने वाले लाखों भारतीयों में शामिल हूं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से टाटा के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र भी अर्पित किया। उन्होंने कहा कि टाटा को हमेशा देशभक्ति और एकता के प्रकाशपुंज के रूप में याद किया जाएगा। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा, रतन टाटा की विरासत आने वाले लंबे समय तक देश के औद्योगिक क्षेत्र का नेतृत्व करने वालों का मार्गदर्शन करती रहेगी। टाटा के पार्थिव शरीर को दक्षिण मुंबई स्थित राष्ट्रीय कला प्रदर्शन केंद्र (एनसीपीए) में जनता के अंतिम दर्शन के लिए सुबह 10.30 बजे से अपराह्न 3.55 बजे तक रखा गया जहां विभिन्न वर्गों के हजारों लोग उन्हें श्रद्धांजलि देने पहुंचे। टाटा समूह को विश्व स्तर पर प्रसिद्धि दिलाने का श्रेय रतन टाटा को दिया जाता है।

### मुर्मु व मोदी ने उनके निधन पर जताया शोक

नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित विभिन्न नेताओं ने प्रसिद्ध उद्योगपति रतन एन टाटा के निधन पर शोक जताया है। श्रीमती मुर्मु ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर अपने शोक संदेश में बुधवार को लिखा, श्री रतन टाटा के दुखद निधन से भारत ने एक ऐसे महान व्यक्तित्व को खो दिया है, जिन्होंने कॉर्पोरेट विकास को राष्ट्र निर्माण और उत्कृष्टता को नैतिकता के साथ जोड़ा। मैं उनके परिवार, टाटा समूह की पूरी टीम और दुनिया भर में उनके प्रशंसकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त करती हूं। श्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक पर लिखा, रतन टाटा एक दूरदर्शी बिजनेस लीडर, एक दयालु आत्मा और एक असाधारण इंसान थे। उन्होंने भारत के सबसे पुराने और सबसे प्रतिष्ठित व्यापारिक घरानों में से एक को स्थिर नेतृत्व प्रदान किया। साथ ही, उनका योगदान बोर्डरूम से कहीं आगे तक गया। उन्होंने अपनी विनम्रता, दयालुता और हमारे समाज को बेहतर बनाने के लिए एक अटूट प्रतिबद्धता के कारण कई लोगों के बीच अपनी जगह बनाई। उन्होंने कहा, श्री रतन टाटा जी का सबसे अनोखा पहलू था बड़े सपने देखने और दूसरों को कुछ देने का उनका जुनून। वे शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, स्वच्छता, पशु कल्याण जैसे मुद्दों को आगे बढ़ाने में सबसे आगे थे। श्री रतन टाटा जी के साथ मेरी अनगिनत मुलाकातें मुझे याद हैं। जब मैं गुजरात का मुख्यमंत्री था, तब मैं उनसे अक्सर मिलता था। हम विभिन्न मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करते थे। मुझे उनके विचार बहुत उपयोगी लगते थे। दिल्ली आने पर भी ये मुलाकातें जारी रहीं। उनके निधन से मुझे बहुत कष्ट पहुंचा है। इस दुख की घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार, मित्रों और प्रशंसकों के साथ हैं। ओम शांति। प्रधानमंत्री ने एक्स पर श्री रतन टाटा के साथ अपनी एक फोटो भी शेयर की है, जिसमें दोनों दो कुर्सी पर साथ-साथ बैठे हैं और प्रसन्न मुद्रा में एक दूसरे को देख रहे हैं।

# सीएम ने बाढ़ प्रभावित 3.21 लाख परिवारों के खाते में भेजी 7-7 हजार रुपए की राशि

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में फसल क्षति की राशि दीपावली के पहले करा दें उपलब्ध:नीतीश

**आनुग्रहिक राहत की राशि का डीबीटी के माध्यम से 225.25 करोड़ रुपए अंतरण**



पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गुरूवार को 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में आयोजित कार्यक्रम में राज्य के 18 जिलों में द्वितीय चरण में आयी बाढ़ से प्रभावित 3.21 लाख परिवारों को डीबीटी के द्वारा सीधे उनके खाता में 7 हजार रुपए प्रति परिवार की दर से कुल 225.25 करोड़ रुपए की आनुग्रहिक राहत की राशि के भुगतान का माऊस क्लिक कर अंतरण किया। मुख्यमंत्री द्वारा प्रथम चरण में 4 लाख 38 हजार 529 परिवारों के खाते में 306.97 करोड़ रुपए अंतरित की गयी थी, जबकि आज द्वितीय चरण में 3 लाख 21 हजार 792 परिवारों के खाते में 225.25 करोड़ रुपए अंतरित की गयी यानी कुल बाढ़ से प्रभावित 7 लाख 60 हजार 321 परिवारों के खाते में 532.22 करोड़ रुपए की राशि अंतरित की गयी। समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लोगों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने के लिये सरकार कृतसंकल्पित है। सरकार में आने के बाद से आपदा पीड़ितों की सहायता के लिये हमलोग लगातार तत्पर रहते हैं। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में किसानों की जो फसल क्षति हुयी है, उसकी राशि दीपावली के पूर्व अवश्य उपलब्ध करा दें। किसानों को सभी प्रकार की सुविधायें देने के लिये सरकार लगातार काम कर रही है। बाढ़ के दौरान जिन किसानों की फसल क्षति हुयी है, उसमें कोई छूटे नहीं, सभी प्रभावित परिवारों को राशि

अवश्य मिल जाय। कृषि विभाग इसके लिये तेजी से काम करे।

### द्वितीय चरण में 18 जिले बाढ़ से हुए प्रभावित :

बैठक में आपदा प्रबंधन विभाग की संयुक्त सचिव साहिला ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जानकारी देते हुये बताया कि द्वितीय चरण में बिहार के 18 जिले प्रभावित हुये हैं। बाढ़ पीड़ितों के सहायतार्थ बाढ़ आपदा प्रबंधन मानक संचालन प्रक्रिया के अनुरूप सभी कार्रवाई की गयी है और प्रभावित लोगों को हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है। समीक्षा के दौरान कृषि विभाग के विशेष सचिव वीरेन्द्र प्रसाद यादव ने बताया कि प्रथम चरण में आयी बाढ़ से 16 जिले का कृषि क्षेत्र प्रभावित हुआ है। दूसरे चरण में आयी बाढ़ के कारण 16 जिलों का कृषि क्षेत्र प्रभावित हुआ है, जिससे किसानों की फसल क्षति हुयी है। प्रथम चरण के लिये फसल क्षति के रूप में 229 करोड़ तथा द्वितीय चरण के लिये 261 करोड़ रुपए का आकलन किया गया है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण के लिये फसल क्षति की 229 करोड़ रुपए की राशि विभाग को प्राप्त हो गयी है।

### ये रहें मौजूद :

बैठक में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा, जल संसाधन मंत्री विजय कुमार चौधरी, आपदा प्रबंधन मंत्री श्री संतोष कुमार सुमन, बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ उदय कांत मिश्रा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ एस सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, कृषि विभाग के विशेष सचिव वीरेन्द्र प्रसाद यादव, आपदा प्रबंधन विभाग की संयुक्त सचिव साहिला सहित आपदा प्रबंधन विभाग के अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।




बिहार सरकार

संदेश

मुख्यमंत्री
बिहार


दुर्गा पूजा/दशहरा हर्ष एवं उल्लास का पर्व है। असत्य पर सत्य की विजय का प्रतीक यह पर्व विजयोत्सव के रूप में पूरे राज्य में धूम-धाम से मनाया जाता है। इस वर्ष दशहरा 12 अक्टूबर, 2024 को मनाया जायेगा।

राज्य के नागरिकों से मेरी अपील है कि इस पुनीत अवसर पर साम्प्रदायिक एवं सामाजिक सद्भाव बनाए रखें तथा आपसी प्रेम का परिचय देते हुए सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में इस पर्व को हर्षोल्लास से मनायें।

इस अवसर पर सभी बिहारवासियों को मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ।

(नीतीश कुमार)

PR No.- 010165 (Home)D. 2024-25



सत्यमेव जयते

राज्यपाल, बिहार
GOVERNOR OF BIHAR

राज भवन
पटना–800022
RAJ BHAVAN
PATNA 800022

संदेश

दुर्गापूजा एवं विजयादशमी के पावन अवसर पर मैं सभी बिहारवासियों व देशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएँ देता हूँ।

विजयादशमी का पर्व बुराई पर अच्छाई और असत्य पर सत्य की जीत का प्रतीक है तथा हमें उच्चादर्शों को धारण करने और शाश्वत जीवन मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। मेरी कामना है कि यह त्योहार राज्य एवं देश में सुख, शांति और समृद्धि लेकर आये तथा सबके जीवन में साहस, संयम और एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार करे। इस पावन अवसर पर मैं प्रार्थना करता हूँ कि हर व्यक्ति राष्ट्र और समाज प्रेम से प्रेरित हो।

मैं आवाहन करता हूँ कि इस त्योहार को आपसी प्रेम, भाईचारा और सद्भावना के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाएँ ताकि हमारी गौरवपूर्ण सांस्कृतिक परम्परा समृद्ध हो सके।

राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर

PR No.-009892(Governor Secretariate) D. 2024-25

## संक्षिप्त खबरें

### ऋतु राज सिन्हा ने पंडाल में माता दुर्गा के प्रतिमा का दर्शन कर किया पूजा

फतुहा। शहर के महारानी चौक मां दुर्गा के प्रतिमा, यादव ग्रुप सहित विभिन्न पूजा पंडालों में बीते बुधवार को भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री ऋतु राज सिन्हा ने माता का दर्शन कर आर्शिवाद लिया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष अरूण कुमार शाह, भाजपा के प्रदेश नेता सतीश राजु, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष रूपेश कुमार सिंह, जिला महामंत्री अरविंद यादव , पूर्व प्रखंड प्रमुख अमरजीत यादव, भाजपा फतुहा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी , मनीषा कुमारी, पिंकी साहु, महामंत्री पुनम कुमारी, नगर मंत्री शैलेश गुप्ता, रविन्द्र कुमार, सत्येंद्र पासवान, कवि तांती, महारानी चौक आयोजक मनोज पासवान, यादव ग्रुप आयोजक शिवू यादव, वार्ड पार्षद संजय तांती, अजीत चंद्रवंशी के साथ दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पटना के ग्रूव टू मूव आर्ट स्टूडियो के डांडिया महोत्सव में मचा धमाल

पटना। ग्रूव टू मूव आर्ट स्टूडियो सह डांस स्टूडियो कंकड़बाग ने डांडिया महोत्सव का आयोजन किया गया। ग्रूव टू मूव आर्ट स्टूडियो के निदेशक निधि गिरी और विशाल कुमार ने कहा कि त्योहार भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग है। गरबा और डांडिया नृत्य हमें हमारी परंपराओं का महत्व और भाइचारे, दोस्ती और एकजुटता के बंधन को बढ़ावा देने के लिए त्योहारों का महत्व सिखाते हैं। गानों पर श्वेता, प्रिया, अंजलि, सृष्टि, प्रियंका,निधि,आनंद, राजू, गोलू, अंश, अर्णव, डुग्गू,याशु एवं राहुल विश्वकर्मा ने खूब धमाल मचाया। गाने - ढोल बाजे... नगाड़ा... और ढोलिडा... पर श्वेता,प्रिया,अंजलि, सृष्टि, प्रियंका ने खूब तालियां बटोरीं। गाने ... गरबे की रात पर श्वेता ने सबका मन मोह लिया। वहीं कार्यक्रम को सफल बनाने में विक्की कुमार ने सहयोग किया।

### शराब की छापेमारी के दौरान मारपीट कर किया जख्मी

दानापुर। थाना क्षेत्र के अंतर्गत जमसौत मुसहरी टोला के रहने वाले राजेन्द्र मांझी के पुत्र राजवंशी के साथ विगत 6 अक्टूबर की सुबह शराब की छापेमारी के दौरान मारपीट कर जख्मी कर देने का मामला सामने आया था। जख्मी व्यक्ती राजवंशी के द्वारा दानापुर एसडीपीओ को पुलिस की कार्य शैली पर सवाल उठाते हुए लिखित शिकायत की मांग की है। वहीं एसडीपीओ दीक्षा भार्गव ने शाहपुर थानाध्यक्ष को घटनास्थल पर भेज जांच करने का आदेश दिया है। एसडीपीओ दीक्षा भार्गव ने बताया कि जमसौत मुशहरी टोला में शराब के लिए पुलिस छापेमारी करती रहती है। लेकिन विगत 6 अक्टूबर की सुबह लगभग 3 बजे के बीच पुलिस की टीम द्वारा वहां के निवासी राजवंशी के साथ मारपीट कर जख्मी कर देने का मामला उन्हे लिखित शिकायत के तौर पर मिली है। इस घटना में शाहपुर पुलिस टीम थी कि उत्पाद विभाग की टीम ये जांच के बाद पता चलेगा। शाहपुर थानाध्यक्ष को जांच कर मामला दर्ज करने का आदेश दिया गया है।

### सांसद रवि शंकर प्रसाद ने पूजा पंडालों में माता दुर्गा के प्रतिमा का दर्शन कर लिया आर्शिवाद

फतुहा। शहर के महारानी चौक मां दुर्गा सहित विभिन्न पूजा पंडालों में गुरुवार को पूर्व केन्द्रीय मंत्री सह पटना साहिब सांसद रविशंकर प्रसाद ने माता का दर्शन कर आर्शिवाद लिया। इस अवसर पर फतुहा विधानसभा के निवर्तमान प्रत्याशी ई. सत्येन्द्र कुमार सिंह, भाजपा जिला मंत्री शोभा देवी, जिला प्रवक्ता छोटु सिंह, भाजपा फतुहा नगर अध्यक्ष श्याम सुंदर केशरी, महामंत्री पुनम कुमारी, भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष अभिषेक झा, फतुहा ग्रामीण दक्षिणी मंडल अध्यक्ष वीर बहादुर सिंह, फतुहा नगर उपाध्यक्ष रंजना पटवा, नगर मंत्री शिवनाथ यादव, कोषाध्यक्ष सूरज कपुर, सुनील वर्मन, दिनेश कुमार चंद्रवंशी, रविन्द्र कुमार, लोजपा जिलाध्यक्ष रंजीत यादव सहित दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

### अंग्रेजी शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

दानापुर खगौल रेलवे स्टेशन के प्लेट फार्म संख्या 1पर फुट प्लाजा से 10 मीटर पश्चिम थैला में शराब ले जा रहे दो युवक को गिरफ्तार किया उसके पास से 6 बोतल सिग्नेचर, 12 बोतल इंपिरियल ब्लू व्हिस्की, 12 पीस माउंटेन ओके व्हिस्की 6 पीस आफ्टर डार्क ब्लू व्हिस्की शराब बरामद किया। पकड़े गये युवक की पहचान सूरज कुमार उम्र 30 वर्ष पिता स्वर्गीय सुमन साहू पता शिक्षा मिल छोटी लाइन थाना फतुहा जिला पटना ,नीतीश कुमार उम्र 22 वर्ष पिता राकेश कुमार पता अखिलेश नगर वार्ड नंबर 61 थाना मेंहदीगंज जिला पटना के रूप में किया गया। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों युवक को पुछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेजने की तैयारी कर रही है

# अगम कुआं में विकास योजनाओं का किया उद्घाटन, राज्य की सुख, शांति व समृद्धि के लिए की कामना

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता





मुख्यमंत्री नीतीश कुमार नवरात्र के महाअष्टमी को भगवती दुर्गा देवी के शरण में पहुंचे। उनके साथ जल संसाधन व संसदीय कार्य मंत्री विजय कुमार चौधरी भी थे। सबसे पहले सीएम अगमकुआं स्थित शीतला माता मंदिर पहुंचे। उन्होंने मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना अंतर्गत विशेष योजना मद से प्राचीन विरासत स्थल मां शीतला मंदिर अगमकुआं परिसर की चहारदीवारी एवं सुविधाओं के विकास कार्य का फीता काट एवं शिलापट्ट का अनावरण कर उद्घाटन किया। इसके बाद वे शीतला माता मंदिर में पूजा-अर्चना की। यहां सुनील पुजारी ने पूजा अर्चना कर उन्हें तिलक लगाया और प्रसाद वह भगवती की चुनरी आशीष के रूप में प्रदान किया। मंदिर परिसर में ही राजीव रंजन ने उन्हें भगवती शीतला माता का एक सुंदर तस्वीर भी भेंट किया। इसके सीएम का कारकेड शक्तिपीठ स्थल श्री बड़ी पटनदेवी पहुंचा। यहां महंत विजय शंकर गिरी ने उनका स्वागत किया इस दौरान विकास गिरी उर्फ भोलू ने सीएम नीतीश व मंत्री विजय कुमार चौधरी से पूजा अर्चना कराया यहां सीएम ने नारियल फोड़ा और प्रसाद चढ़ाएं महंत विजय शंकर गिरी ने उन्हें चुनरी और प्रसाद भेंट किया इस दौरान सीएम ने मंदिर के चल रहे विकास कार्यों के बारे में जानकारी भी ली। बताया जाता है कि महंत श्री गिरी ने सीएम को बताया कि बिहार पुल निर्माण निगम के अभियंताओं के द्वारा मंदिर के ऊपर गुंबद और उसके अगल-बगल के कार्य को कराया जाए। बाकी कार्य जिस अभियंता और ठेकेदार के द्वारा कराया जा रहा है, वह ठीक है। यहां से कम का कारकेड प्रस्थान कर शक्तिपीठ स्थल श्री छोटी पटनदेवी मंदिर पहुंचा। यहां उनका स्वागत जदयू नेता अनंत अरोड़ा, रुचि अरोड़ा, अंजनी पटेल आदि ने किया। यहां मुख्यमंत्री ने पूजा-अर्चना की। पुरोहितों विवेक द्विवेदी व अन्य ने मंत्रोच्चार के साथ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को विधिवत पूजा कराया और आरती करायी। इसके बाद मुख्यमंत्री ने मारूफगंज स्थित श्री बड़ी देवी जी तथा श्री दलहट्टा देवी जी गए। मारुफगंज मैं कम का स्वागत भगवान दास यादव संत प्रसाद गोलवारा घनश्याम शर्मा डॉ राजेश कुमार साधु शरण भदानी ईश्वरलाल अग्रवाल प्रहलाद कुमार यादव और तनु शाह आदि ने किया। यहां उन्हें प्रसाद और भगवती की चुनरी प्रदान की गई। पूजा-अर्चना के दौरान जल संसाधन एवं संसदीय कार्यमंत्री विजय कुमार चौधरी, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी गोपाल सिंह, डीएम डॉ चन्द्रशेखर सिंह, डीआईजी सह एसएसपी राजीव मिश्रा सहित आयोजकगण, अन्य गण्यमान्य व्यक्ति एवं श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

## 16 को होने वाले कौमुदी महोत्सव के पोस्टर का किया सीएम ने लोकार्पण



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने 16 अक्टूबर को शरद पूर्णिमा पर गांधी सरोवर परिसर के दक्षिण में आयोजित होने वाले कौमुदी महोत्सव में आम लोगों को आमंत्रित करने के लिए इस कार्यक्रम का पोस्टर जारी किया। पाटलिपुत्र परिषद के महासचिव संजीव कुमार यादव ने बताया कि परिषद इस महोत्सव का आयोजन राज्य सरकार के कला संस्कृति एवं युवा विभाग तथा जिला प्रशासन के सहयोग से करता है।उन्होंने बताया कि 2018 में पूर्व उप मुख्यमंत्री सुशील कुमार मोदी एवं विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव के सुझाव पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कौमुदी महोत्सव को राजकीय महोत्सव के रूप में मनाने की स्वीकृति दी थी। तब से यह महोत्सव भव्यता के साथ मनाया जाने लगा है। पोस्टर लोकार्पण पर परिषद अध्यक्ष डॉ त्रिलोकी प्रसाद गोलवारा, शिव प्रसाद मोदी, कमल नोपनी, संजीव देवड़ा, गोविंद कानोडिया, प्रकाश सुल्तानिया, आलोक चोपड़ा, संजय रॉय व विजय कुमार मिश्रा भी उपस्थित थे।

## बिहार के व्यापारियों ने जताया रतन टाटा के निधन पर शोक

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। बिहार के 6 लाख व्यापारियों की ओर से कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (उअक्ळ) बिहार चेयरमैन राजेश गुप्ता व प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने रतन टाटा के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। अपनी श्रद्धांजलि में, श्री वर्मा ने रतन टाटा के देश की अर्थव्यवस्था में दिए गए अपार योगदान को सराहा और उन्हें एक ऐसे उद्योगपति के रूप में याद किया, जिन्होंने अद्वितीय नैतिकता और दूरदर्शी नेतृत्व को कायम रखा। रतन टाटा के नेतृत्व में, टाटा समूह एक वैश्विक ब्रांड के रूप में उभरा, जिसने कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व, परोपकार और नैतिक व्यापारिक आचरण पर जोर दिया। श्री गुप्ता ने कहा कि बिहार समेत देश भर के व्यापारी समुदाय रतन टाटा के रोजगार सृजन, उद्यमशीलता के समर्थन और भारत को वैश्विक स्तर पर गर्व दिलाने के प्रयासों की सराहना करते हैं। रतन टाटा की विनम्रता, ईमानदारी और सामाजिक कल्याण के प्रति उनकी अथक प्रतिबद्धता लाखों लोगों, विशेषकर व्यापारी समुदाय, को प्रेरित करती है, जिससे वे उत्कृष्टता की ओर बढ़ते हुए राष्ट्र की प्रगति में योगदान दे सकें। श्री वर्मा ने कहा कि व्यापार समुदाय की ओर से दी गई श्रद्धांजलि रतन टाटा की उस महत्वपूर्ण भूमिका को उजागर करेगी, जिसमें उन्होंने एक ऐसे व्यापारिक वातावरण को बढ़ावा दिया, जो नैतिकता, नवाचार और सामाजिक कल्याण पर आधारित हो, और यह भारत के व्यापारियों की आकांक्षाओं से मेल खाता हो।

## अब भारत से बाहर सामान भेजने और प्राप्त करने की सुविधाएँ पटना मे मिलेंगी

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। सीमा शुल्क, आयुक्तालय पटना के आयुक्त डा यशोवर्धन पाठक के द्वारा अधिसूचना संख्या 03/2024 के द्वारा जीपीओ पटना के प्रांगण में Foreign Post Office (FPO) खुलने की अधिसूचना को जारी किया गया। जिसके तहत मुख्य पोस्ट मास्टर, जी पी ओ, पटना के कार्यालय प्रांगन को निर्यात माल की लोडिंग एवं अयातित माल उतारने हेतु Foreign Post Office (FPO)घोषित किया गया है। जिससे बिहार की राजधानी पटना देश के उन गिने चुने स्थानों में शामिल हो गयी है जहाँ विदेशी पोस्ट ऑफिस के जरिये आपको भारत से बाहर सामान भेजने और प्राप्त करने की सुविधाएँ मिलनी शुरू हो जाएँगी। Foreign Post Office (FPO) के खुलने से बिहारवासियों के लिए भी अंतरराष्ट्रीय व्यापार एवं पार्सल भेजना सरल एवं सुगम बन जाएगा। अब पटना (FPO) से माल को सीमा शुल्क की जांच एवं अन्य जरुरी करवाई के उपरांत सीधे विदेश के लिए बुक किया जा सकेगा। माननीय आयुक्त महोदय ने बताया कि इससे पहले कस्टम क्लीयरेंस के सुविधा न होने के कारण माल को कलकत्ता के जरिये विदेश भेजना पड़ता था। लेकिन अब स्थानीय स्तर पर यह सुविधा होने से लागत में कमी के साथ साथ समय की भी बचत होगी जिससे छोटे और मझौले व्यापारियों (टरटए) को भी बहुत लाभ होगा। वैध आयात-निर्यात कोड रखने वाले किसी भी निर्यातक को डाक द्वारा निर्यात विनियम 2018ह्व के तहत निर्धारित फॉर्म में निर्यात का डाक बिल (पीबीई) दाखिल करके माल निर्यात करने की अनुमति दी जाएगी।

## विधानसभा अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने किया होटल का शुभारंभ

प्रात :किरण संवाददाता



पटना। राजधानी के कुम्हार पार्क के पास होटल स्टार ग्लोराइस का शुभारंभ बिहार विधानसभा के अध्यक्ष नंदकिशोर यादव ने किया। इस मौके पर होटल के प्रोपराइटर सुनील कुमार और अमित कुमार ने नंदकिशोर यादव का फूलों का गुलदस्ता देकर स्वागत किया। प्रो. सुनील कुमार ने बताया कि इस होटल में मिठाई, स्नैक्स काफी कम कीमत में उपलब्ध है। हमने हाईजीन और क्वालिटी पर पूरा ध्यान दिया है। उन्होंने कहा कि पटना में पहला आउटलेट है। उक्त होटल में पांच एसी रूम भी उपलब्ध हैं। उन्होंने बताया कि छात्रों को ध्यान में रखते हुए डेढ़ से दो सौ तक में वेज और नॉनवेज खाने की भी व्यवस्था की गई है। साथ ही 4 किलोमीटर की परिधि में 500 रूपए के आर्डर पर होम डिलीवरी की भी सुविधा उपलब्ध है। आगे कहा कि होटल में बैंकवेट हॉल और बर्थडे सेलिब्रेशन करने के लिए हॉल उपलब्ध है, जिसमें 200 लोगों की क्षमता है। इस मौके पर होटल के तमाम कर्मचारी मौजूद थे।

## भद्र घाट पर बन रहा तीन सौ फीट लंबा में कृत्रिम तालाब

### अजीमाबाद अंचल के अभियंताओं ने लिया जायजा, सात फीट गहराई पर बेरिकेडिंग



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

शारदीय नवरात्र पर भगवती दुर्गा देवी की पूजा-अर्चना का दौर अंतिम चरण में है। शनिवार से प्रतिमाओं का विसर्जन का दौर शुरू हो जाएगा, जो सोमवार की सुबह तक चलने की संभावना है। वहीं सबसे अधिक प्रतिमाओं का विसर्जन भद्र घाट पर किया जाता है। हालांकि प्रशासन के द्वारा इस बार लॉ कॉलेज घाट, गायघाट, कंगन, पीरदमरिया घाट एवं अन्य घाटों पर भी की कृत्रिम तालाब बना कर विसर्जन की तैयारी की गई है। मगर वहां नहीं के बराबर प्रतिमाओं का विसर्जन होता है। गुरुवार को पटना नगर निगम अजीमाबाद प्रमंडल के अभियंताओं की टीम भद्र घाट पहुंची। इसमें सहायक अभियंता भूषण कुमार और कनीय अभियंता सुबोध कुमार के साथ अन्य कर्मी शामिल थे। वहीं मां गंगा सेवा समिति, भद्रघाट के मिथिलेश कुमार भी मौजूद थे। बातचीत के दौरान अभियंताओं ने बताया कि वह सब फिलहाल घाट और पानी की गहराई का जायजा लेने आए हैं। गंगा नदी का जलस्तर लगातार काम होता जा रहा है। फिलहाल उन सबों ने इस बार पूरब से पश्चिम में लंबाई करीब तीन सौ फीट के आसपास रख रहे हैं। वहीं बेरिकेटिंग सात फीट गहराई पर किया जाएगा। दरअसल इसके पीछे कारण यह है कि दो दिनों में पानी का जलस्तर कुछ घटेगा। इससे प्रतिमाओं के विसर्जन करने में लोगों को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। फिलहाल पानी के घटने से जो मिट्टी निकल रही है, वह इतना जल्दी धूप से सुख नहीं पाएगी। ऐसे में दलकी का होना स्वाभाविक है। इस दलकी से बचने के लिए कोशिश की जाएगी कि वहां पर पुआल दिया जाए, ताकि लोग फिसलने से गिर नहीं पाएं। बेरिकेडिंग का काम शुक्रवार से शुरू कर दिया जाएगा।

### जगत जननी माँ दुर्गा नारी शक्ति का स्वरूप : मंहत ब्रजेश मुनि

पटना। कबीर साईं मंदिर मीठापुर में नवरात्रि के पर्व में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आश्रम के महंत ब्रजेश मुनि महाराज ने नवरात्रि का महत्व समझाते हुए कहा कि जगत जननी माँ दुर्गा नारी शक्ति का स्वरूप हैं। महिषासुर मर्दिनी माँ दुर्गा ने महिषासुर का वध कर पूरे संसार को नारी शक्ति का यह संदेश दिया था, कि जो नारी- नर को इतना कष्ट सह कर जन्म दे सकती है, जरूरत पड़ने पर उसके अत्याचारों का विरोध भी कर सकती है और उसका सम्पूर्ण नाश भी कर सकती है। इस देश में माँ दुर्गा के विभिन्न रूपों की पूजा की जाती है। अगर हम माँ दुर्गा की मूर्तियों और तस्वीरों पर गौर करें तो हम देखते हैं, कि इन मूर्तियों में माता अलग-अलग वाहन पर विराजमान हैं। विभिन्न देव-देवियों के वाहन का अपना अपना-अलग अर्थ होता है। ये वाहन न केवल देव-देवियों की सवारी होते हैं, बल्कि ये वाहन गहन मूल्यों के संकेतात्मक प्रतीक भी होते हैं।

## तत्कालीन जत्थेदार के पायजामा पहन दरबार साहिब में जाने पर क्लीन चिट

### फिर भी पांच प्यारों ने श्री अकाल तख्त साहिब को भेजे पत्र में किया जिक्र

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता



तख्तश्री हरिमंदिर जी पटना साहिब में तत्कालीन जत्थेदार ज्ञानी रणजीत सिंह गौहर-ए-मस्कीन और तख्तश्री कमेटी के महासचिव इंद्रजीत सिंह को कमेटी पदाधिकारी व कुछ लोगों के द्वारा लगातार निशाना बनाया जा रहा है। स्थिति यह है कि ज्ञानी रणजीत सिंह जब तख्तश्री पटना साहिब के जत्थेदार थे, तो वह एक दिन भूलवश पायजामा पहन कर दरबार साहिब में चले गए थे। जब उनका ध्यान इस ओर दिलाया गया, तो उन्होंने इसका प्रायश्चित किया। साथ ही दशमेश पिता से जाने-अनजाने में हुई भूल के लिए माफी भी मांगी। यही नहीं, यह भूल होने के बाद उस समय सिंह साहिबान पंज प्यारों में शामिल मुख्य ग्रंथी भाई राजेंद्र सिंह (अब स्व), भाई बलदेव सिंह, भाई दिलीप सिंह व भाई गुरदयाल सिंह ने आपस में मंत्रणा कर निर्णय लिया कि जाने-अनजाने में ज्ञानी रणजीत सिंह से यह भूल हुई है। इसके लिए उन्होंने गुरु महाराज से क्षमा याचना की है। साथ ही उन्होंने कड़ाह प्रसाद का भोग भी लगवाया है और धार्मिक नियमानुसार उन्होंने इसका प्रायश्चित भी किया है। इसलिए जो लोग इस संबंध में विवाद पैदा कर रहे हैं, वह गलत है और इस पूरे घटनाक्रम को यहां के सिंह साहिबान पंज प्यारे समाप्त करते हैं। इसके बाद भी सितंबर, 24 के अंतिम सप्ताह में सिंह साहिबानों की हुई बैठक में श्री अकाल तख्त साहिब के जत्थेदार ज्ञानी रघुवीर सिंह को पत्र भेजा गया है। इसमें श्री मस्कीन के मामले पर विचार नहीं करने का आग्रह किया गया है। भेजे गए उस पत्र में उनके पायजामा पहन कर दरबार साहिब में जाने का भी जिक्र किया गया है। हालांकि उस समय घटित घटना और सिंह साहिबानों में ज्ञानी बलदेव सिंह, ज्ञानी दिलीप सिंह और ज्ञानी गुरदयाल सिंह भी वर्तमान में और उस वक्त भी शामिल रहे हैं।

## एम्स पटना में मनाया गया विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस




● कार्यस्थल पर स्वस्थ वातावरण मानसिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है : डॉ (प्रो.) जीके पाल, निदेशक

प्रात :किरण संवाददाता

पटना। विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस, जो विश्व स्तर पर हर साल 10 अक्टूबर को मनाया जाता है। इसका विषय वर्ष 2024 ह्लकार्यस्थल पर मानसिक स्वास्थ्य को प्राथमिकता देने का समय हैह्व। इस मौके पर एम्स, पटना में डॉ. मनोचिकित्सा विभाग और सामुदायिक एवं पारिवारिक चिकित्सा विभाग ने मानसिक स्वास्थ्य का आयोजन किया जागरूकता गतिविधि. ह्लमानसिक स्वास्थ्य एवं कार्यस्थल पर खुशहालीह्व विषय पर एक संगोष्ठी भी आयोजित की गई संचालित। मुख्य अतिथि के रूप में एम्स पटना के कार्यकारी निदेशक एवं सीईओ प्रोफेसर (डॉ.) जीके पाल ने कार्यस्थल पर कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कार्यस्थल से संबंधित तनाव तेजी से बढ़ रहा है, जिससे कई प्रकार की मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य समस्याएं पैदा हो रही हैं। उन्होंने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि कार्यस्थल पर स्वस्थ वातावरण मानसिक स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने आगे कहा कि एम्स जैसे संस्थान के लिए मानसिक स्वास्थ्य अनुसंधान प्राथमिकता होनी चाहिए। इस संबंध में, उन्होंने घोषणा की कि समाज में मानसिक बीमारी के बोझ की भयावहता को समझने के लिए, वर्तमान में राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण भाग दो (एनएमएचएस -2) चल रहा है, जिसे स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा वित्त पोषित किया जाता है। ठक्टलअठर, बेंगलुरु का मार्गदर्शन। बिहार राज्य में एम्स, पटना से समुदाय आधारित मानसिक स्वास्थ्य सर्वेक्षण शुरू कर रहा है। संगोष्ठी में, मनोचिकित्सा विभाग के संकायों ने मानसिक स्वास्थ्य और कल्याण को प्रभावित करने वाले कार्यस्थल संबंधी कारकों के साथ-साथ संगठन स्तर पर इसे सुधारने की रणनीतियों पर विचार-विमर्श किया। जन जागरूकता के तहत ओपीडी परिसर में ह्लनुक्कड़ नाटकह्व भी आयोजित किया गया।

## क्षेत्र की सुख, शांति एवं समृद्धि के लिए आदि शक्ति मॉ भगवती की पूजा अर्चना की

प्रात :किरण संवाददाता



बिक्रम :- गोपाल विद्यार्थी जगवंदन सेवा संस्थान के चेयरमैन सह समाजसेवी अख्तियारपुर पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि साकेत सिंह ने नवरात्रि की महाअष्टमी पर गुरुवार को अख्तियारपुर मुसहरि के नवयुवक संघ द्वारा निर्मित पंडाल पहुँचे। समाजसेवी साकेत सिंह ने मां भगवती की प्रतिमा अनावरण किया व माता की पूजा अर्चना की। पुरोहितों ने मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा करायी। पूजा अर्चना कर उन्होंने क्षेत्र वासियों सुख शांति व समृद्धि की कामना की` बता दें कि स्थानीय मुसहरी के नवयुवक बच्चों के द्वारा हर वर्ष अपने मेहनत की बदौलत दुर्गा पूजा पंडाल का निर्माण किया जाता है । इस वर्ष भी अपने कारीगरी द्वारा बांस, बीट और कपड़ों के इस्तेमाल कर मंदिर का प्रारूप दिया है। माँ की प्रतिमा का निर्माण भी अपने समुदाय से बनवाया है, इन सभी के मां दुर्गा के प्रति लगन से प्रभावित होकर जगवंदन सेवा संस्थान के चेयरमैन सह समाजसेवी साकेत सिंह हर वर्ष इनके पूजा पंडाल में स्थापित मूर्ति का अनावरण कर इनके हौसला अफजाई करतें हैं।

## सेवा शिविर लगाकर श्रद्धालुओं की कर रहे सेवा

पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

श्री गांधी स्मारक पूजा समिति बावली मोड़ और चौक पर मारवाड़ी सेवा समिति के द्वारा सेवा शिविर लगाया गया। बावली मोड़ पर शिविर का उद्घाटन डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार, ऑक्सीजन ट्रामा सेंटर अस्पतालके डायरेक्टर डॉ प्रवीण कुमार, संस्था के अध्यक्ष सह पूर्व पार्षद बलराम चौधरी, खाजेकलां थाना प्रभारी प्रभात रंजन सक्सेना, समाजसेवी मोहम्मद जावे,द संजय अलबेला, कांग्रेस नेता फिरोज हसन, शरीफ अहमद रंगरेज, बलिराम विश्वकर्मा आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। डीएसपी ने कहा कि पटना में दुगार्पूजा में लोग उत्साह से मनाते हैं। यहां ज्यादातर लोग बिहार सहित अन्य राज्यों से श्रद्धालु परिवार के साथ घूमने आते हैं। उस भीड़ में लोग परिवार से बिछड़ जाते हैं या स्वास्थ्य से संबंधित की किसी प्रकार की समस्या होती है, तो उस समय इस तरह के शिविर से उन सबों को लाभ मिलता है। इस दौरान विक्की अवस्थी, पप्पू गुप्ता, कन्हाई चौधरी, मनोज मेहता, कुणाल मंजुल, भूषण माली, कुंदन माली, देवेंद्र राय, राजेश खत्री आदि को अंग वस्त्र लेकर सम्मानित किया गया। चौक पर मारवाड़ी सेवा समिति द्वारा दशहरा सेवा शिविर का उद्घाटन डीएसपी -2 डॉ गौरव कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर प्रायोजक अमर प्रतीक, विशिष्ट अतिथि चौक थानाध्यक्ष शशि राणा उपस्थित थे। अध्यक्षता अध्यक्ष संजीव देवड़ा ने किया। इस दौरान नवयुवक विकास सेवा समिति के अध्यक्ष प्रभात जायसवाल, सचिव राजकुमार गोयनका, सुभाष पोद्दार, राजेश देवड़ा, अनूप पोद्दार, पप्पू कमलिया आदि उपस्थित थे। हाजीगंज मोड़ पर भी शांति समिति के सदस्यों विनय कुमार बिट्टू, ओमप्रकाश पासवान, शशिकांत शुक्ला, प्रफुल्ल पांडेय आदि के द्वारा शिविर लगाया गया।

## मंदिरों वह पूजा पंडालों में भगवती के दर्शन-पूजन को जुटे भक्त



पटना सिटी, प्रात :किरण संवाददाता

शारदीय नवरात्रि में भक्तों की भीड़ महागौरी की उपासना के साथ शक्तिपीठ मंदिरों, देवी मंदिरों और पूजा पंडालों में जुट रही है। देवी के आठवें स्वरूप महागौरी की उपासना व महाअष्टमी व्रत का अनुष्ठान लोगों ने आज भी किया और शुक्रवार को भी करेंगे। शुक्रवार को ही देवी के नवम स्वरूप सिद्धिदात्रि की उपासना होगी। श्री दुर्गा सप्तशती के पाठ की समाप्ति के बाद हवाना दी होगा इसके बाद कुंवारी पूजन के साथ ही नवरात्र का अनुष्ठान पूरा हो जाएगा। शनिवार की सुबह कलश का विसर्जन होगा जबकि दोपहर से भगवती दुर्गा देवी की प्रतिमाओं के विसर्जन का दौर शुरू होगा जो सोमवार कि अल सुबह तक जारी रहने की संभावना है। श्रीबड़ी देवी जी मारुफगंज में अध्यक्ष संत कुमार गोलवारा व सचिव अतानू साहा की उपस्थिति में दुर्गा देवी का कल्पारंभ के साथ शुक्रवार को संधि पूजा होगी। दलहट्टा श्री बड़ी देवी जी, नंदगोला, सिमली, श्री बड़ी देवी जी में भी संधि पूजा का अनुष्ठान होगा। शक्तिपीठ बड़ी पटनदेवी में महंत विजय शंकर गिरी व भोलू गिरि, सिद्धपीठ छोटी पटनदेवी में अनंत अभिषेक द्विवेदी व विवेक द्विवेदी की देखरेख में, अगमकुआं शीतला माता मंदिर में पुजारी जयप्रकाश पुजारी, अमरनाथ बबलू, मनोज श्री माली उर्फ छोटू पुजारी, पंकज पुजारी व सुनील पुजारी, बड़ी देवी जी महाराजगंज, खाजेकलां नीम घाट के प्राचीन काली मंदिर में मुन्ना बाबा और दीरापर स्थित श्मशानी काली मंदिर में आचार्य शशिकांत शुक्ला की देखरेख में निशा पूजा का अनुष्ठान मध्य रात को हुआ। दूसरी ओर खाजेकलां बड़ी देवी जी, टेढ़ी घाट, तारणी प्रसाद लेन स्थित मुक्तेश्वरनाथ देवी मंदिर, नया गांव पूजा समिति, चैलीटाल मनोरंजन पूजा समिति, बंगाली समुदाय की ओर से गायघाट स्थित सांस्कृतिक परिषद गुलजारबाग, गुरहट्टा, कमांडर गली , कसेरा टोली, मच्छरहट्टा गली, हाजीगंज, दालहट्टा, नंदगोला, सिमली, कुम्हरार, मीना बाजार, समेत पादरी की हवेली के सोनार टोली में श्री चांदी की देवी जी के दर्शनार्थ भक्तों की भीड़ उमड़ी। अन्य पूजा पंडालों व पूजा स्थल पर भी अर्चना हुई। देवी मंदिरों में भक्तों ने दर्शन पूजन के लिए जुटी थी। सबसे अधिक भीड़ बड़ी पटनदेवी, छोटी पटनदेवी व अगमकुआं शीतला माता मंदिर में जुटी थी।

# आपसी सौहार्द शान्तिपूर्वक माहौल में मनायें पर्व त्योहार : अनुमंडल प्रशासन

## विधि व्यवस्था भंग करने वालो की चिन्हित कर होगी कर्रवाई

प्रात : किरण संवाददाता



मधुबनी जयनगर गुरुवार को एसडीएम वीरेंद्र कुमार डीएसपी विप्लव कुमार के नेतृत्व में स्थानीय प्रशासन एवं बड़ी संख्या में पुलिस बल और एसएसबी जवानो के साथ दुर्गा पूजा मेला सांस्कृतिक कार्यक्रम धार्मिक अनुष्ठान प्रतिमा विसर्जन समेत आगामी पर्व त्योहार के मद्देनजर थाना क्षेत्र शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में फ्लैग मार्च निकाला गया। एसडीएम वीरेंद्र कुमार व डीएसपी विप्लव कुमार ने सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी लोग आपसी सौहार्द माहौल में शांतिपूर्वक दिए गये निर्देश के तहत पर्व त्योहार मनाने और विधिव्यवस्था बनाये रखने में सभी से सहयोग की अपील की गई ।दुर्गा पूजा को लेकर शांति समिति के साथ बैठक कर और पूजा पंडालो मंदिरो का भर्मण कर आयोजन समिति आम जनो के साथ भी बैठक कर विस्तृत जानकारी लेते हुए कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये है। वीडियोग्राफी कराई जाएगी, डीजे और भड़काऊ गीत संगीत नारा आपत्ति जनक पोस्ट का प्रयोग नही करने समेत कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। समिति के द्वारा भी प्रशासन को सहयोग करने की बात कही गई। मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती रहेगी। मध निषेध कानून का पालन करने किसी प्रकार का नशा न करने ।अफवाह पर ध्यान नही देने। असमाजिक तत्वों उपद्रवियो पर पैनी नजर रहेगी । उपद्रव और विधिव्यवस्था भंग करने वालो पर चिन्हित कर करवाई की जाएगी।सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है आप अपनी सुरक्षा के लिए हेलमेट का उपयोग अवश्य करे।यातायात के नियमो निदेशों का पालन करे अपील व निर्देश का पालन नही करने अफवाह फैलाने वालो पर सख्ती से कानूनी करवाई की जायेगी। पर्व त्योहार को ले प्रशासन पूरी तरह एलर्ट है।प्रशासन की टीम गस्त लगाती रहेगी। पर्व त्योहार में व्यवधान डालने और नियमो निर्देश का पालन नहीं करने पर सख्ती से करवाई की जाएगी। सादे लिवास में भी प्रशासन रहेगे। अफवाह फैलाने सोशल मीडिया पर आपत्ति जनक पोस्ट करने वालो पर चिन्हित कर करवाई होगी ।आम लोगो से यह भी अपील की गई है कि क्षेत्र लगे सीसीटीवी चालू रखेगे। शांति पूर्वक पर्व त्योहार मानने और विधिव्यवस्था बनाये रखना हम सभी की जिम्मेवारी और कर्त्तव्य भी है सभी से विधिव्यवस्था बनाये रखने को ले सहयोग की अपील की गई है।मौके पर एसडीएम वीरेंद्र कुमार डीएसपी विपल्व कुमार , प्रशिक्षु डीएसपी सह थाना अध्यक्ष अंकुर कुमार, बीडीओ राजीव रंजन कुमार, सीओ कुमारी सुजाता समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल और एसएसबी के जवान फ्लैग मार्च में शामिल थे।

## संक्षिप्त खबरें

### जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस का धनबाद मंडल के मैकलुस्कीगंज स्टेशन पर ठहराव

हाजीपुरः यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर गाड़ी सं. 11147/11148 जबलपुर-हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस का धनबाद मंडल के मैकलुस्कीगंज स्टेशन पर दिनांक 12.10.2024 से 02 मिनट का ठहराव प्रदान किया गया है । दिनांक 12.10.2024 से गाड़ी सं. 11147 जबलपुर-हावड़ा शक्तिपुंज एक्सप्रेस 11.41 बजे मैकलुस्कीगंज पहुंचेगी और 11.43 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी ।इसी तरह गाड़ी सं. 11148 हावड़ा-जबलपुर शक्तिपुंज एक्सप्रेस 22.17 बजे मैकलुस्कीगंज पहुंचेगी और 22.19 बजे आगे के लिए प्रस्थान करेगी।

### मंडल कारा में मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम सह बंदी दरबार का आयोजन कर डीएम ने प्रशिक्षण प्रमाण पत्र दिया

मुंगेर। मंडल कारा मुंगेर में बुधवार को जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह की अध्यक्षता में यूको आर सेटी की तरफ से मशरूम उत्पादन प्रशिक्षण कार्यक्रम सह बंदी दरबार का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर जेल कारा अधीक्षक सहित अन्य बंदी उपस्थित थे। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि आज के प्रशिक्षण में जेल में बंद 35 बंदियों के बीच प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। इस प्रशिक्षण के माध्यम से बंदियों को मशरूम उत्पादन की जानकारी दी जाएगी, ताकि सभी बंदी अपराध की दुनिया से खुद से हटाकर समाज की मुख्य धारा से जुड़ सके और अपने तथा अपने परिवार के भविष्य को बना सकें। प्रशिक्षण प्राप्त सभी बंदी को प्रमाण पत्र वितरित किया जाएगा जिसका उन्हें आगे लाभ मिल सकेगा। उन्होंने सभी बंदी की शिकायतें भी सुनी तथा उसके निराकरण का आश्वासन दिया। जिलाधिकारी ने कहा कि आप सभी अपराध की दुनिया से खुद को बदलें और समाज के मुख्य धारा से जुड़े। अपने तथा अपने परिवार की एक अलग पहचान बनाएं और अपने बच्चों को अवश्य शिक्षित बनाएं। उन्होंने कहा कि जेल में बंद एक बंदी के द्वारा 12वीं कक्षा का इम्तिहान दिया गया था जिसमें वह उत्तीर्ण हुए हैं, उत्तीर्ण बंदी को भी प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

# पुलिस ने एक अधेड़ मजदूर का शव किया बरामद



प्रात : किरण संवाददाता

कल्याणपुर, कल्याणपुर थाना क्षेत्र के रामपुरा गांव के बिजली ऑफिस के समीप एक धान के खेत से पुलिस ने होटल में काम कर रहे 50 वर्षीय मजदूर का शव बरामद किया है। लोगों के मुताबिक मृतक की पहचान जटमलपूर तीरा गांव निवासी ध्यानी महतो के 50 वर्षीय पुत्र घनश्याम महतो के रूप में हुई है। लोगों का बताना है कि बुधवार की सुबह वह अपनी बेटी के यहां कल्याणपुर गांव स्थिति शोभित महतो के यहां बुधवार की दोपहर में गया था। शाम में वह खाना खाने के बाद होटल में काम करने की बात कह कर बेटी के घर से चला था। वहीं बेटी ने काम पर जाने से मना कर दिया। चार सौ रुपए का सवाल कहकर बेटी के घर से निकल दिया।गुरुवार की सुबह बिजली ऑफिस के नजदीक धान के खेत से शव बरामद होने की जानकारी मिलते ही लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। वहीं घटना की जानकारी मिलती ही कल्याणपुर पुलिस भी मौके पर पहुंची और तहकीकात में जुट गई है। वहीं मृतक उजाला रंग का शर्ट पैंट पहने हुए था और उसके शर्ट पर खून भी लगा हुआ था। वहीं मृतक के गले पर चाकू का भी निशान पाया गया है। पैंट के पाकेट में सात से आठ हजार रुपए था। वहीं दाहिने गले में कटे का चिन्ह और गले में रस्सी का दाग लगा हुआ था। वहीं पुलिस ने मृतक के शव को जप्त कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर भेज दिया। वहीं प्रशिक्षु डीएसपी व थाना अध्यक्ष विकास केशव ने बताया कि मृतक के परिजन के द्वारा आवेदन देने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। घटनास्थल पर एफएसएल की टीम पहुंचकर निशान लगा दिया है।

# सच्चे मन से मां दुर्गा की आराधना करने से होती है मनोवांछित फल की प्राप्ति : जितेंद्र चौधरी



● सनातन की जय और सभी प्राणियों के कल्याण के उद्देश्य से कलश स्थापना कर मां दुर्गा की आराधना कर रहे हैं जितेंद्र चौधरी

समस्तीपुर, प्रात : किरण संवाददाता

समस्तीपुर जिले के प्रख्यात समाजसेवी व राष्ट्रीय ब्राह्मण महासंघ के जिलाध्यक्ष जितेंद्र चौधरी भमरुपुर स्थित अपने आवास पर अन्य वर्षो की भांति इस वर्ष भी शारदीय नवरात्र में कलश स्थापित कर मां दुर्गा की भक्ति में लीन हैं। उनके साथ उनके पुत्र निखिल राज चौधरी और नैतिक राज चौधरी भी पूरे भक्ति भाव के साथ मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर रहे हैं। वही इस संबंध में पूछने पर जितेंद्र चौधरी ने बताया कि नवरात्र में मां दुर्गा की भक्ति में अपार शक्ति निहित है। नवरात्र में जो भक्त सच्चे मन से दुर्गा पाठ कर मां की आराधना करता है, उसे मनोवांछित फल की प्राप्ति होती है। उन्होंने कहा कि समस्त जग में सनातन की जय और सभी प्राणियों के कल्याण के उद्देश्य से मां दुर्गा की कलश स्थापना कर वह समूचे भारतवासियों की सुख समृद्धि की कामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में नवरात्रि के दौरान कलश स्थापना का विशेष महत्व है कलश को देवी की शक्ति का प्रतीक माना जाता है और इसकी स्थापना शुभता, समृद्धि और पवित्रता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि वह मां दुर्गा से यही कामना करते हैं कि उजियारपुर विधानसभा क्षेत्र की जनता के साथ-साथ सभी लोगों को सुख, समृद्धि प्रदान कर मां दुर्गा उन्हें स्वस्थ व निरोग रखेंगी। इस दौरान पंडित मुरलीधर पाठक व रमेश कुमार पांडे सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# दुर्गापूजा को लेकर जिला नियंत्रण कक्ष पल-पल की गतिविधियो पर नजर बनाए हुए है



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी सम्पूर्ण जिले में शांतिपूर्ण एवं उल्लासपूर्ण वातावरण में दुगार्पूजा पर्व मनाया जा रहा है। जिले के महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील 452 स्थानों पर 904 दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी पूरी तरह से मुस्तैद है।जिला नियंत्रण कक्ष पल-पल की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है। किसी भी स्थिति से निपटने को लेकर जिला नियंत्रण कक्ष मे वज्रवाहन अग्निशमन मेडिकल टीम के साथ एम्बुलेस एवं पर्याप्त संख्या मे पुलिस बल की तैनाती की गई है। क्विक रिस्पॉन्स टीम सभी प्रकार की स्थितियों से निपटने हेतु तैयार है। स्वयं डीएम अरविन्द कुमार वर्मा एवं पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार पल-पल की गतिविधियों पर नजर रख रहे है। वरीय अधिकारी क्षेत्र भ्रमण कर विधिव्यवस्था का संधारण कर रहे है,साथ ही प्रतिनियुक्त दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की उपस्थिति का भी जायजा ले रहे है।सूचना एवं जनसम्पर्क की सोशल मीडिया टीम एवं जिला साइबर सेल 24 घण्टे सोशल मीडिया पर नजर रख रही है।सजग रहे, सतर्क रहे,साथ ही किसी भी प्रकार के अफवाहों से दूर रहे। किसी भी प्रकार की सूचना या सहायता के लिए जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबर 06276-224425 पर सम्पर्क करें।

# देवधा थाना पुलिस ने चार मोटरसाइकिल समेत शराब के साथ दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया



प्रात : किरण संवाददाता

मधुबनी देवधा थाना पुलिस के द्वारा चार मोटरसाइकिल पर लदे भारी में शराब के की खेप के से दो धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया । शराब मामले में पुलिस के द्वारा की गई कार्रवाई को लेकर देवधा थाना अध्यक्ष प्रीति भारती के द्वारा दी गई जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र में दिवा गस्ती के दौरान थाना क्षेत्र के पीठवा टोल गांव स्थित पीठवा टोल इनरवा नहर कृषि फार्म के समीप से चार मोटरसाइकिल पर लदे भारी मात्रा में शराब की खेप साथ मामले में दो धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया।बरामद शराब और मोटरसाइकिल को जब्त करते हुए मामले में गिरफ्तार आरोपियों को आगे की कार्रवाई हेतू थाना लाया गया। जब्त शराब में 17 बोरियों में 1890 बोतल कुल 567 लीटर शराब और चार मोटरसाइकिल है। मामले में गिरफ्तार आरोपियों में दरभंगा जिला के सदर थाना क्षेत्र के गंगवाड़ा निवासी सूरज यादव और जयनगर थाना क्षेत्र के कुआढ़ निवासी विजय कुमार दास बताया जाता है। मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार आरोपियो को न्यायिक हिरासत में भेजा जाएगा।

# दुर्गा पूजा के दौरान भीड़ प्रबंधन हेतु उठाए गए कई कदम



प्रात : किरण संवाददाता

हाजीपुर । दुर्गा पूजा के दौरान कई स्थानों पर स्टेशन परिसरों के समीप एवं रेलवे लाईन के आस-पास पूजा पंडाल बनाये गये हैं । इन पूजा पंडालों के पास होने वाली भीड़ को देखते हुए रेलवे द्वारा इन स्थानों पर लोगों की सुरक्षा एवं उन्हें समुचित रूप से निर्देशित करने हेतु अतिरिक्त रेलवे सुरक्षा बलों की तैनाती की गयी है। रेलवे लोगों से अपील करती है कि दुर्गा पूजा खुशीपूर्वक मनाएं एवं रेलवे के सुरक्षित एवं निर्बाध परिचालन में सहयोग करें । रेलवे लाईन से सुरक्षित दूरी पर रह कर ही पूजा का आनंद लें, विशेषकर बच्चों एवं बुजुर्गों का ध्यान रखें । रेलवे लाईन पार करने हेतु समपार फाटकों का ही उपयोग करें । रेलवे सुरक्षा बल द्वारा पूजा स्थल पर जाकर ग्रामीणों एवं पूजा समितियों से समन्वय स्थापित भी किया जा रहा है। साथ ही यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए यात्री सुरक्षा में किसी प्रकार की चूक न हो इसके लिए स्टेशनों पर रेल सुरक्षा बल निरंतर चौकसी बरत रहे हैं तथा अतिरिक्त सतर्कता बरतते हुए कुछ स्टेशनों पर डॉग स्क्वायड के साथ रेल सुरक्षा बल की तैनाती की जा रही है । यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को देखते हुए स्टेशनों पर ट्रेन के आवागमन की जानकारी सहज उपलब्ध हो सके इसके लिए स्टेशनों पर निरंतर उद्घोषणा की जा रही है । असमाजिक तत्वों तथा भीड़ नियंत्रण पर काबू करने हेतु यात्री सुरक्षा को देखते हुए मुख्य स्टेशनों पर सी0सी0टी0वी0 कैमरे से रेल सुरक्षा बलों द्वारा चौबीसों घंटे गहन निगरानी की जा रही है । नशाखुरानी की घटनाएं ना हो, इसक लिए ट्रेनों की निगरानी की जा रही है और ऐसे मामलों पर नियंत्रण के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है । महिला यात्रियों की सुरक्षा एवं मदद हेतु ट्रेनों एवं प्रमुख स्टेशनों पर आरपीएफ की अतिरिक्त महिला कांस्टेबलों की टीम ह्यह्यमेरी सहेलीह्यह्य की तैनाती की जा रही है।

# महागौरी की पूजा करने से सभी पापों से मुक्ति मिलती है : पप्पू सिंह

प्रात : किरण संवाददाता



अलीनगर (दरभंगा)। शारदीय नवरात्रि के शुभ अवसर पर बुधवार को दुर्गा मां के नौ स्वरूप में से एक अष्टगौरी की पूजन की जा रही है, जो पूरे हर्षो उल्लास के साथ चारों तरफ हो रहा हैं। इस मौके पर किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह अलीनगर विधानसभा अंतर्गत बुढेव इनायतपुर के अष्टभुजी महिषासुरमर्दनी मंदिर के प्रांगण में आयोजित दुर्गा पूजा उत्सव में शामिल होकर मैया का पूजा अर्चना कर समस्त जनकल्याण हेतु मैया से कामना किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि नवरात्रि की अष्टमी तिथि का विशेष महत्व होता है। इस दिन महागौरी की पूजन विधि विधान एवं मंत्रोउच्चारण के साथ किया जाता हैं। इस दिन लोग कन्या पूजन भी करते हैं। मां महागौरी का रंग अंत्यत गोरा है। इनकी चार भुजाएं हैं और मां बैल की सवारी करती हैं। मां का स्वभाव शांत है। मां महागौरी की पूजा करने से सभी पापों से मुक्ति मिलती है। इस उन्होंने आगे कहा कि यहां हर वर्ष से दुगार्पूजा का आयोजन कमिटी के द्वारा श्रद्धा भाव एवं धूमधाम से किया जाता हैं। जिलाध्यक्ष ने मां दुर्गा से सभी के जीवन में सुख शांति और खुशहाली जीवन की कामना किए एवं सभी के मनोकामना पूर्ण होने की प्रार्थना की। इस मौके पर विकास प्रसाद, पूर्व मुखिया सुधीर ईश्वर, रजत कुमार राय, हीरा प्रसाद सिंह, कौशल किशोर सिंह, संतोष झा, परमानंद सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

# बीएड में शत-प्रतिशत नामांकन की संभावना प्रबल : कुलपति

प्रात : किरण संवाददाता

दरभंगा। बीएड में केन्द्रीयकृत नामांकन प्रक्रिया की विशेष तीसरे चक्र की समाप्ति के बाद 98.28 प्रति शत (कुल 36659) अभ्यर्थियों ने नामांकन लिया। ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो संजय कुमार चौधरी ने बताया कि शेष बची 641 रिक्तियों के लिए भी दशहरा अवकाश के बाद नामांकन की प्रक्रिया आरंभ होगी । कुलपति ने कहा कि संभावना प्रबल होती नजर आ रही है कि इस बार शत-प्रतिशत नामांकन पूरी हो जाएगी। राज्य नोडल पदाधिकारी प्रोफेसर अशोक कुमार मेहता ने बताया कामेश्वर सिंह दरभंगा संस्कृत विश्वविद्यालय में शिक्षा शास्त्री में सभी 100 सीटों पर नामांकन पूरा हो चुका है। जबकि, पटना विश्वविद्यालय, पटना में 01,पुर्णिया विश्वविद्यालय, पुर्णिया में 11,जय प्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा में 17, मुंगेर विश्वविद्यालय, मुंगेर 19, बी एन मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा में 23, वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय,आरा में 25, आर्यभट्ट ज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में 36,तिलका मांझी भागलपुर विश्वविद्यालय, भागलपुर में 37, ल ना मिथिला विश्वविद्यालय, दरभंगा में 58, मौलाना मजहरुलहक अरबी फारसी विश्वविद्यालय, पटना में 74, बीआरए बिहार विश्वविद्यालय,मुजफ्फरपुर में 86,मगध विश्वविद्यालय, बोधगया में 94 एवं पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना में 160 रिक्तियां बची है। प्रोफेसर मेहता ने कहा कि नामांकन प्रक्रिया की सूचना अभ्यर्थी 14 अक्टूबर या उसके बाद सीईटी बीएड के वेबसाइट के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि अब तक जिस महाविद्यालय या संस्थान में वर्गारम्भ नहीं हुआ है,वह अवकाश के तुरंत वर्ग संचालन की प्रक्रिया आरंभ कर दें।

# माँ का पट खुलते ही पूजा पंडालों में उमड़ने लगी भक्तों की भीड़

प्रात : किरण संवाददाता



दरभंगा/मनीगाछी/हायघाट/ बेनीपुर । नवरात्रि का पर्व हर वर्ष भक्तों के लिए विशेष महत्व रखता है। इस वर्ष भी माँ दुर्गा के पट खुलते ही दरभंगा शहर के 52 स्थानों सहित पूरे जिले में लगभग 126 स्थानों पर भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी है। नवरात्रि के आज अष्टमी का पूजा होने के कारन दिन से भक्तों का माता के दरबार में पहुंचकर अपनी श्रद्धा अर्पित करते देखा जा रहा है। इस बार की पूजा विशेष रूप से धूमधाम से मनाई जा रही है। प्रशासन ने भी इस अवसर पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। पूजा पंडालों के आसपास भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया है, ताकि भक्तों की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। इसके साथ ही, शहर के प्रमुख चौराहों और पंडालों पर सीसी टीभी कैमरों की व्यवस्था की गई है। बच्चे, युवा और वृद्ध सभी उत्साह से भरे नजर आ रहे थे। जगह-जगह भक्ति गीतों की गूंज सुनाई दे रही है , जिससे पूरा वातावरण भक्ति में डूबा गया है। कुछ भक्तों ने तो विशेष पूजा-अर्चना के लिए सुबह से ही पंडाल के बाहर कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार किया।दरभंगा प्रशासन ने इस पर्व को देखते हुए सुरक्षा को प्राथमिकता दी है। शहर में यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने के लिए विशेष निर्देश जारी किए गए हैं। ट्रैफिक पुलिस ने विभिन्न मार्गों पर बैरियर लगाकर वाहनों की चेकिंग की। यह सुनिश्चित किया गया है कि कोई भी असामाजिक तत्व इस अवसर का लाभ न उठा सके। प्रशासन ने भक्तों से अपील की है कि वे धैर्यपूर्वक अपनी बारी का इंतजार करें और किसी भी प्रकार की अफवाह से बचें।इस पर्व की एक खास बात यह है कि यह केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक नहीं है, बल्कि यह हमारी संस्कृति और परंपराओं को भी जीवंत रखता है। पंडालों में स्थापित माँ दुर्गा की मूर्तियाँ कला का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करती हैं। स्थानीय कारीगरों ने अपनी मेहनत से अद्भुत मूर्तियों का निर्माण किया है, जो श्रद्धालुओं का ध्यान आकर्षित कर रही हैं। माँ दुर्गा की कृपा से सभी भक्तों में एकता और भाईचारे का संदेश फैल रहा है। हर कोई माँ से आशीर्वाद मांग रहा है कि वह उन्हें सुख, शांति और समृद्धि प्रदान करें। इस प्रकार, माँ का पट खुलते ही दरभंगा का हर कोना भक्तों की श्रद्धा से भर गया है, और यह पर्व हर दिल में उमंग और उत्साह का संचार कर रहा है। मनीगाछी प्रखंड क्षेत्र के मनीगाछी,राजे भंडारिसम, बाजितपुर, नेहरा,कायस्थ कबई सहित अन्य गांवों के पूजा स्थलों में गुरुवार को नवरात्र की सप्तमी को दुर्गा मंदिरों के पट खुलते ही खोंइछा भरने वाली महिला भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी।इस व्रत को मानने वाली महिलाओं द्वारा दिन भर उपवास रखा गया और भगवती दुर्गा को शुभ के प्रतीक के रूप में धान, दूर्वा, नारियल, सिंदूर,फल-फूल एवं नगद राशि सहित अन्य सामग्री भगवती को समर्पित की गई। परिवार की समृद्धि सहित अन्य मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए की जा रही इस परंपरा को महिलाएं अत्यधिक श्रद्धा के साथ मनाती हैं। खोंइछा भरने वाली महिलाओं की उमड़ती भीड़ को देखते हुए मनीगाछी ,भंडारिसम,छिन्नमस्तिका धरमपुर उजान, नेहरा, बाजितपुर, राघोपुर ड्योढ़ी सहित सभी पूजा स्थलों में विशेष व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर पूजा स्थलों पर निगरानी के लिए सीसीटीवी लगाया गया है।तथा विशेष पुलिस बल की तैनाती की गई है। पूजा समितियों की ओर से जगह जगह सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन भी किया जा रहा है। इस अवसर पर मनीगाछी थानाध्यक्ष मृत्युंजय कुमार, नेहरा थानाध्यक्ष राज किशोर राय एवं बाजितपुर थानाध्यक्ष मुकेश कुमार शांति व्यवस्था को लेकर अपने अपने थाना क्षेत्र के पूजा स्थलों का दौरा कर लोगों से शांति पूर्वक पूजा मनाने का अपील करते दिखे।बहेड़ी प्रखंड अंतर्गत हथौड़ी दक्षिणी पंचायत के हथौड़ी चौक पर स्थित सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में नवरात्र के सातवें दिन मां भगवती का पट खुल गया। पट खूलने के बाद सैकड़ों की संख्या में भक्तगण मां भगवती के दर्शन व आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए आने लगे। माता रानी के दरबार खुलने के बाद पुजा समिति के अध्यक्ष विजय कुमार झा ने बताया कि नवरात्र से सम्पूर्ण क्षेत्र भक्तिमय हो गया है। पुजा स्थलों पर माता की आरती भजन कीर्तन व जयकारों से वातावरण गुंजायमान हो गया है। ग्रामीण सौरभ झा ने कहा कि यहां पे मईया की पुजा बहुत धुम-धाम से की जाती है। श्री झा ने कहा कि हथौड़ी गांव में विगत 70 वर्षो से नवरात्र का आयोजन हो रहा है। हथौड़ी गांव का दूर्गा पुजा आस पास के क्षेत्र में काफी प्रसिद्ध है।इस शुभ अवसर पर पंडित मणिकांत झा , मनोज झा ,फुलों यादव , सुमित , सतन बिहारी, आदि भक्तगण उपस्थित थे।



# गुरु शांति धाम बेनीपुर में नेपाल से भी आते सैकड़ो श्रद्धालु



प्रात : किरण संवाददाता

बेनीपुर (दरभंगा)। गुरु शांति धाम बेनीपुर में शारदीय नवरात्र में महामंडलेश्वर लक्ष्मणानंद सरस्वती के नेतृत्व में 1051 कलश स्थापना कर मां दुर्गा की आवाहन कर विशेष पूजा अर्चना की जाती है। इस वर्ष भी इस कार्यक्रम का आयोजन गुरु शांति धाम बेनीपुर में की गई है, जिसमें देश के विभिन्न कोना सहित नेपाल से सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हुए हैं। यहां विशेष यज्ञ मंडप में धोती, गमछा, एवं पाग पहनना कर ही प्रवेश दिया जाता है, जो क्षेत्र के लिए प्रसिद्ध कायम कर रखी है। वैसे तो यहां सालों भर पूजा अर्चना एवं श्रद्धालु के आने का सिलसिला जारी रहता है, लेकिन शारदीय नवरात्र में माता का आवाहन कर विशेष पूजा अर्चना वैदिक मंत्रोचार के साथ होती है। यहां महामंडलेश्वर लक्ष्मणानंद सरस्वती के नेतृत्व में संजू बाबा ब्रह्मचारी, सन्यासी बाबा, दिलीप जी सहित अन्य पंडितों द्वारा नवरात्र में विशेष पूजा आराधना की जाती है। अखंड दीप भी यहां सालों भर जलता रहता है। इस अखंड दीप का शारदीय नवरात्र में एक अलग ही महत्व होता है। यहां आने वाले श्रद्धालुओं का मानना है कि सच्चे दिल से यहां शारदीय नवरात्र में मांगी गई हर मन्नत पूरी होती है। बताया जाता है कि यहां पर आने वाले हर श्रद्धालु कलश शोभा यात्रा में शामिल होते हैं और अपनी कलश की विशेष पूजा पूरे नवरात्र करते हैं। यहां यह भी एक अलग ही प्रदृश्य है।

# मांडवीधाम में पट खुलते, लगी भक्तों की भीड़, अर्जी लगाने वाले भक्त दूर-दूर से आ रहे

प्रात : किरण संवाददाता

वैशाली/पातेपुर वैशाली जिले के अतिप्राचीन शक्तिपीठ में से एक मांडवीधाम मंडईडीह में आज सुबह मां मांडवी का पट खुलते ही भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी । दूर-दूर से आए भक्तों ने अपनी अर्जी लगाई। संध्या में राम जानकी मठ के महंत विश्वमोहन दास , क्षत्रिय महासभा (रामवंशज) के अध्यक्ष अमित कुमार सिंह संध्या आरती में शामिल होकर माता का आशीर्वाद ग्रहण किया। मां मांडवी महारानी की कृपा से अब तक कई निःसंतान दंपत्ति संतान सुख प्राप्त कर चुके हैं। हर वर्ष अष्टमी तिथि को ऐसे लोग अर्जी लगाने के लिए आते हैं जो निःसंतान होते हैं। इसके अलावा बेरोजगार अच्छी नौकरी की अभिलाषा और व्यापार में उत्तरोत्तर वृद्धि के लिए भी माथा टेकते है । मांडवीधाम परिसर में नवमी के दिन बकरे की बली के साथ भी लोग अपनी अर्जी लगाने और मन्नत उतारने आते है । मांडवीधाम मंदिर समिति के अध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद सिंह ने बताया कि मांडवीधाम मंदिर राम सर्किट का प्रमुख स्थान है। इतिहास के अनुसार यहां विदेह राजा जनक के अनुज कुशवध्वज की पुत्री मांडवी का जन्म इसी स्थान से जोड़ा जाता है ।

## संक्षिप्त खबरें

### समुह से दिए गए रूपए मांगने पर महिला के साथ कि गई मारपीट

जमुई [ झाझा ] उधार के रूप में दिए गए राशि मांगने पर एक महिला के साथ एक महिला और कुछ लोगों के द्वारा मारपीट करते हुए घायल कर दिया। घटना थानाक्षेत्र अंतर्गत बलियो गांव की है। मारपीट में घायल महिला की पहचान चानो देवी के रूप में हुई है जिसे इलाज के लिए परिजनों की मदद से रेफरल अस्पताल लाया गया जहां घायल महिला का इलाज हुआ। घायल महिला ने बताया कि समूह से 90 हजार रूपए लोन लेकर गांव की ललीता देवी को दिया जिसके बाद उससे दिए गए रूपए मांगा तो मेरे साथ विवाद करना शुरू कर दिया और गोतिया में रहने वाले मकूंदी यादव, नंदकेश्वर यादव के कहने पर ललीता देवी ने मेरे साथ लाठी डंडा से मारपीट किया और उसके बाद उक्त दोनो ने भी मेरे साथ लाठी डंडा से मारपीट करते हुए घायल कर दिया। महिला ने बताया कि मारपीट में मेरा बेटा रिसव कुमार, पृथ्वी राज, आशीष कुमार बेटी करिश्मा कुमारी, पृता कुमारी को भी चोट पहुंचा है।

# जिला प्रशासन द्वारा दशहरा एवं दुर्गा पूजा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने हेतू खैरा, सिकंदरा, अलीगंज प्रखंड में किया फ्लैग मार्च

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा, पुलिस अधीक्षक चंद्र प्रकाश, अनुमंडल पदाधिकारी अभय कुमार तिवारी तथा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सतीश सुमन द्वारा बुधवार 09 अक्टूबर को खैरा, सिकंदरा एवं अलीगंज प्रखंड के संवेदनशील क्षेत्रों एवं महत्वपूर्ण स्थानों पर फ्लैग मार्च किया गया। फ्लैग मार्च खैरा थाना क्षेत्र में बड़ी बाग, बेला, चौकीतांड से होते हुए सिकंदरा प्रखंड में जगदंबा मंदिर, बड़ी दुर्गा, शिवनाथी पोखर तथा अलीगंज थाना क्षेत्र में कुमार सोनखार, अलीगंज बाजार तक किया गया। जिलाधिकारी श्रीमती अभिलाषा शर्मा ने स्नेही जनों से दशहरा पर्व परंपरागत एवं रीति-रिवाज के अनुकूल मनाए जाने का आग्रह किया। जिलाधिकारी महोदया ने मौके पर कहा कि दशहरा पर्व के पावन अवसर पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। संवेदनशील, अतिसंवेदनशील और विशिष्ट जगहों की सुरक्षा हेतु ड्रोन एवं सीसीटीवी की व्यवस्था की गई है। मेले में अफवाह पर रोक लगाने एवं सुरक्षा स्थापित करने हेतू कंट्रोल रूम एवं सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था की गई है। जिलाधिकारी महोदया द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को विसर्जन हेतु पोखर, तालाब की बैरिकेडिंग करने का निर्देश दिया गया। पुलिस अधीक्षक चन्द्र प्रकाश ने कहा कि संवेदनशील जगहों पर मजिस्ट्रेट के साथ पुलिस की तैनाती सुनिश्चित की गई है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से पूजा पंडाल और स्थल पर सादे लिबास में पुलिस तैनात रहेंगे। संपूर्ण जिला में विधि व्यवस्था कायम रखने के लिए यथोचित संख्या में जवानों को तैनात किया जा रहा है। सभी थाना पुलिस को सघन गश्ती करने को कहा गया है। जिला नियंत्रण कक्ष लगातार 24 घंटे कार्यरत रहेगा। जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों के नेतृत्व में संबंधित प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचलाधिकारी, थानाध्यक्ष तथा सार्जेंट मेजर के साथ पुरुष तथा महिला पुलिस के जवानों ने फ्लैग मार्च में हिस्सा लिया।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शनः जमुई जिला को राज्य-स्तरीय मान्यता



- कर्मठता के साथ चौमुखी विकास को गति प्रदान करने वाले उप विकास आयुक्त को मंत्री ने किया सम्मानित

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई, बिहारः स्वच्छता ही सेवा 2024 पखवाड़ा के दौरान बिहार ने जन भागीदारी और कचरा प्रबंधन में जमुई जिला उत्कृष्टता प्राप्त की, जिससे यह राष्ट्रव्यापी प्रथम स्थान पर रहा। ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने अधिवेशन भवन में आयोजित राज्य-स्तरीय समारोह में विशिष्ट पदाधिकारियों, कर्मचारियों और जन प्रतिनिधियों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया। इस अभियान में जमुई जिला विशेष रूप से चमका, जहां उप विकास आयुक्त सुमित कुमार के नेतृत्व में, सामुदायिक भागीदारी और नवाचारी कार्यान्वयन में उल्लेखनीय प्रगति हुई एवं माननीय ग्रामीण विकास मंत्री के द्वारा उप विकास आयुक्त सुमित कुमार को सम्मानित किया गया। 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 तक आयोजित इस अभियान में स्वच्छता अभियान, जन भागीदारी की पहल, सफाई कर्मियों के लिए स्वास्थ्य शिविर, कचरा प्रबंधन, ह्लएक पेड़ माँ के नामह्व पहल के तहत वृक्षारोपण अभियान, कचरे से कला, स्कूलों में विशेष स्वच्छता कक्षाएँ, और जीविका स्वच्छता संवाद जैसी विभिन्न गतिविधियाँ शामिल थीं। जमुई के उप विकास आयुक्त सुमित कुमार को उनके उत्कृष्ट नेतृत्व और नवाचारी कार्यान्वयन विचारों के लिए विशेष रूप से बुधवार 09 अक्टूबर को आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम ने स्वच्छता ही सेवा अभियान में बिहार की उपलब्धियों को उजागर किया, विशेष रूप से जमुई जिले में जन भागीदारी और सफाई कर्मियों और उनके परिवारों के स्वास्थ्य जांच पर जोर दिया। यह मान्यता जमुई और बिहार में स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण बनाने की प्रतिबद्धता और सहयोगात्मक प्रयासों को रेखांकित करती है।

# आपस में तीन बाइक की भीषण टक्कर मे एक की हुई मौत, दो युवक की हालत गंभीर

- दुर्गा पूजा का मेला घूमने के लिए बाइक पर सवार होकर कुमार गांव आया था, वापस आने के दौरान हुई घटना

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई/ई० अलीगंजः-सिकंदरा नवादा मुख्य मार्ग रवय मुसहरी के पास गुरुवार की दोपहर करीब 1:00 बजे तेज रफ्तार तीन बाइक आपस में भीषण टक्करा गई ।इस दुर्घटना में एक बाइक पर सवार नाबालिग की घटना स्थल पर ही मौत हो गई ।जबकि दो युवक बुरी तरह घायल हो गया ।स्थानीय लोगों द्वारा घटना की जानकारी पुलिस को दी गई और दोनो घायलों लोगो की मदद से इलाज के लिए सिकंदरा हॉस्पिटल लाया गया, हालत गंभीर देखते हुए जमुई भेजा गया और भर्ती कराया गया ।जहां दोनों घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए डॉक्टर ने प्रारंभिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया। मृतक नाबालिग की पहचान चंद्रदीप थाना क्षेत्र के इस्लामनगर निवासी महेंद्र यादव के पुत्र रंजीत कुमार के रूप में हुई है, जबकि घायलों में मसूदन यादव के पुत्र बालेंद्र कुमार और बाखोरी यादव के पुत्र राहुल कुमार शामिल है। परिजनों ने बताया जाता है कि तीनों एक ही गांव इस्लानगर के साथी हैं ।दुर्गा पूजा का मेला घूमने के लिए बाइक पर सवार होकर कुमार गांव आया था, जहां से वापस अपने घर लौट रहा था, जैसे ही बाइक रवय मुसहरी के पास पहुंची इसी दौरान सामने से आ रही एक बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई ।तभी पीछे से आ रही एक और बाइक भी टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। तीन बाइक के आपस में टकराने के बाद घटनास्थल पर ही रंजीत कुमार की मौत हो गई, जबकि बलेंद्र कुमार और राहुल कुमार की हालत गंभीर बनी हुई है। वहीं पुलिस द्वारा कागजी प्रक्रिया पूरी कर मृतक युवक के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है ।वहीं एक तरफ दुर्गा पूजा महोत्सव मे खुशी का माहौल था वहीं रंजीत की मौत के बाद पूरे परिवार में मातमी सन्नाटा पसरा हुआ है परिजन का रोल होकर पूरा हाल हो रहा है।

# खेत की जुताई को लेकर कुछ लोगों के द्वारा मारपीट किए जाने का मामला थाना में हुआ दर्ज

प्रात : किरण संवाददाता



जमुई [ झाझा ] खेत की जुताई को लेकर कुछ लोगों के द्वारा मारपीट किए जाने का मामला थाना में दर्ज किया गया । अपने दर्ज आवेदन में थाना क्षेत्र अंतर्गत धवटिया गांव निवासी मुकेश राय ने अपने दर्ज आवेदन में बताया कि गुरुवार को शाम 4:00 बजे गांव के ही चंदन पंडित का प्रतीक खेत मेरे द्वारा भाड़े पर अपने ट्रैक्टर द्वारा खेत जुताई कर रहा था । उसी वक्त बगल के खेत में मवेशी चरा रहे मुकेश यादव, निक्कू यादव, ब्रह्मदेव यादव , दशरथ यादव , बीजू यादव , उचित यादव सभी लक्ष्मीपुर थाना क्षेत्र के करीबा पत्थर गांव का एक मत होकर लाठी पैना हाथ में पत्थर उठाकर मेरे पास आया मेरा ट्रैक्टर रोक कर ट्रैक्टर से खींचकर मुझे नीचे उतार लिया और गली-ग्लौज देते हुए कहा कि आज तुम्हें नहीं छोड़ेंगे । इतना कह कर सभी मिलकर लाटी डंडा से मेरे साथ मारपीट कर मुझे घायल कर दिया । जिसका मामला थाना में दर्ज किया गया मामला दर्ज होने के बाद पुलिस आगे की कार्रवाई में जुट गई ।

# एसडीपीओ ने सुरक्षा को लेकर किया निरीक्षण

जमुई [ झाझा ] झाझा के रेलवे इंडियन इंस्टीच्यूट , बड़ी दुगार्मंदिर सार्वजनिक दुगार्मंदिर में मां दुर्गा का पट संध्या सात बजे खुलने के बाद भक्तों की भीड़ पूजा स्थल पर जुट गई तो वही झाझा एसडीपीओ राजेश कुमार, एसएचओ संजय सिंह, बीडीओ रविजी पूजा पंडाल का निरीक्षण करने के लिए पहुंचे। इस दौरान सुरक्षा को लेकर पूजा पंडाल एवं अन्य स्थलों पर लगे सीसीटीवी कैमरा का जांच किया और कंट्रोल रूम पहुंचकर हर गतिविधि की जानकारी ली। इंडियन इंस्टीच्यूट में अध्यक्ष विकास शर्मा, सचिव नीलेश चैधरी से पूजा पंडाल में सुरक्षा को लेकर दिए गए गाइडलांइस के बारे में फिर से दुहाराते हुए दिशा निर्देश दिया और कहा कि मेले में वाले हर गतिविधियों पर सीसीटीवी के माध्यम से नजर बनाकर रखे। इसके अलावे पुलिस पदाधिकारी एवं अन्य आवश्यक नंबर के बारे में भी लोगों को जानकारी माइकिंग के माध्यम से भी दे। मेला में किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत हो तुरंत इसकी जानकारी पुलिस पदाधिकारी को दे।

# मुंगेर में चार हथियार तस्कर गिरफ्तार भारी मात्रा में अर्ध निर्मित हथियार बरामद

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। गुप्त सूचना पर मुंगेर जिला पुलिस और एसटीएफ पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में चार हथियार तस्कर को गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से 11 अर्ध निर्मित पिस्तौल बरामद किया गया है पकड़े गए हथियार तस्कर से हुई पूछताछ के आधार पर पुलिस हथियार तस्करी से जुड़े अन्य तस्करों की पहचान के लिए कार्रवाई कर रही है उपर्युक्त बातें मुंगेर के आरक्षी अधीक्षक सैयद इमरान मसूद ने कही। एसपी ने बताया कि हथियार तस्करी की सूचना पर एसटीएफ और जिला पुलिस की टीम मकसदपुर बजरंगबली चौक के समीप राजू के पेप्सी गोदाम में छापेमारी करने पहुंची इस दरमियान पुलिस को देखकर दो तस्कर बोरा लेकर पेप्सी गोदाम में घुसकर दरवाजा बंद कर लिया जब दरवाजा खुलवाया और बोरा के संबंध में पूछताछ की इस दरमियान पेप्सी के एक कार्टून के पीछे प्लास्टिक का बोरा मिला जिसकी तलाशी लेने पर पिस्टल मिला है बताया जाता है कि हथियार तस्कर मकसदपुर निवासी संजय कुमार शर्मा और अनिल कुमार शर्मा पुरानी गंज निवासी सोनू अग्रवाल और जितेंद्र कुमार पंडित इस में शामिल है। संजय शर्मा और अनिल शर्मा दोनों आपस में चचेरा भाई बताया जाता है एसपी सैयद इमरान मसूद ने बताया कि पकड़े गए चारों हथियार तस्करों के विरुद्ध कासिम बाजार थाना में आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेज देने की कार्रवाई की गई है चारों पूर्व में भी आर्म्स एक्ट मामले में जेल जा चुके हैं पुलिस सभी का आपराधिक इतिहास को खंगाल रही है तस्कर के निशानदेही पर हथियार तस्कर और विक्रेता की गिरफ्तारी दोनों हथियार तस्करों से पूछताछ में बताया कि पुरानी गंज निवासी सोनू अग्रवाल अर्ध निर्मित हथियार फिनिशिंग हेतु बचने के लिए दिया है निशानदेही पर पुलिस पुरानी गंज स्थित सोनू अग्रवाल के घर पहुंची सोनू अग्रवाल के घर में बाथरूम के पास प्लास्टिक के पीला डोल में 06 अर्धनिर्मित पिस्टल एवं वायरल बरामद कर सोनू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। सोनू ने बताया कि पुरानी गंज निवासी जितेंद्र पंडित के साथ मिलकर हथियार तस्करी का काम करते है पुरानी गंज के जितेंद्र पंडित के घर पहुंची पुलिस को देखकर जितेंद्र भागने लगा जिसे दौड़ कर पकड़ लिया गया। जितेंद्र ने हथियार तस्करी में अपनी संलिप्त स्वीकार की है।

# सोझी घाट पर महिलाओं के लिए नवनिर्मित चेंजिंग रूम का डीएम ने किया उद्घाटन

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। सोझी घाट पर महिलाओं के लिए बने दो चेंजिंग रूम का उद्घाटन गुरुवार को जिलाधिकारी अवनीश कुमार सिंह ने किया गया। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि सोझी गंगा घाट एक अत्यंत ही महत्वपूर्ण घाट है, जहां महिला पुरुष सभी स्नान के साथ ही पूजा पाठ, धार्मिक अनुष्ठान आदि करते हैं। पूर्व के भ्रमण में पाया गया था कि यहां स्नान के बाद महिलाओं को वस्त्र बदलने में परेशानियों का सामना करना पड़ता है ।इसके दृष्टिगत नगर आयुक्त को तत्काल इस घाट पर महिलाओं के वस्त्र बदलने के लिए दो चेंजिंग रूम बनाने का निर्देश दिया गया था। उसी के आलोक में आज बने नवनिर्मित चेंजिंग रूम का उद्घाटन किया गया है । उन्होंने कहा कि कष्टहरणी और बबुआ घाट पर चेंजिंग रूम की व्यवस्था है परंतु सोझी घाट पर महिलाओं के लिए चेंजिंग रूम नहीं होने के कारण उसके निर्माण का निर्देश दिया गया था। अब दो दो चेंजिंग रूम बन जाने से महिलाओं को परेशानी नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन आमजन की सुविधाओं के लिए भी लगातार कार्य कर रही है। नगर निगम द्वारा दुर्गा पूजा को लेकर पूरे शहर में साफ सफाई की व्यवस्था के साथ ही पूजा पंडालों में ब्लीचिंग फॉगिंग आदि की व्यवस्था कर रही है। जिलाधिकारी ने आमजन को दुर्गा पूजा की शुभकामनाएं देते हुए इस पर्व को भक्तिमय माहौल में शांतिपूर्ण तरीके से हर्षोल्लास पूर्वक मनाने के साथ ही जिला एवं पुलिस प्रशासन को अपना पूर्ण सहयोग देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि किसी भी पर्व त्योहार को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने में जिला एवं पुलिस प्रशासन के साथ आमजन का सहयोग भी अत्यंत ही अपेक्षित है। सभी मिलजुल कर पर्व त्योहार को मनाएं, जिला प्रशासन आपके साथ है।

# दुर्गा मंदिर में श्रद्धालुओं की दिखी अत्यधिक भीड़

प्रात : किरण संवाददाता

जमुई [ झाझा ] प्रखंड क्षेत्र के अलग अलग दुगार्मंदिर में मां के दर्शन और डलिया चढ़ाने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। नगर क्षेत्र स्थित महाअष्टमी पर बारोवारी दुगार्मंदिर, सार्वजनिक दुर्गा मंदिर, रेलवे इंडियन इंस्टीच्यूट में श्रद्धालुओं की भीड तो लगी रही लेकिन सबसे अधिक भीड़ मुख्य बाजार स्थित बड़ी दुगार्मंदिर में देखने को मिला जहां गुरूवार की सुबह आसमान में लालिमा दिखाई देने से पहले दूर दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं का जमावड़ा मां के दर्शन और पूजा अर्चना को लेकर जुट गई। पूरी होने जाने पर दंडवत देते दिखाई दिए। सुबह की महाआरती में मंदिर परिसर और पूजा पंडाल में भीड़ बेकाबू दिखाई दे रहे थे जिसे पूजा कमेटी और पुलिस संभालनें में जुटे हुए थे। लोग मां दुर्गा की दर्शन कर पूजा अर्चना करते हुए अपने सुखमय जीवन की कामना किया। महाअष्टमी पर विभिन्न दुगार्मंदिर में श्रद्धालुओं जनसैलाब उमड़ा हुआ था। भक्ति गीत के बीच श्रद्धालुओं के द्वारा लगाए जा रहे जय मां दुर्गे, जय माता दी के जयकारों से पूरा वातावरण भक्तिमय में तब्दील था।

# नेताजी हमारे आंदोलनो व विचारों में जीवित रहेंगे : पप्पू

- मुलायम की पुण्यतिथि पर सपाइयों ने लिया संघर्ष का संकल्प

प्रात : किरण संवाददाता

मुंगेर। समाजवादी पार्टी के तत्वाधान में गुरुवार को पार्टी के संस्थापक समाजवादी योद्धा भारतीय राजनीति के संकट मोचन धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव की दूसरी पुण्यतिथि जिला मुख्यालय स्थित शहीद स्मारक में संकल्प दिवस के रूप में सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव की अध्यक्षता में आयोजित की जहां सपाइयों ने अपने प्रणेता मुलायम को श्रद्धांजलि निवेदित करते हुए जिले के विकास के लिए संघर्ष करने का संकल्प लिया। मौके पर सपा जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने कहा कि भारतीय राजनीति के संकटमोचन महान समाजवादी नेता धरतीपुत्र मुलायम सिंह यादव उस विरले नेताओं में से एक है जो धर्मनिरपेक्षता एवं समाजवाद को धरातल पर उतार राजनीति की एक नई फिजा उत्पन्न किया और यह कहने में कोई गुरेज नहीं कि आज कोई भी दल के नेता चाहे जितना दम भर लें पर वो मुलायम नहीं हो सकते उन्होंने आगे नेताजी सदैव हमारे संघर्ष और आंदोलन में जीवित रहेंगे और यही हम सपाईयों की अपने नेता को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। मौके पर महिला सभा अध्यक्ष रंजन अराफात जिला महासचिव अशोक भारत वरिष्ठ नेता सुरेश यादव जिला सचिव सुधीर यादव मीडिया प्रभारी मनोज क्रांति गोपाल वर्मा माधुरी यादव छडपन मंडल दिनेश साहू सत्यजीत पासवान सहित अन्य लोगों उपस्थित थे।

# प्राईवेट नौकरी करने वाले पर सरकार विचार करें : लोकमंच

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। भारतीय लोकमंच पार्टी के राष्ट्रीय प्रधान महासचिव कुणाल सिकंद ने मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार से एक्स शोशल मीडिया के माध्यम से और पत्र लिखते हुए कहा की बिहार सरकार के तरफ से जरूरी सेवा छोड़ कर राज्यकर्मियों को तीन दिनों का छुट्टी दिया गया है लेकिन इसी बिहार राज्य में जो गैर सरकारी नौकरी कर रहें है उन लोगो को कोई छुट्टी नही मिला है। गैर सरकारी नौकरी करने वाले कर्मियों पर सरकार विचार करते हुए नवरात्री, दीपावली, छठ में तीन दिनों की छुटियाँ लोकमंच ने निर्धारित करवाने का आग्रह किया है। श्री सिकंद ने कहाँ की प्राइवेट जॉब करने वाले लोगो को हमेशा से उनका कार्यालय शोषण करता आया है।

# ऑल इंडिया मिशन ट्रेड यूनियन, ऐम्टू से जुड़े बिहार प्रदेश सफाई कर्मी महासंघ का कन्वेंशन आयोजित

## सफाई कर्मी भुखमरी के कगार पर, सुधि लेने वाला कोई नहीं : मधुबाला उमेश



- एक-डेढ़ वर्षो से लंबित मजदूरी सफाई कर्मी को जल्द भुगतान करें प्रशासन व सरकार : किरण देव यादव

प्रात : किरण संवाददाता

खगड़िया। मजदूर बचाओ - देश बचाओ नारों के साथ देश बचाओ अभियान के तत्वाधान में ग्राम पंचायत, नगर पंचायत नगर परिषद एवं स्कूल के सफाई कर्मियों का संयुक्त बैठक अशोक बैंक्विट सभागार में हुई, जिसकी अध्यक्षता अभियान के संस्थापक अध्यक्ष किरण देव यादव ने किया। बैठक में सफाई कर्मियों की समस्या रेखांकित कर समाधान के लिए संघर्ष करने का निर्णय लिया गया। बैठक में बिहार प्रदेश सफाई कर्मी महासंघ का संगठन निर्माण किया गया, जिसका संरक्षक किरण देव यादव, संयोजक मधुबाला, समन्वयक उमेश ठाकुर के अलावे संयोजन समिति का सर्व समिति से गठन किया गया जिसमें संयोजक दिलखुश कुमार , सह संयोजक वशिष्ठ कुमार व डब्लू रजक, रोहित कुमार, जितेंद्र शर्मा, हरे राम शाह , नीलम देवी, सहित दुलारी देवी चंद्र रोशन कुमार, विजय पोद्दार, नारायण सदा, रंजीत सदा, सुरेंद्र सदा, रेखा देवी, शुकनी देवी को चयन गया। ऑल इंडिया मिशन ट्रेड यूनियन , ऐम्टू के अध्यक्ष सह महासंघ के संरक्षक किरण देव यादव ने कहा कि सफाई कर्मियों को एक से डेढ़ साल से मजदूरी मानदेय लंबित है, जिससे पर्व त्यौहार में भी भुखमरी के कगार पर हैं। स्कूल एवं ग्राम पंचायत सहित सभी सफाई कर्मी को जल्द लंबित मजदूरी भुगतान करने, सफाई किट, ड्रेस, दस्ताना, जूता, चश्मा, ठेला, कुदाल, फावड़ा, फर्स्ट एड मेडिसिन, सफाई सामग्री सर्फ साबुन, 20 लाख का बीमा, गरीब भूमिहीन सफाई कर्मी को 5 डिसमिल जमीन एवं भवनहीन को पीएम आवास, निर्धारित छुट्टी देने की मांग मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी, उप विकास पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी संबंधित अधिकारी से किया है अन्यथा उक्त मांगों को लेकर 19 अक्टूबर 2024 को जिलाधिकारी के समक्ष धरना प्रदर्शन सभा किया जाएगा। श्री यादव ने सभी सफाई कर्मियों से लंबित मजदूरी भुगतान को लेकर अधिकाधिक संख्या में आंदोलन में भाग लेने का अपील किया। कार्यक्रम में चयनित सांगठनिक पदाधिकारी को पुष्पमाला एवं गुलदस्ता से सम्मानित किया गया। इधर, देश बचाओ अभियान की ओर से कार्यक्रम में समाजवादी नेता मुलायम सिंह यादव के पुण्यतिथि एवं उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर इनके शैली चित्र पर माल्यार्पण पुष्पांजलि समर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई तथा कोटि-कोटि नमन याद किया गया। नेताओं ने उनके जीवनी व्यक्तित्व कृतित्व पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए समाजवादी आंदोलन को तेज करने का संकल्प लिया।

# रावण वध कार्यक्रम, 2024 के अवसर पर प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की संयुक्त ब्रीफिंग

प्रात : किरण संवाददाता



पटना। जिलाधिकारी, पटना डॉ. चन्द्रशेखर सिंह एवं वरीय पुलिस अधीक्षक, पटना श्री राजीव मिश्रा ने कहा है कि रावण वध कार्यक्रम, 2024 के अवसर पर विधि-व्यवस्था संधारण प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी पदाधिकारियों को इसके लिए सजग, सतर्क एवं सक्रिय रहना होगा। आपस में सार्थक समन्वय भी कायम रखना होगा। अधिकारीद्वय आज प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों को गाँधी मैदान, पटना में संयुक्त ब्रीफिंग में संबोधित कर रहे थे। डीएम डॉ. सिंह व एसएसपी श्री मिश्रा ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था से कोई समझौता नहीं किया जा सकता। लोगों का गाँधी मैदान में प्रवेश एवं निकास हर हाल में अवरोधमुक्त तथा सुगमतापूर्वक होना चाहिए। आस-पास के क्षेत्रों में बाइकर्स गैंग के विरुद्ध तत्परता से कार्य करते हुए उनपर नियंत्रण रखें। पुलिस बाईक दस्ता को लगातार भ्रमणशील रखें। डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि पूरे जिले में लगभग १८ जगहों पर रावण वध कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन गाँधी मैदान, पटना में हो रहा है। गाँधी मैदान, पटना में आयोजित होने वाले सभी कार्यक्रमों का एक निर्धारित प्रोटोकॉल है। साथ ही यह फिक्स्ड वेन्यू-फिक्स्ड टाईम कार्यक्रम भी है। मानक संचालन प्रक्रिया के अनुसार प्रोटोकॉल का अक्षरशः अनुपालन सभी पदाधिकारियों को सुनिश्चित करना है। डीएम डॉ. सिंह ने कहा कि कार्यक्रम के महत्व को देखते हुए आयुक्त महोदय द्वारा भी गाँधी मैदान, पटना का नियमित निरीक्षण किया जाता है। रावण बध कार्यक्रम में अपार जन-समूह के एकत्रित होने की संभावना है। इसलिए विशेष सतर्कता एवं निगरानी बरता जाना आवश्यक है, ताकि सुदृढ़ सुरक्षा व्यवस्था एवं उत्कृष्ट भीड़ प्रबंधन सुनिश्चित किया जा सके। डीएम डॉ. सिंह ने पदाधिकारियों को निदेश दिया कि सभी प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस बल ससमय अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर पहुँच जाएंगे तथा तब तक अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर मुस्तैद रहेंगे जबतक कि भीड़ कार्यक्रम स्थल से पूरी तरह वापस न चली जाए एवं मैदान पूर्णतः खाली न हो जाए। डीएम डॉ. सिंह व एसएसपी श्री मिश्रा ने कहा कि विधि-व्यवस्था संधारण के दृष्टिकोण से पूरे गाँधी मैदान को चार सेक्टर में विभाजित किया गया है। सभी सेक्टर में एम्बुलेंस, फायर यूनिट एवं पेयजल की व्यवस्था की गई है। सेक्टर में अपर जिला दंडाधिकारी एवं पुलिस उपाधीक्षक को वरीय प्रभार में रखा गया है। प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी चिकित्सकों, फायर यूनिट के पदाधिकारियों एवं पेयजल व्यवस्था के प्रभारी पदाधिकारियों से समन्वय बनाए रखेंगे ताकि किसी भी तरह की कोई समस्या न हो। सेक्टर के प्रभारी दंडाधिकारियों एवं वरीय पुलिस पदाधिकारियों के साथ गाँधी मैदान एवं आस-पास विधि-व्यवस्था संधारण हेतु कुल 47 विभिन्न स्थानों पर 90 दण्डाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। दंडाधिकारियों के साथ पुलिस पदाधिकारियों को भी तैनात किया गया है। महिला बल, लाठी बल एवं अन्य पुलिस बल भी ड्यूटी पर मुस्तैद रहेंगे। जिला नियंत्रण कक्ष में 07 दंडाधिकारियों तथा गाँधी मैदान नियंत्रण कक्ष में 08 दंडाधिकारियों को प्रतिनियुक्त किया गया है। बैरिकेडिंग गैंगवे पर 08 दंडाधिकारियों के नेतृत्व में पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बल को लगाया गया है। सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष में तीन आईटी पदाधिकारियों को लगाया गया है। सभी गेट पर दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। 03 क्विक रिस्पॉन्स टीम भी तैनात रहेगा जो किसी भी प्रकार की आकस्मिक सूचना पर त्वरित कार्रवाई करेगा। गाँधी मैदान, पटना में सेन्ट्रल माईकिंग की व्यवस्था रहेगी। इसके साथ सभी 13 गेट एवं बाह्य क्षेत्रों में भी माईकिंग की व्यवस्था की गई है। नगर आयुक्त, पटना नगर निगम श्री अनिमेष कुमार पराशर ने नगर निगम एवं स्मार्ट सिटी लिमिटेड के द्वारा की गयी व्यवस्था के बारे में विस्तार से बताया। पूरे गाँधी मैदान में एवं आस-पास हाई क्वालिटी के 128 सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। ये फिक्स्ड बुलेट एवं पीटीजेड कैमरा हैं। त्रुटिहीन सुरक्षा व्यवस्था के लिए गाँधी मैदान में अस्थायी नियंत्रण कक्ष भी कार्यरत रहेगा। इससे सम्पूर्ण भीड़ की गतिविधि पर नजर रखी जाएगी। डीएम डॉ. सिंह व एसएसपी श्री मिश्रा ने कहा कि गाँधी मैदान में भीड़ नियंत्रण एवं विधि-व्यवस्था संधारण हेतु मुख्य गेट के नजदीक तथा ध्वजारोहण स्थल के पास वाच टावरों की स्थापना की गई है। 13 वाच टावरों पर दंडाधिकारियों, पुलिस पदाधिकारियों एवं पुलिस बलों को ड्रैगन लाईट/ध्वनि विस्तारक यंत्र के साथ मुस्तैद रखा जाएगा। प्रत्येक वाच टावर पर सिविल डिफेन्स के दो कर्मी भी तैनात रहेंगे। इन वाच टावरों से पूरे गाँधी मैदान में नजर रखी जाएगी। गाँधी मैदान में लोगों को सूचना का आदान-प्रदान करने तथा आवश्यक सहायता पहुंचाने हेतु चार हेल्प डेस्क (खोया-पाया सहायता केन्द्र) कार्यरत रहेगा। यह हेल्प डेस्क गेट नं0 5, 7, 10 एवं ध्वजारोहण स्थल के पास क्रियाशील रहेगा। इसमें दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। आम जनता की सुविधा के लिए सुरक्षा के दृष्टिकोण से द्वारों पर ह्यक्या करें, क्या न करेंह्ल के बारे में बैनर लगाया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि 34 प्रकाश मीनारों से 136 एलईडी मेटल लाईट, 229 पोल लाईट एवं 20 हाईमास्ट लाईट के द्वारा गाँधी मैदान एवं उसके चारों ओर प्रकाश की उत्कृष्ट व्यवस्था रहेगी। पाथवे लाईट की भी बेहतर व्यवस्था रहेगी।

# चला गया खास होते हुए भी आम दिखने वाला रतन टाटा




रतन टाटा सिर्फ एक अरबपति नहीं बल्कि एक ऐसे व्यक्ति थे, जिन्होंगने टाटा समूह के साथ इस देश और इस देश के करोड़ों लोगों के लिए बहुत कुछ किया है। तभी तो रतन टाटा के निधन से हर कोई दुखी है। उन्हें संयमित जीवनशैली और टाटा ट्रस्ट के माध्यम से परोपकारी कार्यों के प्रति गहरी प्रतिबद्धता के लिए भी जाना जाता रहा है। उनके निधन के बाद यह सवाल उठ रहा है कि उनका उत्तराधिकारी कौन होगा? करीब 3800 करोड़ रुपये की नेटवर्थ के मालिक रतन टाटा जीवन भर अविवाहित रहे हैं। टाटा परिवार में एन. चंद्रशेखर टाटा संस के 2017 से चेयरमैन हैं। उनके अलावा टाटा ग्रुप की अलग-अलग कंपनियों से ऐसे बहुत से लोग हैं, जो भविष्य में टाटा समूह में अलग-अलग जिम्मे दारी निभाते नजर आ सकते हैं। रतन टाटा के पिता नवल टाटा की दूसरी शादी सिमोन से हुई थीं। उनके बेटे नोएल टाटा, रतन टाटा के सौतेले भाई हैं। रतन टाटा की विरासत हासिल करने के लिए उनका यह संबंध उन्हें एक प्रमुख उत्तराधिकारी उदावेदार बनाता है। नोएल टाटा के तीन बच्चे हैं, जिनमें माया, नेविल और लीह हैं। यह रतन टाटा के उत्तराधिकारी हो सकते हैं। टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन नवल टाटा का 86 साल की उम्र में निधन हो गया। वे मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल की इंटेसिव केयर यूनिट में भर्ती थे और उम्र संबंधी बीमारियों से जूझ रहे थे। रतन टाटा ईमानदारी, नैतिक नेतृत्व और परोपकार के प्रतीक थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के शब्दों में, भारत ने एक ऐसे आइकॉन को खो दिया है, जिन्होंने कॉरपोरेट ग्रोथ, राष्ट्र निर्माण और नैतिकता के साथ उत्कृष्टता का मिश्रण किया। पद्म विभूषण और पद्म भूषण से सम्मानित रतन टाटा ने टाटा ग्रुप की विरासत को आगे बढ़ाया है। वही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि टाटा एक दूरदर्शी बिजनेस लीडर, दयालु आत्मा और एक असाधारण इंसान थे। उन्होंने भारत के सबसे पुराने और सबसे प्रतिष्ठित व्यापारिक घरानों में से एक को स्थिर नेतृत्व प्रदान किया। उनका योगदान बोर्ड रूम से कहीं आगे तक गया। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी बोले, रतन टाटा दूरदृष्टि वाले व्यक्ति थे। उन्होंने बिजनेस और परोपकार दोनों पर कभी न मिटने वाली छाप छोड़ी है। उनके परिवार और टाटा कम्युनिटी के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। प्रसिद्ध उद्योगपति मुकेश अंबानी का कहना है कि ये भारत के लिए बहुत दुखद दिन है। रतन टाटा का जाना ना सिर्फ टाटा ग्रुप, बल्कि हर भारतीय के लिए बड़ा नुकसान है। व्यक्तिगत तौर पर रतन टाटा का जाना मुझे बहुत दुख से भर गया है, क्योंकि मैंने अपना दोस्त खो दिया है। रतन टाटा, दुनियाभर में फैले टाटा साम्राज्य के सबसे चमकदार रत्न थे। उन्होंने मैनेजमेंट की मॉडर्न तकनीकों को अपनाकर टाटा ग्रुप को दुनिया का भरोसेमंद ब्रांड बनाया। उन्होंने कभी भी टाटा के संस्थापकों के विजन से समझौता नहीं किया। आज जब नैतिकता का स्तर गिर रहा है, उस दौर में भी रतन टाटा व्यक्तिगत स्तर पर मॉरल वैल्यूज को थामे रहे। सही मायनों में रतन टाटा देश के उद्योग का प्रतिनिधित्व करते थे। हम विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर क्षेत्र में उनके भरोसे, उत्कृष्टता और नवीनता के मूल्यों को अपनाते हुए प्रयास कर रहे हैं, यही रतन टाटा को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। वे भारतीय उद्योग के आधुनिकीकरण से गहराई से जुड़े थे। और इससे भी अधिक इसके वैश्वीकरण के साथ जुड़े थे। बड़ी संपत्ति होने के बावजूद वे अपनी साधारण जीवनशैली और टाटा ट्रस्ट के जरिये परोपकारी कार्यों के लिए चर्चा में रहे। टाटा संस में अपने नेतृत्व के दौरान, उन्होंने टेटली, कोरस और जगुआर लैंड रोवर जैसी कंपनियों का अधिग्रहण करके टाटा समूह को मुख्य रूप से घरेलू कंपनी से वैश्विक पावरहाउस में बदल दिया. उनके नेतृत्व में, टाटा वास्तव में 100 बिलियन डॉलर से अधिक मूल्य के वैश्विक व्यापार साम्राज्य में विकसित हुआ. दिसंबर 2012 में, टाटा अपने पद से रिटायर हो गए और उनकी जगह पर साइरस मिस्त्री ने पदभार संभाला, जिनका 2022 में एक कार दुर्घटना में निधन हो गया था। बुढापे के बावजूद रतन टाटा जीवन पर्यंत बेहद साधारण जीवन जीते रहे। उनकी सादगी स्वयं सदी के महानायक अमिताभ बच्चन ने भी एक हवाई यात्रा के दौरान महसूस की थी। ऐसे महान व्यक्तित्व को नमन।

# रतन टाटा भारत के उद्योगों के रत्न

कल रात मुंबई के ब्रिज कैंडी हॉस्पिटल में 86 वर्ष की उम्र में रतन टाटा का निधन हो गया रतन टाटा के निधन की खबर से लोग काफी ज्यादा दुखी हैं। रतन टाटा न केवल अपने बिजनस के लिए बल्कि अपने व्यक्तित्व के लिए भी जाने जाते थे। दूसरों की मदद करते रहने की आदत की वजह से लोग टाटा संस के चेयरमैन की इतनी ज्यादा इज्जत करते हैं। रतन टाटा से आप सिर्फ बिजनस ही नहीं बल्कि जिंदगी जीने का तरीका भी सीख सकते हैं। अगर आपने रतन टाटा द्वारा कही गई इन बातों पर अमल कर लिया, तो यकीन मानिए आपको सफलता का मुकाम हासिल करने से कोई नहीं रोक सकता। उतार-चढ़ाव को स्वीकार करें रतन टाटा कहते थे कि जीवन में आगे बढ़ने के लिए उतार-चढ़ाव जरूरी है। ईसीजी में एक सीधी रेखा का मतलब है कि हम जीवित नहीं है। रतन टाटा के इस कोट के मुताबिक आपको उतार-चढ़ाव को स्वीकार करने की कोशिश करनी चाहिए। असफलता का शोक मनाने की जगह सीख लेकर आगे बढ़िए। खुद पर होना चाहिए भरोसा रतन टाटा का कहना था कि वो सही फैसले लेने में विश्वास नहीं करते, वो फैसले लेते हैं और फिर उन्हें सही साबित कर देते हैं। इस कोट के मुताबिक आपको खुद पर भरोसा होना चाहिए। अगर आप अपने लिए गए फैसलों को लेकर कॉन्फिडेंट हैं, तो आपको आज नहीं तो कल सफलता जरूर मिलेगी। सबको साथ लेकर चलें रतन टाटा कहते थे कि अगर आप तेजी से चलना चाहते हैं तो आपको अकेले चलकर सफर तय करना चाहिए। लेकिन अगर आप दूर तक चलना चाहते हैं तो आपको सभी के साथ मिलकर सफर तय करने की कोशिश करनी चाहिए। चुनौती को मौके में बदलें रतन टाटा का कहना था कि अगर लोग आपके ऊपर पत्थर मारते हैं, तो आपको उन पत्थरों का इस्तेमाल अपना महल बनाने के लिए कर लेना चाहिए। कुल मिलाकर आपको अपने सफलता के सफर के दौरान दिखाई देने वाली बाधाओं या फिर चुनौतियों को अवसर में बदल देना चाहिए। आगे आने वाली कई पीढ़ियां रतन टाटा के इन अनमोल विचारों से बहुत कुछ सीख सकती हैं। इस तरह के विचारों पर अमल कर आप न केवल अपने प्रोफेशन में सफलता हासिल करेंगे बल्कि लोगों के प्रेरणादायक भी हैं रतन टाटा भारत के उद्योगों के रत्न के हैं जिन्होंने टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ फंडमेन्टल रिसर्च, टाटा स्टील, टी आई एफ आर जैसे संस्थान को चमकाया है विनम्र श्रद्धांजलि!

# भगवान राम द्वारा शक्ति जागरण

**वास्तव में, यह विजय दशमी भगवान राम द्वारा प्रारंभ किया हुआ तथा परब्रह्म परमेश्वरी से प्रेरित शक्ति जागरण है। इस जगत में अगर आप बाहरी युद्ध में विजय प्राप्त करना चाहते हैं तो सर्वप्रथम आंतरिक विजय आवश्यक है। अपने काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार आदि को माया के वशीभूत मत होने दीजिए। सत्य के लिए तथा सत्य में ही प्रतिष्ठित होकर युद्ध कीजिए। इस तरह से जीवन की प्रत्येक संग्राम में आपका विजय सुनिश्चित है। भगवान अपने अमोघ शक्ति से उसके सारे अहंकार का नाश कर दिए और जैसे ही अहंकार का नाश हुआ, उसे अपने स्वरूप में प्रभु श्रीराम का दर्शन हो गया। इसलिए, अंहकार ही आत्मतत्व के दर्शन में सबसे बड़ा बाधक है।**



अवधेश झा

शक्ति परब्रह्म परमात्मा का ही अनंत स्त्रोत का क्रिया भाव है। इसलिए, शक्ति के माध्यम से ही विभिन्न भावों की प्राप्ति होती है और शक्ति से ही विभिन्न भावों का नाश होता है। शक्ति की अधिष्टिता ह्लमहामायाह्व देवी हैं, जो अपनी योगमाया से ब्रह्मांड को शक्तिशाली और क्रियाशील रखी हैं। आदि शक्ति प्रकृति की मूल दुर्गा हैं जो महाकाली, महालक्ष्मी और महासरस्वती के रूप में विद्यमान हैं। पुरुष आत्म तत्व है तथा प्रकृति ही उसकी शक्ति है। इसलिए, शक्ति कभी भी आत्मा के विपरीत नहीं जाता है। शक्ति से ही शक्ति (सत्य भाव से) पर विजय प्राप्त किया जा सकता है। शक्ति ब्रह्मनिष्ट, आत्मनिष्ट या सत्यनिष्ठ पुरुष को हानि नहीं पहुंचाती है। शक्ति सुरक्षा और कवच भी है। शक्ति संकल्प और साधना भी है। रावण अपने कुल देवी की साधना कर उनसे सुरक्षा प्राप्त तो कर लिया। वास्तव में, साधना चाहे शुभ संकल्प के लिए हो या अशुभ कृत के लिए; माता तो तत्क्षण उसके साधना का फल तो दे ही देतीं हैं, लेकिन वह फलित नहीं हो पाता है। श्रीराम और रावण का जब युद्ध प्रारंभ हुआ तो रावण को कुलदेवी की विशेष सुरक्षा के कारण युद्ध में उसे क्षति नहीं पहुंच रही थी। जामवंत इस बात से अवगत थे और उन्होंने प्रभु श्रीराम को भी दुर्गा शक्ति को जागृत करने की परामर्श दिया। प्रभु, बड़ों की अनुभव पूर्ण बात कैसे टाल सकते थे। उन्होंने, उनकी परामर्श को सहज ही स्वीकार किया तथा माता की आराधना हेतु संकल्प लिए और शक्ति जागरण हेतु साधना प्रारंभ कर दिए। युद्ध की ऐसी विकराल स्थिति जिसका द्रष्टा तीनों लोक था। देवता परिणाम की प्रतीक्षा में थे। उस रणभूमि के मध्य में तपस्वी, मनीषी और योगेश्वर राम ह्लशक्ति जागरणह्व की साधना में लीन हो गए। प्रथम दिवस यम और नियम का पालन किए, तत्पश्चात शक्ति के सातों (कुंडलिनी) द्वार को खोलते हुए, वहां पहुंच गए जहां, शक्ति की अधिष्टिता देवी सहस्त्रहार चक्र में अर्धनारीश्वर महादेव के साथ अवस्थित थीं। इस क्रम में, उन्होंने राम का परीक्षा लिया और अजेय राम सफल हुए तथा विजयश्री की प्राप्ति हुई। वास्तव में, माता आदि शक्ति भगवान की ही वहीरंगा शक्ति हैं और माता सीता प्रभु की अंतरंगा शक्ति हैं। प्रभु जिस आंतरिक शक्ति के लिए युद्ध आरंभ किए थे, स्वाभाविक है कि केवल बाहरी शक्ति को आज्ञा ही देना था और वो सक्रिय हो जाती। जब प्रभु श्रीराम आज्ञा चक्र तक की यात्रा किए तो शक्ति माता ने कहा, ह्लआप केवल मुझे आज्ञा दीजिए मैं समस्त शक्ति के साथ आपके समक्ष उपस्थित हो जाऊंगीह्व। लेकिन, प्रभु मयार्दा पुरुषोत्तम हैं, नियमों की उपेक्षा कैसे कर सकते थे! इसलिए, सम्पूर्ण विधि विधान का पालन करते हुए, माता की आराधना किए तथा उन्हें जागृत किए और वरदान प्राप्त किया। वास्तव में, यह विजय दशमी भगवान राम द्वारा प्रारंभ किया हुआ तथा परब्रह्म परमेश्वरी से प्रेरित शक्ति जागरण है। इस जगत में अगर आप बाहरी युद्ध में विजय प्राप्त करना चाहते हैं तो सर्वप्रथम आंतरिक विजय आवश्यक है। अपने काम, क्रोध, लोभ, मोह, अहंकार आदि को माया के वशीभूत मत होने दीजिए। सत्य के लिए तथा सत्य में ही प्रतिष्ठित होकर युद्ध कीजिए। इस तरह से जीवन की प्रत्येक संग्राम में आपका विजय सुनिश्चित है। किसी भी भाव का अति रूप ही रावण है। इसलिए, वह अत्यधिक ज्ञानी और बुद्धिमान होते हुए भी, अत्यधिक अभिमानी, क्रोधी, अहंकारी, लोभी, कामना से ग्रसित तथा आसुरी प्रवृत्तियों में लिप्त होने से उसके समस्त शुभ गुण ऐसे ढका हुआ था, जैसे सूर्य बादल से ढक जाता है। भगवान अपने अमोघ शक्ति से उसके सारे अहंकार का नाश कर दिए और जैसे ही अहंकार का नाश हुआ, उसे अपने स्वरूप में प्रभु श्रीराम का दर्शन हो गया। इसलिए, अंहकार ही आत्मतत्व के दर्शन में सबसे बड़ा बाधक है।

शक्ति संकल्प से ही पूर्ण होता है। शक्ति का जागरण अगर शुभ संकल्प के लिए होता है तो उसका परिणाम चिरकाल तक व्याप्त रहता है। इसका उत्तम उदाहरण प्रभु श्रीराम हैं।अपने पंच भौतिक शरीर की जो शोधन क्रिया है उसमें भी शक्ति की ही आवश्यकता है। इसलिए, पृथ्वी, जल, अग्नि, वायु, आकाश और आत्म तत्व आदि का शोधन किया जाता है। माता की सम्पूर्ण शक्ति आपमें सुप्त रूप से विद्यमान है। इसे जागृत करने की आवश्यकता है। यही शक्ति माता हैं, जो महालक्ष्मी रूप भरण पोषण तथा धन - ऐश्वर्य प्रदान करती हैं। यही शक्ति दुर्गा रूप में समस्त कामनाओं की पूर्ति करती हैं और मुक्ति प्रदान करती हैं। यही शक्ति महासरस्वती हैं जो बुद्धि और ज्ञान प्रदान करती हैं, जिससे कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। ॐ श्रीसीता - रामाय नमः! ॐ क्लीं कृष्णाय नमः! ॐ दुं दुगार्यै नमः ! ॐ ऐं ह्रीं क्लीं चामुंडायै विच्चे!

# मां सिद्धिदात्री ने भगवान शिव को 18 प्रकार की सिद्धियाँ दी थी - नवरात्र में नवमी को होती है मां सिद्धिदात्री की पूजा

**जब देवी कुष्मांडा ने अपनी मुस्कान के तेज से ब्रह्मांड की रचना की थी। इसके बाद मां कुष्मांडा ने भगवान ब्रम्हा - सृजन की ऊर्जा, भगवान विष्णु - पालन की ऊर्जा और भगवान शिव - विनाश की ऊर्जा - की, इस प्रकार त्रिमूर्ति का निर्माण हुआ। एक बार जब वे निर्मित हो गए, तो भगवान शिव ने माँ कुष्मांडा से उन्हें पूर्णता प्रदान करने के लिए कहा। तो, मां कुष्मांडा ने एक और देवी का निर्माण किया जिसने भगवान शिव को 18 प्रकार की सिद्धियाँ प्रदान कीं। इनमें भगवान कृष्ण द्वारा वर्णित अष्ट सिद्धि (पूर्णता के 8 प्राथमिक रूप) के साथ-साथ पूर्णता के 10 माध्यमिक रूप भी शामिल हैं।**





जितेन्द्र कुमार सिन्हा,
लेखक

नवरात्र शब्द से नव अहोरात्रों (विशेष रात्रियों) का बोध होता है। इस अवधि में मां दुर्गा के नवरूपों की उपासना की जाती है। रात्रि शब्द सिद्धि का प्रतीक है। भारत के प्राचीन ऋषि-मुनियों ने रात्रि को दिन की अपेक्षा अधिक महत्व दिया है, इसलिए दीपावली, होलिका, शिवरात्रि और नवरात्रि आदि उत्सवों को रात में ही मनाने की परंपरा है। मान्यता यह भी है कि नवरात्रि के दिनों में मां दुर्गा, धरती पर आती हैं और नौ दिनों तक अपने स्वागत करने वाले भक्तों के साथ रहती हैं। मां दुर्गा की रचना देवताओं ने, राक्षसों के भयानक अत्याचारों को समाप्त करने के लिए की थी। महिषासुर और मां दुर्गा ने नौ दिन और नौ रात युद्ध किया था और अंत में, दसवें दिन, मां दुर्गा राक्षस महिषासुर को मारकर विजयी हुईं थी। इसलिए नवरात्र के नौवें दिन, सभी लोग अपनी आजीविका और काम के उपकरणों की पूजा करते हैं। नवरात्र के अंतिम दिन यानि नौवे दिन मां सिद्धिदात्री की पूजा-आराधना होती है। नवमी का विशेष महत्व होता है। मां दुर्गा का हर रूप अद्भुत और शारदीय नवरात्र के 9 दिन के बाद दशमी पर सिंदूर खेला, विसर्जन और रावण दहन का त्योहार मनाया जाता है। करुणामय है। मां दुर्गा की नौवीं शक्ति है मां सिद्धिदात्री, जो सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली मां हैं। मां सिद्धिदात्री की कहानी उस समय शुरू होती है जब हमारा ब्रह्मांड एक गहरे शून्य से ज्यादा कुछ नहीं था। वह अंधकार से भरा हुआ था और जीवन का कोई चिन्ह नहीं था। यह वह समय था जब देवी कुष्मांडा ने अपनी मुस्कान के तेज से ब्रह्मांड की रचना की थी। इसके बाद मां कुष्मांडा ने भगवान ब्रम्हा - सृजन की ऊर्जा, भगवान विष्णु - पालन की ऊर्जा और भगवान शिव - विनाश की ऊर्जा - की, इस प्रकार त्रिमूर्ति का निर्माण हुआ। एक बार जब वे निर्मित हो गए, तो भगवान शिव ने माँ कुष्मांडा से उन्हें पूर्णता प्रदान करने के लिए कहा। तो, मां कुष्मांडा ने एक और देवी का निर्माण किया जिसने भगवान शिव को 18 प्रकार की सिद्धियाँ प्रदान कीं। इनमें भगवान कृष्ण द्वारा वर्णित अष्ट सिद्धि (पूर्णता के 8 प्राथमिक रूप) के साथ-साथ पूर्णता के 10 माध्यमिक रूप भी शामिल हैं। यह देवी जिसमें भगवान शिव को ये सिद्धियाँ प्रदान करने की क्षमता थी, माँ सिद्धिदात्री हैं - पूर्णता की दाता। अब, भगवान ब्रह्मा को शेष ब्रह्मांड का निर्माण करने के लिए कहा गया। हालाँकि, उन्हें सृष्टि के लिए एक पुरुष और एक महिला की आवश्यकता थी, भगवान ब्रम्हा को यह कार्य बहुत चुनौतीपूर्ण लगा। उन्होंने माँ सिद्धिदात्री से प्रार्थना की और उनसे उनकी मदद करने को कहा। भगवान ब्रम्हा के अनुरोध को सुनकर, मां सिद्धिदात्री ने भगवान शिव के आधे शरीर को एक महिला के शरीर में बदल दिया। इसलिए, भगवान शिव को अर्धनारीश्वर (अर्ध - आधा, नारी - महिला, ईश्वर - भगवान शिव को संदर्भित करता है) के रूप में भी जाना जाता है। भगवान ब्रम्हा अब शेष ब्रह्मांड के साथ-साथ जीवित प्राणियों का निर्माण करने में सक्षम थे। तो, यह माँ सिद्धिदात्री ही थीं जिन्होंने ब्रह्मांड के निर्माण में भगवान ब्रम्हा की मदद की और भगवान शिव को पूर्णता भी प्रदान की। मां सिद्धिदात्री को कमल या सिंह पर विराजमान दशार्या गया है। उनकी चार भुजाएं हैं और प्रत्येक हाथ में शंख, गदा, कमल और चक्र है। ऐसा माना जाता है कि मां सिद्धिदात्री अपने भक्तों को आध्यात्मिक ज्ञान का आशीर्वाद देती हैं और उनकी अज्ञानता को नष्ट करती है। मान्यता है कि मां सिद्धिदात्री की शास्त्रीय विधि- विधान और पूर्ण निष्ठा के साथ साधना करने वाले साधक को सभी सिद्धियों की प्राप्ति हो जाती है। भगवान शिव ने भी मां सिद्धिदात्री की कृपा से ही तमाम सिद्धियाँ प्राप्त की थीं, इन सिद्धियों में अणिमा, महिमा, गरिमा, लधिमा, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व शामिल हैं। इस देवी की कृपा से ही शिव अर्द्धनारीश्वर नाम से प्रसिद्ध हुए। हिमाचल के नन्दापर्वत पर इनका प्रसिद्ध तीर्थ है। यह भी मान्यता है कि मां सिद्धिदात्री की पूजा करने से बाकी मां दुर्गा के अन्य रूपों की उपासना भी स्वयं हो जाती है और अष्ट सिद्धि, नव निधि, बुद्धि और विवेक की प्राप्ति होती है।

मां सिद्धिदात्री का मन्त्र
सिद्धगन्धर्व- यक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि
।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

राकेश अचल

# ऋषि परम्परा के उद्योगपति थे रतन टाटा

आज हिंदुस्तान में सबसे बड़ी खबर श्रीमान रतन के निधन की है। रतन टाटा आजाद भारत में उद्योग जगत के ऐसे नायक कहें या महानायक कहें जिन्हें हर कोई स्नेह करता था। वे 86 साल के थे, उनका जाना दुखी करता है लेकिन उनका जीवन कभी भी शोक का क्षोभ का कारण नहीं रहा। क्योंकि उनके हिस्से में यश-कीर्ति के अलावा कुछ और था ही नहीं। वे अपयश से कोसों दूर रहे। जो उनसे मिला वो भी और जो उनसे नहीं मिला वो भी रतन टाटा का मुरीद था। मै रतन टाटा से कभी नहीं मिला, लेकिन मुझे ऐसा प्रतीत होता था कि वे हमारे घर के ही बुजुर्ग सदस्य हैं। वे न हमारी जाति के थे और न बिरादरी के, फिर भी अपने से थे। वे पारसी थे, ये बहुत कम लोग जानते होंगे, क्योंकि उन्होंने कभी अपने पारसी होने का डंका नहीं पीटा, जैसे की आज लोग अपने हिन्दू होने का डंका पीटते हैं। हिन्दुस्तान के बच्चे-बच्चे की जुबान पर रतन टाटा का नाम था। आखिर क्यों न होता? आखिर एक जमाने में टाटा उद्योग समूह ने भारतीयों के लिए छोटे से लेकर बड़े उपभोक्ता सामन का गुणवत्ता के साथ निर्माण किया और जन-जन तक उसे पहुंचाया। रतन टाटा दरअसल आज के भारत में एक अपवाद थे, जो उद्योगपति होते हुए भी सादगी पसंद थे। उनका जीवन हर किसी के लिए प्रेरणा का स्त्रोत है। उनके जीवन के तमाम ऐसे किस्से हैं जो आपको चौंकाएंगे भी और प्रभावित भी करेंगे। आज के युग में जहाँ कोई भी उद्योगपति विवादों से परे नहीं है। विवाद भी ऐसे जो कि जो आपको हैरान भी करें और दुखी भी। लेकिन रतन टाटा इन सबसे बचे रहे। कैसे बचे रहे ये शोध का विषय हो सकता है। रतन टाटा को हालाँकि भारतरत्न अलंकरण नहीं मिला लेकिन वे थे तो भारतीय उद्योग जगत के रतन ही। उनकी चमक दमक आखरी वक्त तक कायम रही। उनका नाम सड़क से संसद तक सम्मान के साथ ही लिया गया। कभी किसी कि सरकार के साथ उनकी न नजदीकी रही और न दूरी। किसी सरकार को उनकी वजह से और उन्हें किसी सरकार की वजह से न विवादित होना पड़ा और न अपमानित। उन्हें लेकर संसद में कभी कोई उत्तेजक बस नहीं हुई। रतन टाटा को ईश्वर ने बेहद खूबसूरत बनाया था। वे यदि उद्योगपति न होते और फिल्मी दुनिया में काम कर रहे होते तो शायद वहां भी उनका स्थान शीर्ष पर ही होता। रतन जी खास होकर भी हमेशा आम आदमी कि बारे में सोचते थे। पूर्व प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गाँधी कि छोटे बेटे की कल्पना से जैसे सबसे सस्ती पारिवारिक कार मारुती-800 का जन्म हुआ था उसी तरह रतन टाटा ने भी 1 लाख की कीमत वाली नैनो कार का निर्माण कराया और आम आदमी कि कार वाले सपनों में रंग भरे थे। नैनो को मारुती-800 जैसा प्रतिसाद नहीं मिला लेकिन उनकी सोच को प्रणाम किया गया और उसे एक कीर्तिमान की तरह हमेशा याद किया जाएगा। रतन टाटा अविवाहित थे, क्यों थे इसकी एक अलग कहानी है। उस पर आज लिखना मुनासिब नहीं है। लेकिन अविवाहित होने से उनके जीवन पर, उनकी उपलब्धियों पर उनकी रफ्तार पर कोई फर्क पड़ा हो ये किसी ने अनुभव नहीं किया। इस मामले में आप उनकी तुलना पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी से कर सकते हैं। उनका अविवाहित होना या उनका पढ़ा-लिखा होना कभी उस तरह विवादित नहीं हुआ जैसा आज कि जननायकों का होता है। वे एक विरासत कि मालिक थे। उनके ऊपर परिवारवाद का आरोप नहीं लगाया जा सकता जिस तरह राजनेताओं पर लगाया जाता है। हमेशा हंसमुख रहने वाले रतन टाटा के जीवन में दर्द भी कम नहीं था लेकिन उन्होंने अपना दुःख बांटा नहीं बल्कि उसे अपने उद्योग में विलीन कर सुख में बदलने की कोशिश की। वे अविवाहित तो थे ही साथ ही उन्होंने जिस युवक को अपना उत्तराधिकारी बनाया था वो भी उनके जीवनकाल में ही असमय चल बसा। रतन टाटा कि भारत के विकास में योगदान को रेखांकित करने की जरूरत नहीं है क्योंकि वे किस न किसी रूप में भारत कि जनमानस में मौजूद हैं। नमक से लेकर कलाई घडी तक टाटा ही टाटा है। भारत में जो विश्वसनीयता टाटा और बाटा को मिली वैसी विश्वसनीयता कि लिए आज दुनिया कि नंबर एक और दो क्रम कि भारतीय उद्योगपतियों को भी हासिल नहीं है। बल्कि आज तो उद्योगपतियों को लुटेरों की संज्ञा दी जाने लगी है जो सरकार की मदद से, संरक्षण से जनता को लूटने में लगे हैं। रतन टाटा कि साथ ये सब बाबस्ता नहीं है। वे निर्विवाद रहे और जो विवाद उनके साथ जोड़े भी गए उनकी उम्र बहुत छोटी साबित हुई। रतन टाटा हालाँकि उद्योगपति थे किन्तु वे राजनीतिक क्षेत्र में काम करने वालों कि लिए भी आदर्श बन सकते हैं। उन्होंने अपने जीवनकाल में ही अपने उद्योग समूह से निवृत्ति ले ली थी। वे कुर्सी से चिपके रहने में भरोसा नहीं करते थे, जबकि रजनीति में लोग आजन्म सत्ता से चिपके रहा चाहते हैं। रतन टाटा अपने उद्योग समूह कि मानद प्रमुख जरूर थे किन्तु उन्होंने जो आदर्श प्रस्तुत किया वो अनुकरणीय है। वे कैमरा प्रेमी भी नहीं थे, वे मूक प्राणियों कि मित्र थे, खासतौर पर श्वानों क। मैंने कहीं पढ़ा था कि वे सालों से मुम्बई के कोलाबा जिले में एक किताबों और कुत्तों से भरे हुए बेचलर फ्लैट में रह रहे थे। रतन टाटा कि चेरे से शर्म ऐसे टपकती थी जैसे किसी सुकुमार कि चेहरे से टपकती है। उन्हें कभी भारत के आज कि जन नायकों की तरह दिन में दस बार कपडे बदलते नहीं देखा गय। इस मामले में वे उद्योग जगत के डॉ मन मोहन सिंह थे। एक खास रंग का सूट और टाई उनकी पहचान रहे। वे चाहते तो दुनिया का महंगे से महंगा कपड़ा पहन सकते थे, लेकिन सादगी से प्रेम ने उन्हें ऐसा करने नहीं दिया। भारतरत्न जेआरडी टाटा रतन टाटा के चाचा थे। रतन टाटा का जाना लम्बे समय तक एक शून्य का कारण बना रहेगा, क्योंकि कोई दूसरा रतन टाटा पैदा होने में वक्त लगता है और कभी-कभी कोई दूसरा पहले जैसा पैदा हो भी नहीं पाता। रतन टाटा के लिए मै कोई स्मारक बनाने या कोई संसथान खोलने का सुझाव नहीं दूंगा, क्योंकि ये सब तो नेताओं की जरूरत होते हैंउद्योगपतियों की नहीं। खासतौर पर रतन टाटा जैसे ऋषि परम्परा के उद्योग पतियों को तो इसकी जरूरत होती ही नहीं है। विनम्र श्रृद्धांजलि।

# अंचलाधिकारी अपने राजस्व कर्मचारियों को कैम्प लगाकर अगले 7 दिनों में 100 एलपीसी करवाए : डीएम

प्रात: किरण संवाददाता



गया। जिला पदाधिकारी गया डॉ० त्यागराजन एसएम की अध्यक्षता में भू अर्जन विभाग से संबंधित समीक्षा बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में की गई है। भू अर्जन कार्यालय से संचालित योजनाएं एनएच 119डी भारत माला आमस से रामनगर एव एनएच 02 आदि की समीक्षा की गई है।

एनएच 119 डी भारतमाला आमस से रामनगर निर्माण योजना के समीक्षा में बताया गया कि इस योजना के तहत कुल 57 राजस्व ग्राम है तथा इसकी प्राक्कलित राशि 272.40 करोड़ में से 208.584 करोड़ रुपये रैयत के बीच मुआवजा वितरित की जा चुकी है। पिछले दो महीने में 15 करोड़ 30 लख रुपए रैयतों के बीच वितरण किया गया है। इसके अलावा 11 करोड़ 40 लख रुपए रैयतों के आपसी सहमति नहीं के कारण न्यायालय में पैसा को सुरक्षित जमा कराया गया है। जिला भू अर्जन पदाधिकारी ने बताया कि 2890 रैयतों में से 2300 रैयतों को भुगतान करवा दिया गया है। इस योजना के तहत गुरारू अंचल क्षेत्र में 179 रैयतों का एलपीसी, परैया, बेलागंज, टिकारी द्वारा कुछ ठीक प्रगति है एलपीसी निर्गत करने में परंतु आमस एव गुरुआ में रैयतों का एलपीसी निर्गत नही हुआ है। डीएम ने नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देश दिया है कि संबंधित अंचलाधिकारी अपने अमीन एव राजस्व कर्मचारियों को लगाकर कैम्प मोड में एलपीसी अगले 7 दिनों में 100% करवाये। जहां भी रैयतों का नाम स्पष्ट है उन मामलों में हर हाल में 3 दिनों में एलपीसी निर्गत करे। शेष मामलों में राजस्व कर्मचारी के माध्यम से नोटिस तामिला करव-ाकर एलपीसी निर्गत करवाये। जरूरत पड़ने पर डोर टू डोर रैयतों के घर पर अमीन और राजस्व कर्मी को भेजे, और एलपीसी बनवाने में ग्रामीणों का सहयोग करे। एलपीसी बनाने में मुख्य रूप से पारिवारिक सूची बनाना अनिवार्य है इसके लिए ग्रामीणों को हर संभव मदद करें। जिला भुर्जन पदाधिकारी ने बताया कि अब तक 1864 एलपीसी विभिन्न अंचलों द्वारा निर्गत हुए थे।उसके एवज में 1864 रैयतों को मुआवजा भुगतान भी करवा दिया जा चुका है। गुरुआ के काज मौजा एव आमस के गंगटी मौजा में सड़क निर्माण थोड़ी धीमी है, संबंधित अंचलाधिकारी उसे तेजी से समाधान करवाये। डीएम ने निर्देश दिया है कि जिस भी मौजा या रकवा का एलपीसी निर्गत है, उन मामलों के मुआवजा भुगतान में कोई देरी नही करे। इस प्रोजेक्ट के प्रॉजेक्ट डायरेक्टर ने बताया कि सभी छोटे छोटे स्ट्रेच को पजेशन दिलवाकर सड़क निर्माण करवाने हेतु आलाधिकारियों की सहयोग अपेक्षित है, डीएम ने सभी आलाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रॉजेक्ट डायरेक्टर के माध्यम से जो भी जहां भी पजेशन की आवश्यकता पड़े, उन्हें मदद करे। ताकि ज्यादा से ज्यादा स्ट्रेच का काम पूरा हो सके। गुरुआ में 20 की संख्या में अवरोध वाला स्थल चिन्हित किया गया है। इसके अलावा गुरारू में 04 स्थानों पर अवरोध स्थल चिन्हित किया गया है। इन स्थलों पर कैम्प करवाकर तेजी से समाधान करवाते हुए योजना को पूर्ण करवाने को कहा है। जिला पदाधिकारी ने भुर्जन पदाधिकारी को निर्देश किया है कि प्रत्येक सप्ताह, साप्ताहिक रूप से परियोजनाओं की समीक्षा करें ताकि जो भी छोटी-छोटी समस्याएं सामने आ रही हैं वह समाधान हो जाए और योजनाओं का कार्य तेजी से चलता रहे हैं। एनएच 02 औरंगाबाद से चोरदाहा सिक्स लेन चौड़ीकरण योजना की समीक्षा में बताया गया कि 225.29 करोड़ आवंटन के एवज में 225.10 करोड़ राशि का वितरण कर दिया गया है। इस योजना में 64 राजस्व ग्राम हैं। 43.79 हेक्टेयर रकवा का दखल कब्जा करवाया गया है। डीएम ने निर्देश दिया कि योजना के क्रियान्वयन में यदि कही सरकारी जमीन में अतिक्रमण के कारण काम अवरुद्ध है, तो तुरंत अतिक्रमण हटवाए, उसमे कोई कोताही नही करे।

## कपड़ा खरीदने के दौरान दोस्तों ने कृष्णा की गोली मार की हत्या

पटना सिटी, प्रातःकिरण संवाददाता। मालसलामी थाना क्षेत्र के सिमली मुरारपुर भट्ठी के नीचे अपराह्न में एक युवक की गोली मारकर उसके दोस्त ने ही हत्या कर दी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंची। इस दौरान विधि विरुद्ध दोस्त को निरुद्ध कर पूछताछ की जा रही है। एक अन्य मित्र की तलाश में पुलिस छापेमारी कर रही है। डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार ने बताया कि तीन दोस्त सिमली मुरारपुर भट्ठी के नीचे एक कपड़े की दुकान में खरीदारी करने को गए थे। वहीं पर किसी बात को लेकर तीनों के बीच विवाद हो गया। इसी दौरान तीन में से एक युवक कृष्णा कुमार को गोली मार दी। इससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। जैसे ही इसकी सूचना मालसलामी थाना की पुलिस को मिली, थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। घटनास्थल पर मृतक कृष्णा के साथ रहे विधि विरुद्ध बालक को निरुद्ध किया गया है। उस।से पुलिस पूछताछ कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

### शराब माफिया जयंतकांत के घर रेड, पुलिस को धक्का देकर हुआ फरार

प्रात: किरण संवाददाता

पटना सिटी । चौक थाना क्षेत्र के मंगल तालाब के स्लम एरिया से सटे बागलोदन गली में रहने वाला शराब माफिया जयंत कांत के घर पर पुलिस ने गुरुवार को छापेमारी की। इस दौरान वह पुलिस से उलझ गया और एक पुलिस पदाधिकारी को धक्का देते हुए भागने में सफल हो गया। हालांकि इस दौरान पुलिस ने एक को गिरफ्तार किया है। साथ ही वहां से देसी शराब, बीयर केन और टेट्रा पैक बरामद किया है। डीएसपी-2 डॉ गौरव कुमार के नेतृत्व में चौक थाना की पुलिस, जिसमें पुलिस पदाधिकारी और बल शामिल था, जयंत कांत के घर पर होने की सूचना मिली। इसके बाद पुलिस ने उसके घर पर धावा बोला। इस दौरान जयंत कांत पुलिस को चकमा देकर घर के अंदर ही इधर से उधर हो रहा था। अचानक उसने पकड़े जाने पर पुलिस पदाधिकारी को धक्का दे दिया और भागने में सफल रहा। सूचना मिलने के बाद महिला दारोगा एएसआई दीनदयाल राम, जितेंद्र कुमार और बल के साथ रानीपुर रसूलपुर पहुंचीं थीं। यह संबंध में मेंहदीगंज थाना में कांड 144/24 दर्ज किया गया था। इसमें जयंत कांत पिता जीवन राय उर्फ मुन्नीलाल, जयंतकांत के दो बेटे आदित्य कुमार, सुजीत कुमार एवं विक्की कुमार के अलावा अन्य अज्ञात को नामजद किया गया था।

### जयंती पर याद किए गए पूर्व मंत्री खदेरन सिंह, दी गई श्रद्धांजलि

प्रात: किरण संवाददाता

बिक्रम :- गोपाल विद्यार्थी बिहार के पूर्व मंत्री खदेरन सिंह की 125वीं जयंती पर उन्हें याद किया गया। मौके पर गोरखरी निवासी समाजसेवी गुड्डु सिंह की अध्यक्षता में समारोह आयोजित कर उनको श्रद्धांजलि दी गई। पार्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय के सामने स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा की अध्यक्षता कर रहे कार्यक्रम के संयोजक गुड्डु सिंह ने कहा कि खदेरन बाबु बिहार सहित भारतीय राजनीति में एक आदर्श स्थापित किया। बिहार में मंत्री रहते हुए उन्होंने समाज के विभिन्न क्षेत्र में कई अनुकरणीय बदलाव किए। उन्होंने अपने क्षेत्र सहित समस्त बिहार के विकास में अहम योगदान दिया, बिक्रम में कई सौगात दी। इस मौके पर डॉ आशुतोष शर्मा, सुजीत रविदास, अवध किशोर, बीरेन्द्र यादव समेत कई शिक्षाविद व समाजसेवियों ने पूर्व मंत्री खदेरन सिंह से जुड़े संस्मरण सुनाए, मौके पर सैकड़ों की संख्या में जुटे स्थानीय लोगों ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी ।

### पुलिस ने देशी शराब के साथ एक धंधेबाज को किया गिरफ्तार,वाहन भी जब्त

प्रात: किरण संवाददात

छपरा।दाउदपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ सफलता हासिल की है.पुलिस ने 275 लीटर देशी शराब के साथ एक चार पहिया वाहन जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है.यह कार्रवाई सारण पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के सेवन, निर्माण, बिक्री, भंडारण, और परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई.बताया जाता है की 09 अक्टूबर को दाउदपुर थाना को गुप्त सूचना मिली कि एक चार पहिया वाहन में शराब की बड़ी खेप बनबार पुल से दाउदपुर बाजार की ओर जा रही है.सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दाउदपुर थाना के सामने सघन वाहन चेकिंग अभियान शुरू किया.चेकिंग के दौरान एक चार पहिया वाहन पुलिस को देखकर तेजी से मुड़कर सिसवा गांव की ओर भागने लगा.पुलिस टीम ने पीछा कर वाहन को रोका और 275 लीटर देशी शराब बरामद की. इस दौरान प्रदीप कुमार महतो,पिता प्रकाश महतो, निवासी दाउदपुर को मौके पर गिरफ्तार किया गया.वहीं इस मामले में दाउदपुर थाना में कांड संख्या 234/24 के तहत बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम की धारा के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है.पुलिस ने बताया कि अन्य संलिप्त तस्करों की गिरफ्तारी के लिए भी कार्रवाई जारी है.

## दुर्गा पूजा हमारे समाज में एकता और भाईचारे का प्रतीक है: डॉ प्रेम



प्रात: किरण संवाददाता

गया।बिहार सरकार के सहकारिता, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने दशहरा के पावन अवसर पर गया शहर के विभिन्न क्षेत्रों का भ्रमण किया और वहां आयोजित दुर्गा पूजा पंडालों में जाकर माता के दर्शन किए हैं। इस अवसर पर उन्होंने समिति के सदस्यों और उपस्थित श्रद्धालुओं से मुलाकात की तथा उन्हें शुभकामनाएं दीं।डॉ. प्रेम कुमार ने पूजा पंडालों में पहुँचकर मां दुर्गा की आराधना की और बिहार की समृद्धि, शांति और विकास के लिए प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि दुर्गा पूजा हमारे समाज में एकता और भाईचारे का प्रतीक है, जहां सभी धर्म और वर्ग के लोग मिलकर इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाते हैं।पूजा पंडालों में उपस्थित लोगों से संवाद के दौरान उन्होंने कहा कि बिहार सरकार प्रदेश के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है, और समाज के हर वर्ग की भलाई के लिए प्रतिबद्ध है। डॉ. प्रेम कुमार ने जनता से आग्रह किया कि वे पर्यावरण संरक्षण का ध्यान रखें और अपने आस-पास स्वच्छता बनाए रखें।इसके साथ ही मंत्री ने समिति के सदस्यों द्वारा किए गए सामाजिक और धार्मिक कार्यों की सराहना की और कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमारे संस्कृति और परंपराओं को जीवंत बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

समाप्ति में, डॉ. प्रेम कुमार ने समस्त गया शहरवासियों को दशहरा की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और सभी के सुख, शांति, और समृद्धि की कामना की है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि वे पर्व को अनुशासन और भाईचारे के साथ मनाएं, जिससे समाज में सकारात्मकता और सद्भावना बनी रहे।

## राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष ने देश के सुख समृद्धि के लिए प्रार्थना की

प्रात: किरण संवाददाता



गया।राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने महागौरी अष्टमी के अवसर पर अपने पूरे परिवार के साथ रामसागर तालाब स्थित माँ दुर्गा मंदिर में पूजा-अर्चना की है। महागौरी अष्टमी, नवरात्रि के आठवें दिन मनाई जाती है और इस दिन देवी दुर्गा के महागौरी रूप की पूजा की जाती है, जिन्हें शांति, समृद्धि और पवित्रता की देवी माना जाता है। डॉ. मिश्रा ने इस अवसर पर पूरे परिवार के साथ पिता डॉ डी. एन. मिश्रा, माता कलादेवी, पत्नी स्वाति मिश्रा, बहन प्रियंका मिश्रा सहित विधिवत पूजा करते हुए माँ दुर्गा से सुख, शांति और परिवार के कल्याण की प्रार्थना की।महागौरी का स्वरूप अत्यंत शांत और करुणामय माना जाता है। माना जाता है कि उनकी उपासना से कष्टों का निवारण होता है और जीवन में समृद्धि आती है। डॉ. मिश्रा और उनके परिवार ने इस पूजा के माध्यम से अपने जीवन में सुख-शांति की कामना की और देश एवं समाज की समृद्धि के लिए माँ का आशीर्वाद माँगा। पूजा के बाद उन्होंने मंदिर में उपस्थित अन्य भक्तों से भी मुलाकात की और सभी को अष्टमी की शुभकामनाएँ दीं।इस अवसर पर मंदिर में भारी संख्या में श्रद्धालु एकत्रित हुए थे। रामसागर तालाब स्थित यह मंदिर अपने धार्मिक महत्व और सुंदरता के लिए प्रसिद्ध है, जहाँ नवरात्रि के दौरान विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। डॉ. मिश्रा ने पूजा के बाद मंदिर परिसर में भक्तों के साथ समय बिताया और प्रसाद वितरण में भी भाग लिया।मंदिर में इस तरह के आयोजनों का उद्देश्य समाज में सामूहिकता और सौहार्द की भावना को बढ़ावा देना होता है।

डॉ. मिश्रा ने इस पूजा के माध्यम से समाज में शांति, भाईचारे और सामाजिक समरसता के संदेश को और मजबूत करने का प्रयास किया गया है। वार्ड पार्षद सारिका वर्मा सुनील बंबईया राजेंद्र प्रसाद अधिवक्ता संतोष ठाकुर मंटू कुमार महेश यादव बबलू गुप्ता हीरा यादव पूजा में शामिल हुए हैं।

## अवैध शराब के विरुद्ध उत्पाद विभाग एवं एलटीएफ द्वारा की गई छापेमारी अभियान



प्रात: किरण संवाददात

अरवल। जिला पदाधिकारी कुमार गौरव एवं पुलिस अधीक्षक राजेंद्र कुमार भील के निर्देश पर उत्पाद विभाग की टीम और अछळऋ पुलिस थाना की टीम के साथ थाना करपी अंतर्गत रामापुर खजूरी मखमिलपुर मोहम्मदपुर मैं ड्रोन की सहायता से अवैध शराब निर्माण भट्ठियों के विरुद्ध संयुक्त छापेमारी की कार्रवाई की गई जिसमें-8400 लीटर अर्ध निर्मित जावा महुआ शराब एवं 40 लीटर चुलाई शराब घटनास्थल पर विनष्ट किया गया और एक व्यक्ति को 15 लीटर चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया गया साथ ही एक व्यक्ति को वाहन जांच क्रम में 3 लीटर चुलाई शराब के साथ गिरफ्तार किया गया और उत्पाद विभाग द्वारा चलाए गए ब्रेथ एनालाइजर जांच अभियान मैं 17 व्यक्तियों को अवैध शराब के सेवन के आरोप में गिरफ्तार किया गया और अग्रतर कार्रवाई हेतु विशेष उत्पाद न्यायालय जहानाबाद भेज दिया गया हैं

## बंगलामुखी मंदिर गया मैं भारी भिड़,अनुष्ठान से से होती है मुक्ति : सौरभ मिश्र



प्रात: किरण संवाददात

गया। शहर के रामशिला पर्वत उतरी श्रेत्र में मे स्थित वार्ड संख्या 9 में स्थापित टिकारी राज घराने की पहल पर ज्योतिषी एवं प्रसिद्ध तंत्र शिरोमणि बाबख भवानी नंद मिश्रा ने वर्ष 1934के चैत महिना में की थी। इसके कुछ समय बाद मां बगलामुखी की अष्टधातु की प्रतिमा स्थापित हुई थी।इस मंदिर में पूजा अर्चना और उपासना करने वाले मां के भक्तों को शत्रु पर विजयी की मन्नतें पूरी होते हैं।इस मंदिर में हर मंगलवार और गुरुवार के साथ साथ प्रत्येक नवरात्रि में दर्शनाथीयी का मेला लगा रहता है। अनुष्ठान,जप पाठ,यह क्रम सालोंभर चलता रहता है।इसबारे बंगला स्थान के पुजारी नागेन्द्र मिश्रा , अरुण कुमार मिश्रा ने बताया कि टिकारी महराज का मुकदमा इंग्लैंड मे चल रहा था।इसका फैसला कोलकाता हाईकोर्ट मे नही किया जा सका।इस मुकदमे में बुरे फंसे महराजा ने अपने राज्य के सुप्रसिद्ध ज्योतिष व सिद्धि प्राप्त तांत्रिक पंडित भवानी नंद मिश्रा से परामर्श मांगा जिसमें उन्होंने बंगलामुखी अनुष्ठान करने की सलाह दी, पंडित भवानी ने बहादुर गिरी और रामशिला पर्वत के समिप सुनसान जगह को अनुष्ठान के लिए जगह चुना, बंगलामुखी अनुष्ठान के लिए बंगला यंत्र का निर्माण किया गया,इस यंत्र पर एख हजार दल का निर्माण किया गया,जिसे मंदिर परिसर में अभी स्थापित है बंगलामुखी यंत्र के रुप से जाना जाता है।इस कार्यक्रम में पंडित भवानी ने 36 ब्रह्मण्णो द्वारा 36 दिन तक अनुष्ठान किया गया था इस 36 दिनो के बाद ही महराज को मुकदमे में मनोवांछित सफलता प्राप्त मिली थी,इस अनुष्ठान पुरी होने पर यंत्र को विर्सजन के लिए किया जाना था, लेकिन मां बंगला की कृपा से यंत्र हर मानव जाती के लिए दर्शन के लिए छोड दिया गया है और इसके बाद इस मंदिर मे भव्य प्रतिमा स्थापित की गई है।मां बंगलामुखी के बारे में कहा जाता है कि मां बंगलामुखी शत्रु स्तंभनी,चिंता निवारक,संकट नाशनी और राजसता को देती है। इन्हें दुसरे नाम से पिताम्बरा भी कहां जाता है।हिन्दु संतसंव्र पंचांग के अनुसार वैशाख शुक्ल पक्ष की अष्टमी को देवी मा बंगला जी अवतरण दिवस पर भव्य तार्के से इस गया जी मंदिर में विधि विधान से देवी बंगलामूखी की पूजा होती है इन्हें पीताम्बरा, बंगलामुखी,बगला एवं कुडली जागृत करने वाली महाविधा के रुप सै भी जाना जाता है। पीतांबरा होने से पीला रंग इन्हें बहुत ही प्रिय है पुर्व पंडित द्वारा बताया जाता है कि मां बंगलामुखी देवी की अराधना ब्रह्माजी ने की थी। बंगलामुखी का प्रकट्य स्थल गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र मे माना जाता है। मान्यता है कि हल्दी रंग के जल से इनका प्रकाट्य हुआ है।इसी कारण इन्हें पीताम्बरा देवी कहा जाता है।इस संबंध में मंदिर पुजारी सौरभ मिश्र ने कहा कि नवरात्र में माता की विशेष पूजा और श्रृंगार होता है और अनुष्ठान किया जाता है इसके बाद अठमी एवं नवमी को कन्या पूजन होती है ।

## डाकिया अब डाक नहीं लाता:अनंत धीश अमन

प्रात: किरण संवाददाता



गया।सुनहरी भावनाओं का संगम अब हमारे दर पर नहीं आता, हां अब कोई चिट्ठी या खत हमारे घर नहीं आता।

हिमालय की वादियों को उकेरते, बसंत के फूलों को संजोते, एवं मरु हृदय के खबर वाला खत अब हमारे या आपके घर नहीं आता। जिसमें अलंकार श्रृंगार छंद बंध रास रंग प्यास अंग शेरों शायरी हुआ करती थी वो वाला खत जिसमें लिखने वाले व्यक्ति का सिर्फ संवेदना हीं नहीं अपितु उसकी तस्वीर भी हमारी नजरों में उतर आती थी वह खत चिट्ठी अब डाकिया नहीं लाता जिसके इंतजार में कितने खत और लिख डालते थे। वो सुनहरी चमक इंतजार का अब आंखों में नजर नहीं आता।हां डाकिया अब डाक नहीं लाता है।घर में वो मेज या टेबुल भी नजर नहीं आता जिसपर टेबुल लैंप या दीपक हुआ करता था जिसके प्रकाश से सिर्फ शब्द हीं नहीं बल्कि संवेदना उकेरी जाती थी। तमस के अंधेरे में जाग जाग कर संवेदना की रोशनी की शहनाई बजाई जाती थी और आंखें जिससे नई चमक पाती थी वो अब नजर नहीं आता वो मेज लैंप दीपक कुछ भी स्टोर रुम में भी नजर नहीं आता है। जहां मोर पंख या स्याह की शीशी और कलम दवात का भंडार हुआ करता था। जिसके रंग से शब्द सि-ार्फ लिखें हीं नहीं अपितु तराशें जाती थी। वह कुछ अब नजर नहीं आता हां डाकिया अब डाक नहीं लाता है।

प्रेम उत्साह उमंग व्यंग्य खबर दर खबर का अब संचार नहीं होता शब्द कितने भी लिखें हो संवेदना का अब विस्तार नहीं होता अब आंखों में किसी खत का इंतजार नहीं होता। हां डाकिया अब ड-ाक नहीं लाता ढहती बहती संवेदना का कोई प्रतिकार नहीं होता हां अब शब्दों में कोई कलाकार नहीं होता।खत अभी शेष हैं संवेदना और भी विशेष है ।।

## गड़हनी के पूजा पंडाल में प्रशासनिक अधिकारियों ने किया मुआयना व माँ दुर्गा की दर्शन

प्रात: किरण संवाददाता

गडहनी।अगिआंव इंस्पेक्टर अनिल कुमार ,बीडीओ अर्चना कुमारी,थानाध्यक्ष रणवीर कुमार,ईओ मेघा ने गुरूवार को नगर पंचायत गडहनी के विभिन्न पूजा पंडालो का मुआयना कर माँ दुर्गा की दर्शन किया।इस दौरान थानाध्यक्ष रणवीर ने विधि ब्यवस्था, सीसीटीवी कैमरा, पूजा पंडालो मे भुलेन्टियर सहित अन्य कई ब्यवस्थाओं का जायजा लिया साथ ही पूजा कमिटी के अध्यक्ष सचिवो को जारी गाइडलाइन से संबंधित आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।वहीं उन्होंने कहा कि शान्ति और सौहार्द के बीच पूजा सम्पन्न कराने को लेकर नगर वासियों का सहयोग अपेक्षित है।प्रशासन की पैनी नजर असमाजिक तत्वों, उपद्रवियों, शराबियों पर है।पूजा मे खलल डालने वालों को किसी भी हालत मे बख्शा नही जायेगा।अंचलाधिकारी दीपा कुमारी एवं एडिशनल एसएचओ कुमार गौरव के द्वारा भी कई पूजा पंडाल का निरीक्षण किया।निरीक्षण दल मे गडहनी पुलिस सहित उपप्रमुख प्रतिनिधि संजीत चंद्रवंशी,वार्ड पार्षद प्रतिनिधि मो० असलम,मो० इमरान उर्फ सोनू समेत कमिटी के सदस्य मौजूद थे।व-ही अगिआंव इंस्पेक्टर व गड़हनी थानाध्यक्ष देहाती अंदाज में सहँगी गांव के पंडाल में माँ महागौरी की आरती किया।कमिटी के अध्यक्ष रामु तिवारी ने पुजारी से अतिथियों को स्वागत कराया।आरती में सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## ओजस्विनी ने किया मातृशक्ति आराधना एवं डांडिया नृत्य समारोह का आयोजन

प्रात: किरण संवाददाता



गया।युवतियों की समृद्धि, सुरक्षा, स्वास्थ्य और स्वावलंबन के हित में कार्यरत अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद की महिला शाखा ह्यओजस्विनीह्ण द्वारा महापर्व नवरात्रि के सुअवसर पर हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी महाअष्टमी एवं महानवमी के दिन ह्यमातृशक्ति आराधना एवं डांडिया नृत्य समारोहह्ण का आयोजन ओजस्विनी की गया जिला अध्यक्ष डॉ (प्रो) रश्मि प्रियदर्शनी के नेतृत्व में किया गया है। विष्णुपद मंदिर के निकट अवस्थित पंजाबी भवन में समारोह का शुभारंभ देवी नवदुर्गा के छायाचित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण के साथ हुआ है।उसके उपरांत ओजस्विनी एवं अहिप के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने सम्मिलित रूप से देवी की आराधना व आरती की। शस्त्र पूजन के उपरांत संपूर्ण आयोजन स्थल ह्लअंबे तू है जगदंबे काली, जय दुर्गे खप्पर वाली, तेरे ही गुण गाये भारती, ओ मैया हम सब उतारें तेरी आरतीह्व भजन की पावन धुन से गूंज उठा। दीप प्रज्ज्वलन के उपरांत ओजस्विनी की जिलामंत्री अमीषा भारती, महामंत्री शिल्पा साहनी, नीलम मिश्रा, अर्पणा मिश्रा, बरखा देवी, स्वाति, सोनम मिश्रा, अर्पणा कुमारी, दीपिका शर्मा, श्वेता सिन्हा, रिशिका, शीतल, समर्पिता अचर्जी एवं अन्य ने ओ शेरो वाली बिगड़े बना दे सबके कामह्व, अयि गिरि नन्दिनी नन्दिती मेदिनि, विश्व विनोदिनी नन्दिनुते, ढोलीरा जैसे भक्ति भाव से भरे गीतों पर मनमोहक डांडिया नृत्य की प्रस्तुति दी है । ओजस्विनी अध्यक्षा डॉ. रश्मि प्रियदर्शनी ने महिलाओं को ईर्ष्या-द्वेष, लोभ, लालच, हीनता एवं अहंक-ार जैसे नकारात्मक भावों से स्वयं को दूर रखकर धरती पर मानवीय मूल्यों की रक्षा हेतु मनसा वाचा कर्मणा प्रयत्न करते रहने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने भीतर निहित नवदुर्गा की शक्तियों का स्मरण करके परिवार और समाज के हित में कार्य करने की जरूरत है। उन्हें एक दूसरे का समर्थक एवं सहयोगी होने की आवश्यकता है।

ओजस्विनी अध्यक्षा डॉ रश्मि ने नवरात्रि पर रचित अपनी कविता हर नारी में है नवदुर्गा का पाठ करते हुए नारी शक्ति के महत्व को बतलाया। उन्होंने कहा नारी तू ही दुर्गा, लक्ष्मी, तू ही जग-कल्याणी है। तू ही पार्वती, तू सीता, काली है, ब्रह्माणी है।.. जब करती है पालन-पोषण, सीता का धर लेती स्वरूप।

लड़ती जब बाधा-विघ्नों से दिखती दुर्गा-सम तू अनूप। निज परिजन पर बादल समान मंडराने लगते जब संक-ट। तू काली बन, निर्भय चुनौतियों के समक्ष जाती है डंट। गृहलक्ष्मी तथा अन्नपूर्णा बन, घर को जन्नत कर देती।

## अष्टमी को आमी मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं की जुटी भीड़

प्रात: किरण संवाददाता

दरियापुर।शारदीय नवरात्र के आठवें दिन मां महागौरी की पूजा अर्चना को लेकर अहले सुबह से ही मां अंबिका भवानी मंदिर आमी में श्रद्धालुओं की भीड़ जुट गई।वही पूरा मंदिर परिसर मातारानी के जयघोष से गुंजायमान हो गया।मंदिर के एक पुजारी ने बताया की वैसे तो इस मंदिर में सालो भर श्रद्धालुओं का आना लगा रहता है,परंतु नवरात्र में माता का दर्शन करने का अलग ही महत्व है।यही कारण है की नवरात्र के दौरान प्रतिदिन अहले सुबह से ही सैकड़ों की संख्या में महिला तथा पुरुष मंदिर परिसर में ही दुर्गा सप्तशती का पाठ करते नजर आते है।वही नवरात्र के दौरान अंतिम तीन दिन तो लाखों की संख्या में प्रदेश के अलग अलग हिस्सों से भक्तगण पहुंचते है।एक अन्य पुजारी ने बताया की हालांकि इस बार अष्टमी तिथि को लेकर संशय की स्थिति होने के बावजूद लगभग एक लाख भक्तगण दर्शन किए। जिसमें कई जनप्रतिनिधि एवम प्रशासनिक अधिकारी शामिल थे। वहीं भीड़ को देखते हुए प्रशासन के द्वारा भारी संख्या में पुरुष एवम महिला पुलिसकर्मी की तैनाती भी की गई थी।इसके साथ ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सोनपुर



नवल किशोर भी मौजूद थे।इस मंदिर को लेकर ऐसी मान्यता है की राजादक्ष के द्वारा भगवान भोलेनाथ का अनादर करने से नाराज माता गौरी ने आयोजित यज्ञ के हवनकुंड में ही कूद कर अपनी जान दे दी थी।जिसके उपरांत भगवान भोलेनाथ ने क्रोधित होकर माता के शव को कंधे पर लेकर तांडव शुरू किया था।जिसके उपरांत भगवान विष्णु के द्वारा चक्र से शव को टुकड़े टुकड़े किया गया।जिसके बाद जहां जहां शव का टुकड़ा गिरा वह स्थान सिद्धपीठ कहा गया।मंदिर परिसर में आज भी हवनकुंड मौजूद है।इसके साथ ही माता की पिंडी के समीप एक वगाकार कुंड है जिसमे हमेशा जल भरा रहता है जो काफी आश्चर्यजनक है। यहां भक्तो की सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है।माता के महात्म्य की चर्चा दुर्गासप्तशती जैसे पवित्र ग्रंथ में दक्षकन्या और दक्षयज्ञ विनाशिनी कहा गया है।

व्यापार

सेंसेक्स
81611.41 पर बंद
निफ्टी
24998.45 पर बंद

सोना
74,710
चांदी
94,000

## ड्रोन बनाने वाली कंपनी के शेयर ने भरी उड़ान, 63 से 1900 के पार पहुंचा

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत वर्ष 2030 तक ड्रोन की दुनिया का नया हब बनकर उभरेगा। फिक्की के अनुसार भारत का ड्रोन बाजार 23 अरब डॉलर से अधिक का होगा। इस खबर के बाद एंटी ड्रोन बनाने वाली कंपनी जेन टेक्नोलाजीज के शेयर आज उड़ान भर रहे हैं। सुबह 1782 रुपये पर खुलकर यह 1910 रुपये के डे हाई पर पहुंच गया। 5 साल पहले यह केवल 63.70 रुपये का था। पांच साल में इस स्टॉक ने 2800 पर्सेंट से अधिक का मल्टीबैगर रिटर्न दिया है। पिछले एक साल में इसने अपने निवेशकों के



एक लाख रुपये को ढाई लाख और छह महीने में 1.86 लाख कर दिया है। इस साल अबतक इसने 136 फीसद का बंपर रिटर्न दिया है। पिछले 5 दिन में इसने करीब 15 पर्सेंट की उछाल दर्ज की है।भारत वर्ष 2030 तक ड्रोन की दुनिया का नया हब बनकर उभरेगा। फिक्की के अनुसार भारत का ड्रोन बाजार 23 अरब डॉलर से अधिक का होगा। देश में मौजूदा समय में ड्रोन से जुड़े 200 से अधिक स्टार्टअप चल रहे हैं। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के अनुसार भातीय सेना के पास 2500 से अधिक ड्रोन का बेड़ा है। आने वाले समय में बेड़े में पांच हजार से अधिक ड्रोन होंगे। आत्मनिर्भर भारत के तहत दुनिया का नया सुपरपावर बनने की राह पर है।केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा संबंधी समिति ने अमेरिकी प्रीडेटर ड्रोन 31 एमक्यू-9बी की खरीद को मंजूरी दे दी है। 31 ड्रोन खरीदने के लिए अमेरिका से 3.1 अरब डॉलर का करार हुआ है। अमेरिकी रक्षा कंपनी जनरल एटॉमिक्स ने इसे तैयार किया है। स्वदेशी आत्मघाती ड्रोन नागास्त्रत्त्-1 हाल ही में सेना की नई ताकत बना है। यह लॉन्च पैड, दुश्मन के ठिकानों और ट्रेनिंग कैंप के साथ घुसपैठ कर रहे दुश्मनों का सफाया कर सकता है। पाकिस्तान और चीन सीमा तैनाती की योजना है।

## 1 रुपये से कम के इस शेयर में तूफानी तेजी

**नईदिल्ली, एजेंसी।** पेनी स्टॉक श्रेष्ठ फिनवेस्ट में तूफानी तेजी आई है। 1 रुपये से कम दाम वाले श्रेष्ठ फिनवेस्ट के शेयर गुरुवार को 5 पर्सेंट की तेजी के साथ 0.89 रुपये (89 पैसे) पर पहुंच गए हैं। कंपनी ने क्वॉलीफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट के जरिए फंड जुटाने का ऐलान किया है। श्रेष्ठ फिनवेस्ट के शेयरों का 52 हफ्ते का हाई लेवल 1.28 रुपये है। वहीं, कंपनी के शेयरों का 52 हफ्ते का लो लेवल 0.49 रुपये है। श्रेष्ठ फिनवेस्ट का मार्केट कैप 145.96 करोड़ रुपये पहुंच गया है। श्रेष्ठ फिनवेस्ट के शेयर बुधवार को 0.85 रुपये पर बंद हुए थे। श्रेष्ठ फिनवेस्ट की 9 अक्टूबर को हुई बोर्ड मीटिंग में इक्विटी शेयर जारी करके फंड जुटाने को मंजूरी दी गई है। कंपनी 100 करोड़ रुपये का फंड जुटा रही है। कंपनी क्वॉलीफाइड इंस्टीट्यूशनल प्लेसमेंट के जरिए फंड जुटाएगी। क्यूआईपी से जुटाई गई रकम का इस्तेमाल कंपनी कर्ज के प्री-पेमेंट या रिपेमेंट, वर्किंग कैपिटल रिक्वॉयरमेंट्स को पूरा करने और जनरल कॉरपोरेट पर्पज में करेगी। इसके अलावा, कंपनी के बोर्ड ने 1.05 रुपये के इश्यू प्राइस पर 93 करोड़ तक इक्विटी शेयर इश्यू करने की मंजूरी दी है। श्रेष्ठ फिनवेस्ट के शेयर पिछले 6 महीने में 50 पर्सेंट से अधिक चढ़ गए हैं। कंपनी के शेयर 12 अप्रैल 2024 को 0.59 रुपये पर थे। कंपनी के शेयर 10 अक्टूबर 2024 को 0.89 रुपये पर जा पहुंचे हैं।

# इंटरनेट उपभोक्ताओं की संख्या बढ़कर 96.96 करोड़ पहुंची

## दूरसंचार कंपनियों को हर ग्राहक से 8% अधिक कमाई

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देश में इंटरनेट ग्राहकों की संख्या चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-जून अवधि में तिमाही आधार पर 1.59 फीसदी बढ़कर 96.96 करोड़ पहुंच गई। जनवरी-मार्च तिमाही में देश में 95.44 करोड़ इंटरनेट ग्राहक थे। कुल 96.96 करोड़ ग्राहकों में 4.20 करोड़ लोग वायर के जरिये इंटरनेट का इस्तेमाल करते हैं, जबकि वायरलेस इंटरनेट सब्सक्राइबर्स की संख्या 92.75 करोड़ पहुंच गई है।



भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (ट्राई) की ओर से 'इंडिया टेलीकॉम सर्विसेज परफॉर्मेंस इंडिकेटर' रिपोर्ट में कहा गया है कि अप्रैल-जून तिमाही के दौरान मोबाइल सेवाओं के लिए हर ग्राहक से दूरसंचार कंपनियों को होने वाली कमाई सालाना आधार पर 8.11 फीसदी बढ़कर 157.45 रुपये पहुंच गई है। मासिक आधार पर इन कंपनियों का प्रति उपयोगकर्ता औसत मासिक राजस्व (एआरपीयू) जनवरी-मार्च तिमाही के 153.54 रुपये की तुलना में 2.55 फीसदी बढ़ा है। रिपोर्ट के मुताबिक, अप्रैल-जून तिमाही में दूरसंचार सेवा क्षेत्र का समायोजित सकल राजस्व (एजीआर) बढ़कर 70,555 करोड़ रुपये पहुंच गया है। इसमें तिमाही आधार पर 0.13 फीसदी और सालाना आधार पर 7.51 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

### ब्रॉडबैंड से 94 करोड़ लोग चलाते हैं इंटरनेट

रिपोर्ट के मुताबिक, ब्रॉडबैंड के जरिये इंटरनेट चलाने वालों की संख्या अप्रैल-जून तिमाही में 1.81 फीसदी बढ़कर 94.07 करोड़ पहुंच गई। जनवरी-मार्च तिमाही में इनकी संख्या 92.40 करोड़ थी। हालांकि, नैरोबैंड इंटरनेट सब्सक्राइबर्स की संख्या 3.03 करोड़ से घटकर 2.88 करोड़ रह गई।

### 117 करोड़ वायरलेस ग्राहक

देश में वायरलेस ग्राहकों की संख्या शुद्ध रूप से 50.4 लाख बढ़कर अप्रैल-जून में 117.05 करोड़ पहुंच गई है। मासिक आधार पर संख्या 0.43 फीसदी और सालाना आधार पर 2.36 फीसदी बढ़ी है। इस दौरान वायरलाइन ग्राहकों की संख्या मासिक आधार पर 3.90 फीसदी और सालाना आधार पर 15.81 फीसदी बढ़कर 3.51 करोड़ पहुंच गई।

### दूरसंचार घनत्व बढ़कर 85.95 फीसदी

रिपोर्ट के मुताबिक, देश में कुल दूरसंचार घनत्व तिमाही आधार पर 85.69 फीसदी से बढ़कर 85.95 फीसदी पहुंच गया। ग्रामीण इलाकों में यह 59.19 फीसदी से बढ़कर 59.65 फीसदी पहुंच गया, जबकि शहरी दूरसंचार घनत्व 133.72 फीसदी से घटकर 133.46 फीसदी रह गया। वायरलेस दूरसंचार घनत्व 83.27 फीसदी से बढ़कर 83.45 फीसदी पहुंच गया है।

## वित मंत्री सीतारमण बोलीं- यूरोपीय संघ का प्रस्तावित कार्बन टैक्स मनमाना, भारत के निर्यात को होगा नुकसान

**नईदिल्ली, एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को कहा कि यूरोपीय संघ का कार्बन सीमा समायोजन तंत्र (सीबीएएम) एकतरफा और मनमाना है। इसके कार्यान्वयन के बाद भारत के निर्यात को नुकसान पहुंचेगा। सीतारमण एक शिखर सम्मेलन को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा, यूरोपीय संघ (ईयू) ने 1 जनवरी 2026 से अपने यहां आयात होने वाले स्टील, सीमेंट और उर्वरक सहित सात कार्बन-गहन क्षेत्रों पर कार्बन कर लगाने का फैसला किया है। इसके दायरे में इंजीनियरिंग सामान भी आएंगे। उन्होंने कहा, यह यूरोपीय संघ की ओर से पेश किया गया सीमा कर है। इस तरह के कदम व्यापार अवरोध पैदा करने वाले होते हैं।



उन्होंने कहा कि इसके खिलाफ, भारत ने यूरोपीय संघ के समक्ष कई बार अपनी चिंता व्यक्त की है। सरकार लेनदेन की लागत को कम करने के तरीकों पर भी विचार कर रही है। यूरोपीय संघ के इस निर्णय से भारतीय निर्यातकों को नुकसान होगा, क्योंकि भारत के लिए यूरोप शीर्ष निर्यात गंतव्यों में से एक है। निर्मला सीतारमण ने कहा, 2023-24 में यूरोपीय संघ के साथ भारत का कुल व्यापार 137.41 अरब डॉलर था, जिसमें आयात 61.48 अरब डॉलर और निर्यात 75.93 अरब डॉलर था। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि इसकी संभावना बहुत कम है कि सीबीएएम के चलते भारत का यूरोपीय संघ के साथ मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को अंतिम रूप देने में दिक्कत आएगी। उन्होंने कहा, हम 2030 तक कार्बन उत्सर्जन में कमी के लक्ष्यों को प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं।

## ब्रिटानिया और बेल ग्रुप ने भारत में चीज़ के स्थानीय निर्माण के लिए अपनी साझेदारी को बनाया मजबूत

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के प्रमुख चीज़ प्लेयर ब्रिटानिया बेल फूड्स ने महत्वाकांक्षी संयुक्त उद्यम स्थापित करने के तकरीबन दो वर्ष बाद आज अपने विकास में उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा की है। कंपनी ने भारत में चीज़ फैक्टरी का उद्घाटन किया, जहां ब्रिटानिया द लाफिंग काओ प्रोडक्ट्स का उत्पादन स्थानीय रूप से किया जाएगा। कंपनी का यह कदम भारतीय उपभोक्ताओं को स्थानीय रूप से निर्मित सर्वश्रेष्ठ गुणवत्ता के उत्पाद उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। भारत में दूध के उत्पादन की बात करें तो इस दृष्टि से महाराष्ट्र अग्रणी राज्य है, जहां का डेयरी सिस्टम अपने आप में परिपक्व है। ऐसे में यह चीज़ फैक्टरी की लोकेशन के लिए सही चुनाव है, जिसकी स्थापना रंजनगांव के ब्रिटानिया डेयरी फूड पार्क में की जाएगी।



**स्थानीय दूध किसानों को समर्थन और दूध की खरीदन के लिए सशक्त प्रोग्राम–** प्लांट में दूध की खरीद के लिए सशक्त प्रोग्राम है, जिसके तहत रोज़ाना पुणे एवं आस-पास के 3000 से अधिक किसानों से तकरीबन 4 लाख लीटर 100 फीसदी गाय का दूध खरीदा जाता है। ब्रिटानिया ने पिछले कुछ ही सालों में दूध की खरीद के इस प्रोग्राम का पैमाना बढ़ाया है, जिसके तहत फैक्टरी से 100 किलोमीटर की त्रिज्या में 70 ग्रामीण स्तरीय बल्क-मिल्क कूलर इंस्टॉल किए गए हैं, जो पूणे और आस-पास के ज़िलों में 10 तहसीलों में फैले हैं। यह पहल स्थानीय किसानों को समर्थन प्रदान करते हुए स्थायी आपूर्ति श्रृंखला के निर्माण में योगदान देगी तथा समुदाय एवं कृषि के विकास के लिए ब्रिटानिया की प्रतिबद्धता को और मजबूत बनाएगी। ब्रिटानिया के दूध संग्रहण केन्द्रों में आधुनिक जांच क्षमता है, जो सुनिश्चित करती है कि साईट पर कच्चे दूध की गुणवत्ता का मूल्यांकन 31 मानकों तथा 20 अतिरिक्त मानकों के आधार पर किया जाए, इस जांच में खरा उतरने के बाद ही दूध को फैक्टरी में स्वीकार किया जाता है।

अपने 3000 से अधिक किसानों के स्थानीय समुदाय को समर्थन प्रदान करने के लिए ब्रिटानिया इंटीग्रेटेड सपोर्ट प्रोग्राम भी चलाती है, जो मवेशियों के प्रबन्धन, प्रजनन एवं आहार के तीन सिद्धान्तों पर आधारित है। इस प्रोग्राम के तहत सर्वश्रेष्ठ प्रथाओं को शामिल किया जाता है जैसे पशुओं के लिए स्वास्थ्य शिविर, किसानों के लिए प्रशिक्षण एवं प्रजनन प्रशिक्षण प्रोग्राम, किसानों में उच्च गुणवत्ता के चारा बीज का वितरण और उनके लिए पारदर्शी तरीकों से प्रत्यक्ष भुगतान की सुविधा।

### आधुनिक सुविधाओं से युक्त फैक्टरी के उद्घाटन के साथ नया कदम

ब्रिटानिया डेयरी सुविधाओं सहित संयुक्त उद्यम से तकरीबन 220 करोड़ के निवेश के साथ नई ग्रीनफील्ड फैक्टरी महाराष्ट्र के सबसे बड़े फूड पार्कों में से एक में स्थापित की गई है। इसे ब्रिटानिया की आधुनिक डेयरी उत्पादन युनिट में शामिल किया गया है, जो ब्रिटानिया के डेयरी उत्पादों की व्यापक रेंज का उत्पादन करती है, जिसमें ब्रिटानिया द लाफिंग काओ चीज़ और अन्य प्रोडक्ट्स की सम्पूर्ण रेंज जैसेःस्लाइस, ब्लॉक्स, स्प्रैड, डाइस्ड और क्यूब्स शामिल हैं। 5 प्रोडक्शन लाईन्स से युक्त इस युनिट की कुल उत्पादन क्षमता की बात करें तो यह नैचुरल चीज़ जैसे चैडर और मोज़रेला के लिए 6000 टन सालाना तथा प्रोसेस्ड चीज़ के लिए लगभग 10,000 टन सालाना है। इस फैक्टरी की स्थापना से क्षेत्र में रोज़गार के असंख्य अवसर उत्पन्न होंगे, जिससे स्थानीय रोज़गार और क्षेत्र के आर्थिक विकास को बढ़ावा मिलेगा। पिछले कुछ सालों के दौरान महाराष्ट्र की राज्य सरकार ने रंजनगाव स्थित ब्रिटानिया मेगा फूड फैक्टरी को अल्ट्रा मेगा प्रोजेक्ट के रूप में पहचाना और काफी सहयोग प्रदान किया है, इसी के मद्देनज़र ब्रिटानिया को कस्टमाइज़्ड इन्सेंटिव पैकेज दिया गया है।

## मयूख डीलट्रेड लिमिटेड राइट्स इश्यू के जरिए रु. 49 करोड़ जुटाएगी

**मुंबई, एजेंसी।** विभिन्न प्रकार के बर्नर के निर्माण में कार्यरत बीएसई लिस्टेड फर्म मुंबई स्थित मयूख डीलट्रेड लिमिटेड के बोर्ड ऑफ डिरेक्टर्स ने 30 अगस्त, 2024 को कंपनी के पात्र शेयरधारकों को राइट इश्यू द्वारा इक्विटी शेयर इश्यू करके रु. 49 करोड़ तक की धनराशि जुटाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। बोर्ड ने प्रबंध निदेशक और सीएफओ को सलाहकार नियुक्त करने और राइट इश्यू की प्रक्रिया शुरू करने के लिए भी अधिकृत किया है। बोर्ड ने 1 शेयर के पांच शेयर में शेयर विभाजन के प्रस्ताव को भी मंजूरी दे दी। बोर्ड ने कंपनी की साधारण बैठक में शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन, रु. 5 के अंकित मूल्य के 1 इक्विटी शेयर को (पूरी तरह से भुगतान किए गए) रु. 1 के अंकित मूल्य के 5 इक्विटी शेयरों में उप-विभाजन के प्रस्ताव पर चर्चा की और मंजूरी दे दी। बोर्ड ने प्रत्येक रु. 1 के अतिरिक्त 33 करोड़ इक्विटी शेयरों के निर्माण द्वारा अधिकृत शेयर पूंजी को रु. 30 करोड़ को प्रत्येक रु. 1 के 30 करोड़ इक्विटी शेयरों में विभाजित करने के बाद बढाकर रु. 63 करोड को प्रत्येक रु. 1 के 63 करोड़ इक्विटी शेयरों में विभाजित करने के प्रस्ताव पर भी चर्चा की और मंजूरी दे दी, जो कंपनी की साधारण बैठक में शेयरधारकों की मंजूरी के अधीन है। कंपनी ने हाल ही में 30 जून, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए मजबूत वित्तीय परिणामों की घोषणा की थी। वित्त वर्ष 2025 की पहली तिमाही के लिए, कंपनी ने रु. 33.77 लाख का शुद्ध लाभ दर्ज किया है, जो पिछले वित्त वर्ष में इसी अवधि में दर्ज किए गए रु. 7.90 लाख के शुद्ध लाभ की तुलना में 327.46 प्रतिशत की तेज वृद्धि है।

## इराया लाइफस्पेसेज की सहायक कंपनी एबिक्स कैश ने पीएनबी के साथ अनुबंध किया

**मुंबई, एजेंसी।** इराया लाइफस्पेसेज लिमिटेड (बीएसई- 531035) ने घोषणा की है कि हाल ही में अधिग्रहीत व्यवसाय की भारतीय प्रमुख सहायक कंपनी एबिक्स कैश लिमिटेड ने नेटवर्क इंटीग्रेटिंग सेवाओं के लिए पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी), जो भारत के शीर्ष तीन सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक है, के साथ एक महत्वपूर्ण अनुबंध किया है।

लगभग 138.75 करोड़ रुपये के इस अनुबंध को अगले 3 वर्षों के लिए प्रदान किया गया है, जो न केवल कंपनी की क्षमताओं को दर्शाता है बल्कि अर्थव्यवस्था के इस महत्वपूर्ण क्षेत्र में कंपनी की प्रमुखता और उपलब्ध अपार अवसरों को भी उजागर करता है, जो राष्ट्रीय स्तर पर समावेशी विकास और बैंकिंग सेवाओं की पहुंच को बढ़ावा देता है। 2021 से, एबिक्स पंजाब नेशनल बैंक के पूरे भारत में फैले नेटवर्क का प्रबंधन कर रहा है। कंपनी ने पुष्टि कि है इस अनुबंध को 1 अक्टूबर, 2024 से शुरू होने वाले अतिरिक्त तीन वर्षों के लिए नवीनीकृत किया गया है। इस अनुबंध के तहत

ERAAYA
Lifespaces Limited

कवर की जाने वाली सेवाएं पीएनबी के व्यापक नेटवर्क को शामिल करेंगी, जिसमें 10,800 शाखाएं, 5,000 एटीएम और पीएनबी द्वारा प्रायोजित 4,000 क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक शाखाएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, एबिक्स कैश दिल्ली में स्थित अत्याधुनिक डेटा सेंटर, आधुनिक नेटवर्क ऑपरेशंस सेंटर और मुंबई में डिजास्टर रिकवरी सेंटर का प्रबंधन करेगा, साथ ही 13 जोनल ऑफिस और 131 सर्कल ऑफिस भी इसके अंतर्गत आएंगे।

## हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड की आरंभिक सार्वजनिक पेशकश 15 अक्टूबर, 2024 को खुलेगी

**मुंबई, एजेंसी।** हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (कंपनी) ने मंगलवार, 15 अक्टूबर, 2024 को इक्विटी शेयरों की अपनी आरंभिक सार्वजनिक पेशकश (आईपीओ - ऑफर) खोलने का प्रस्ताव किया है। कंपनी हुंडई मोटर समूह की अंग है, जो क्रिसिल रिपोर्ट के अनुसार कैलेंडर वर्ष 2023 में यात्री वाहन बिक्री के आधार पर दुनिया में तीसरी सबसे बड़ी ऑटो ओईएम थी। एंकर इन्वेस्टर बोली की तारीख बोली/ऑफर खुलने की तारीख से एक कार्य दिवस पहले है, जो सोमवार, 14 अक्टूबर, 2024 है। बोली/ऑफर बंद होने की तारीख गुरुवार, 17 अक्टूबर, 2024 है। ऑफर का प्राइस बैंड 1,865 प्रति इक्विटी शेयर से 1,960 प्रति इक्विटी शेयर तय किया गया है। न्यूनतम 7 इक्विटी शेयरों और उसके बाद 7 इक्विटी शेयरों के गुणकों के लिए बोली लगाई जा सकती हैं।

## मर्सिडीज बेंज इंडिया ने नई ई क्लास एलडब्लूबी के लॉन्च के साथ सेगमेंट को नई परिभाषा दी

**मुंबई, एजेंसी।** भारत की सबसे डिज़ायरेबल लग्जरी कार निर्माता कंपनी, मर्सिडीज-बेंज ने आज देश की सबसे पसंदीदा एक्ज़िक्यूटिव बिजनेस सलून, ऑल-न्यू लॉन्ग व्हीलबेस ई-क्लास का लॉन्च किया नई एलडब्ल्यूबी ई-क्लास ने मर्सिडीज-बेंज के सेडान पोर्टफोलियो को और ज्यादा मजबूत किया है। यह भारतीय बाजार में सबसे ज्यादा बिकने वाले मॉडल की छठी पीढ़ी है। भारतीय सड़कों पर 57,000 से अधिक ई-क्लास वाहनों के साथ यह देश में सभी सेगमेंट्स में सबसे सफल लग्जरी सलून है। मर्सिडीज-बेंज ई-क्लास भारत में 'लॉंगेस्ट रनिंग प्रोडक्शन कार' भी है, जिसका उत्पादन 1995 में शुरू किया गया था।

संतोष अय्यर, मैनेजिंग डायरेक्टर एवं सीईओ, मर्सिडीज-बेंज इंडिया ने कहा




हमारी अब तक की सबसे अच्छी क्यू3 और सर्वाधिक वाईटीडी सेल्स परफॉर्मेंस भारत के सबसे डिज़ायरेबल लग्ज़री कार ब्रांड के रूप में मर्सिडीज-बेंज में हमारे ग्राहकों के विश्वास का प्रमाण है। इस चुनौतीपूर्ण बाजार में बेहतरीन सफलता हमारे डिज़ायरेबल प्रोडक्ट्स की शक्ति, बेहतर ग्राहक अनुभव और हमारी फाईनेंशल सर्विसेज़ का बेजोड़ वैल्यू प्रपोज़िशन प्रदर्शित करती है। अपने फ्रैंचाईज़ी पार्टनर्स के साथ हम अपने प्रबुद्ध ग्राहकों को विश्वस्तरीय रिटेल अनुभव और पर्सनालाईज़्ड इंगेजमेंट प्रदान कर रहे हैं।

## होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया ने 1 करोड़ उपभोक्ताओं का आंकड़ा पार किया

**मुंबईः** होण्डा मोटरसाइकिल एण्ड स्कूटर इंडिया (एचएमएसआई) ने आज देश के मध्य भारत में उल्लेखनीय उपलब्धि की घोषणा की है, जिसमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, उत्तराखण्ड और छत्तीसगढ़ शामिल हैं। एचएमएसआई ने इन राज्यों में 1 करोड़ दोपहिया वाहनों की समग्र बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है, जो कंपनी की सशक्त मौजूदगी तथा खरीददारों के पसंदीदा ब्राण्ड के रूप में इसकी मजबूत स्थिति की पुष्टि करता है। होण्डा ने 2001 में अपने पहले दोपहिया वाहन एक्टिवा के साथ भारतीय बाज़ार में प्रवेश किया और इसके बाद कंपनी द्वारा रचा गया इतिहास सबके सामने है। पिछले सालों के दौरान कंपनी ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं और विभिन्न क्षेत्रों के उपभोक्ताओं की ज़रूरतों को पूरा करते हुए भारत के सबसे पसंदीदा दोपहिया ब्राण्ड्स में से एक रूप में अपनी स्थिति को बनाए रखे हुए है।

## टाइटन ने त्योहारों के लिए लॉन्च किया स्टेलर 2.0 कलेक्शन- एक्सप्लोर द अनएक्सप्लोर्ड

**मुंबई, एजेंसी।** भारत के अग्रणी घड़ी ब्रांड टाइटन वॉचेस ने आगामी त्योहारी सीज़न के लिए अपना बहुप्रतीक्षित स्टेलर 2.0 कलेक्शन लॉन्च किया है। पिछले साल की कॉस्मिक-प्रेरित घड़ियों की उल्लेखनीय सफलता के बाद अब स्टेलर 2.0 घड़ी निर्माण की कला को नयी बुलंदियों पर ले जाता है, ब्रह्मांड के ज़रिए मंत्रमुग्ध कर देने वाला अनुभव प्रदान करता है। आकाशीय कैनवास से प्रेरित, यह नया कलेक्शन जटिल डिज़ाइन और नयी सामग्रियों के साथ आकाशीय अजूबों की सुंदरता को कैप्चर करते हुए,



आकाश के प्रति मनुष्य के स्थायी आकर्षण की याद दिलाता है।

13 बेहतरीन घड़ियों का यह कलेक्शन भारतीय घड़ी निर्माण में नए मानक स्थापित करता है। इसमें तीन मुख्य विशेषताओं पर ध्यान केंद्रित किया गया हैः मूवमेंट, सामग्री और कार्यक्षमता। टाइटन के खास इन-हाउस ऑटोमैटिक मूवमेंट में ओपन हार्ट, मल्टी-फंक्शन, सन-मून और मून-फ़ेज़ शामिल हैं, जो बेजोड़ सटीकता के साथ, जटिल फंक्शन्स को क्षमता प्रदान करते हैं।

## राजस्थान में ऑल इंडिया सब जूनियर रैंकिंग टूर्नामेंट 4 नवंबर से



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** राजस्थान बैडमिंटन एसोसिएशन की ओर से बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया की देखरेख में राजस्थन के जयपुर में 4 से 12 नवंबर तक ऑल इंडिया सब जूनियर रैंकिंग बैडमिंटन टूर्नामेंट 2024 करवाया जाएगा। टूर्नामेंट के लिए क्वालिफाइंग दौर 4 से 8 नवंबर और मेन ड्रा 9 से 12 नवंबर तक होगा। टूर्नामेंट के सवाई मानसिंह स्टेडियम के इंडोर बैडमिंटन हाल में करवाया जाएगा जिसकी ईनामी राशि कुल 6 लाख रुपए होगी।

टूर्नामेंट में बीएस 17 से लेकर एक्स डी 17 तक की 10 कैटेगरी हैं इनमें विजेताओं को 29 हजार से लेकर 31 हजार की राशि ईनाम में दी जाएगी जबकि रनरअप को 14,500 से लेकर 15 हजार तक की राशि मिलेगी। टूर्नामेंट में खिलाड़ी ब्वॉयज सिंगल, गर्ल सिंगल, ब्वॉयज डबल, गर्ल्स डबल, मिक्सड डबल वर्ग में अंडर 16 और अंडर 17 कैटेगरी के तहत हिस्सा ले सकेंगे।

## हॉकी इंडिया लीग भारतीय हॉकी की तस्वीर बदल सकती है: सलिमा टेटे



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे का मानना है कि आगामी हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) युवा खिलाड़ियों के करियर को आकार देने और राष्ट्रीय टीम के लिए मजबूत 'बेंच स्ट्रेंथ' (टीम के वैकल्पिक खिलाड़ी) बनाने में मदद करेगी। इस साल के आखिर में शुरू होने वाली इस बहुप्रतीक्षित लीग की सात साल बाद वापसी हो रही है।

नए स्वरूप में एचआईएल में महिलाओं की अलग स्पर्धा पहली बार आयोजित होगी जो पुरुष प्रतियोगिता के साथ-साथ चलेगी। यह लीग 28 दिसंबर से एक फरवरी तक दो आयोजन स्थलों रांची (महिला) और राउरकेला (पुरुष) में खेली जाएगी। पुरुषों की प्रतियोगिता में आठ तो महिलाओं की प्रतियोगिता में छह टीमें शिरकत करेंगी।

सलीमा ने कहा, 'मैं एचआईएल के लिए बहुत उत्साहित हूं, यह सात साल बाद दोबारा शुरू हो रहा है और इस बार इसमें महिला लीग भी है। पूरी टीम पिछले कुछ दिनों से इस बात पर चर्चा कर रही है कि यह हमारे लिए कितना बढ़िया अवसर है। हमें अलग-अलग देशों के खिलाड़ियों से मिलने, उनके साथ और उनके खिलाफ खेल कर बेहतर होने का मौका मिलेगा।उन्होंने कहा, 'इससे युवा खिलाड़ियों को भारतीय और विदेशी खिलाड़ियों की दिनचर्या से खेल को बेहतर समझने का मौका मिलेगा। करियर की शुरुआत में ही दबाव वाले पेशेवर माहौल में रहना उनके विकास के लिए अच्छा होगा। उन्होंने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि एचआईएल टीम से बाहर रहने वाले खिलाड़ियों के लिए भी फायदेमंद होगा जो उन्हें शीर्ष स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने और खुद को निखारने का मौका देगा।

## संन्यास के आपके फैसले से हैरान हूं

### खेलमंत्री मांडविया ने जिम्नास्ट दीपा कर्माकर को लिखा पत्र

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने बुधवार को जिम्नास्ट दीपा कर्माकर को पत्र लिखकर खेल से संन्यास लेने के उनके फैसले पर हैरानी जताई। ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाली पहली भारतीय महिला जिम्नास्ट बनी दीपा रियो ओलंपिक 2016 में चौथे स्थान पर रही थी। उन्होंने सोमवार को खेल को अलविदा कह दिया।



मांडविया ने दीपा को लिखे पत्र में कहा, 'मुझे पता चला कि आपने जिम्नास्टिक से संन्यास ले लिया है। आपके फैसले पर मैं आश्चर्यचकित हूं लेकिन मुझे पूर्ण विश्वास है कि आपने जीवन की महत्वपूर्ण प्राथमिकताओं और अनुभवों को ध्यान में रखते हुए यह फैसला लिया होगा। मैं आपके इस निर्णय का पूर्ण सम्मान करता हूं। उन्होंने कहा, 'आपकी जिम्नास्टिक की यात्रा जो मात्र छह वर्ष की आयु से प्रारंभ हुई, अत्यंत ही प्रेरणादायक रही। आपने इस खेल में अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए सफलता के उच्च शिखरों को छुआ और देश को गौरवान्वित किया। मेजर ध्यानचंद खेल रत्न और पद्मश्री जैसे प्रतिष्ठित पुरस्कार से सम्मानित होना आपके अद्वितीय योगदान का प्रमाण है। उन्होंने आगे लिखा, 'आपका ओलंपिक में हिस्सा लेकर भारतीय जिम्नास्टिक्स में एक नया अध्याय जोड़ना और इस खेल में भाग लेने वाली प्रथम भारतीय महिला बनना न केवल आपके व्यक्तिगत परिश्रम का परिणाम बल्कि पूरे देश के लिये गर्व का विषय है।

# हैरी ब्रूक ने पाकिस्तान के खिलाफ लगाया तिहरा शतक

## नहीं तोड़ पाए वीरेंद्र सहवाग का रिकॉर्ड



### टेस्ट क्रिकेट में सबसे तेज तिहरा शतक

वीरेंद्र सहवाग – 278 गेंदें।
हैरी ब्रूक – 310 गेंदें।

### हैरी ब्रूक का रिकॉर्ड

पहले टेस्ट में शतक
दूसरे टेस्ट में शतक
तीसरे टेस्ट में शतक
चौथे टेस्ट में दोहरा शतक
हैरी ब्रूक ने पाकिस्तान में 4 टेस्ट मैचों में 1 तीहरा शतक और 3 शतक लगाए हैं।

### टेस्ट पारी में 300 रन बनाने वाले इंग्लैंड प्लेयर

| | |
|---|---|
| लेन हटन | एंडी सैंडहम |
| वैली हैमंड | जॉन एडरिक |
| ग्राहम गूच | हैरी ब्रूक |

**मुल्तान (एजेंसी)।** हैरी ब्रूक ने गुरुवार को पाकिस्तान के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के चौथे दिन गुरुवार को रिकार्ड तिहरा शतक जड़ दिया है। 34 साल में पहली बार इंग्लैंड की ओर से हैरी ब्रूक ने तिहरा शतक जड़ने का कारनामा किया है। इसी के साथ वह टेस्ट क्रिकेट में तिहरा शतक जड़ने वाले इंग्लैंड के छठे बल्लेबाज बन गए हैं। 1990 के बाद किसी इंग्लैंड प्लेयर ने टेस्ट की एक पारी में 300 रन के आंकड़े को छुआ है। मैच के 143.3 ओवर में सैम अयूब की गेंद पर चौका लगाकर ब्रूक ने अपना तिहरा शतक पूरा किया। ब्रूक ने भले ही पाकिस्तान के खिलाफ लेकिन वह वीरेंद्र सहवाग के सबसे तेज तीसरे शतक के रिकॉर्ड को तोड़ने में कामयाब नहीं हो पाए। शतक पूरा करने के साथ ही उन्होंने आसमान की ओर देखते हुए ड्रेसिंग रूम की तरफ बैट उठाने के बाद अपनी दिवंगत दादी पॉलीन को सलाम किया। हैरी ब्रूक ने 322 गेंदों पर 29 चौकों और 3 छक्कों की मदद से 317 रन बनाए जिस वजह से इंग्लैंड ने 823/7 के साथ पारी घोषित की। इंग्लैंड ने टेस्ट में तीसरी बार 800 प्लस रन बनाए हैं। वहीं इससे पहले हैरी ब्रूक ने अपने टेस्ट करियर का पहला दोहरा शतक 239 गेंदों पर पूरा किया था।

## मारते जाओ बॉल को, रिंकू सिंह को कोच और कप्तान से मिले मैसेज का खुलासा किया

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बड़े शॉट लगाने वाले रिंकू सिंह का कहना है कि मुख्य कोच गौतम गंभीर और कप्तान सूर्यकुमार यादव ने भारतीय खिलाड़ियों को मैदान पर खुद को अभिव्यक्त करने, अपनी स्वाभाविक शैली को अपनाने और लगातार आक्रामक रहने का अधिकार दिया है।



रिंकू ने पांचवें नंबर पर 29 गेंदों पर 53 रन बनाए और नीतीश कुमार रेड्डी (74) के साथ 49 गेंदों पर 108 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की जिसने बुधवार को यहां दूसरे टी20 मैच में बांग्लादेश पर भारत की 86 रनों की जीत की नींव रखी।

भारत द्वारा 2-0 की अजेय बढ़त के बाद रिंकू ने कहा, कोच और कप्तान ने हमें अपना खेल खेलने के लिए कहा है और स्थिति चाहे जो भी हो, उनका संदेश है कि मारते जाओ बॉल को। आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स में गंभीर के साथ काम कर चुके रिंकू ने कहा, %कोच ने हमें खुद पर भरोसा करने और अपना खेल खेलने के लिए कहा है। उन्होंने हमें गेंद को हिट करने की पूरी आजादी दी है। रिंकू को बुधवार को छठे ओवर में एक्शन में बुलाया गया, जब भारत पावरप्ले के अंदर स्कोर 41/3 पर था। यूपी के इस तेजतर्रार बल्लेबाज ने अपनी मानसिकता के बारे में बताया। उन्होंने कहा, मैं जिस पोजीशन पर खेलता हूं, वहां मुझे खेल के अलग-अलग मोड़ पर बल्लेबाजी करनी पड़ती है। जब भी मैं पहले बल्लेबाजी करने आता हूं, तो मेरा लक्ष्य सिंगल और डबल लेना और खराब गेंदों पर हमला करना होता है। जब मैं 2-3 ओवर बचे होने पर बल्लेबाजी करने आता हूं, तो मेरा लक्ष्य अधिक चौके और छक्के लगाना होता है।

## 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन राफेल नडाल ने

# अलविदा किया टेनिस को

## आंखों से छलके आंसू.... लाल बजरी के बादशाह

### राफेन नडाल को किंग ऑफ क्ले यानी लाल बजरी का बादशाह इसीलिए कहते हैं

दरअसल, उन्होंने फ्रांस में खेली जाने वाले ग्रैंड स्लैम फ्रेंच ओपन को रिकॉर्ड 14 बार जीता। इस टूर्नामेंट को लाल बजरी पर खेला जाता है। यही वजह है कि उन्हें इसका किंग कहा जाता है।

**स्पेन(एजेंसी)।** सर्वकालिक महानतम टेनिस खिलाड़ियों में से एक राफेल नडाल संन्यास का ऐलान कर दिया है। उन्होंने एक वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करते हुए अपने चाहने वालों को रिटायरमेंट की खबर दी। 22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने उस खेल को अलविदा कहा, जिसमें उन्होंने अब तक के सबसे पसंदीदा खिलाड़ियों में से एक के रूप में अपनी पहचान बनाई थी। उन्हें मौजूदा दौर में स्विट्जरलैंड के रोजर फेडरर और सर्बिया के नोवाक जोकोविच के साथ महान खिलाड़ियों में शामिल किया जाता है।



पिछले महीने नडाल ने लेवर कप 2024 से अपना नाम वापस ले लिया था। यह प्रोफेशनल टेनिस में उनका आखिरी अंतिम इवेंट था। पेरिस 2024 ओलंपिक के बाद नडाल ने पुष्टि की थी कि 2024 में लेवर कप उनका अगला इवेंट होगा। नडाल ने लेवर कप में 2017 में प्राग, 2019 में जिनेवा और फिर 2022 में लंदन में हिस्सा लिया था, जो उनके दोस्त और महान रोजर फेडरर के करियर के आखिरी मैच भी था। उन्होंने उसमें रोजर फेडरर के साथ जोड़ी बनाकर डबल्स में हिस्सा लिया था।

22 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन ने पहले संकेत दिया था कि 2024 उनके दौरे का आखिरी साल हो सकता है। नडाल का इस सीजन में 12-7 मैच रिकॉर्ड है और उन्होंने आखिरी बार पेरिस ओलंपिक में भाग लिया था, जहां वह दूसरे दौर में नोवाक जोकोविच से हार गए थे।

### राफेल नडाल ने 22 ग्रैंड स्लैम कब-कब जीते

ऑस्ट्रेलियन ओपन- 2009, 2022

फ्रेंच ओपन- 2005, 2006, 2007, 2008, 2010, 2011, 2012, 2013, 2014, 2017, 2018, 2019, 2020, 2022

विंबलडन- 2008, 2010

यूएस ओपन- 2010, 2013, 2017, 2019

### स्पेन के लिए अपना अंतिम प्रतिस्पर्धी मैच खेलेंगे

38 वर्षीय टेनिस आइकन नवंबर में मैलागा में होने वाले डेविस कप फाइनल में स्पेन के लिए अपना अंतिम प्रतिस्पर्धी मैच खेलेंगे। उन्होंने कहा, मैं बहुत उत्साहित हूं कि मेरा आखिरी टूर्नामेंट डेविस कप का फाइनल होगा, जिसमें मैं अपने देश का प्रतिनिधित्व करूंगा। मुझे लगता है कि मैं एक पूर्ण चक्र में आ गया हूं क्योंकि एक पेशेवर टेनिस खिलाड़ी के रूप में मेरी पहली खुशियों में से एक 2004 में डेविस कप फाइनल था।

# 'सोने जैसे दिल वाला व्यक्ति'

### खेल जगत ने दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर जताया शोक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** खेल जगत ने दिग्गज उद्योगपति रतन टाटा के निधन पर सोशल मीडिया पर शोक जताया और कहा कि वह सोने जैसा दिल वाले व्यक्ति थे। टाटा संस के मानद चेयरमैन रतन टाटा का बुधवार रात मुंबई के ब्रीच कैंडी अस्पताल में 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने बुधवार रात कहा कि उनका अंतिम संस्कार पूरे राजकीय सम्मान के साथ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि टाटा का पार्थिव शरीर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक दक्षिण मुंबई के नेशनल सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स (एनसीपीए) के लॉन में रखा जाएगा, ताकि लोग उन्हें श्रद्धांजलि दे सकें।



एनसीपीए, नरीमन पॉइंट में तैयारियां चल रही हैं, जहां अंतिम संस्कार से पहले लोगों के अंतिम दर्शन के लिए पार्थिव शरीर रखा जाएगा। टीम इंडिया के कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि रतन टाटा को ऐसे व्यक्ति के रूप में याद किया जाएगा, जो वास्तव में परवाह करता था। उन्होंने एक्स पर लिखा, एक ऐसा व्यक्ति, जो दूसरों की परवाह करता था सोने जैसे दिल वाला। सर, आपको हमेशा एक ऐसे व्यक्ति के रूप में याद किया जाएगा, जिसने वास्तव में परवाह की और अपना जीवन दूसरों को बेहतर बनाने के लिए जिया।

सचिन तेंदुलकर ने एक्स पर फोटो शेयर करते हुए लिखा, अपने जीवन और निधन में, श्री रतन टाटा ने पूरे देश को हिलाकर रख दिया है। मुझे उनके साथ समय बिताने का सौभाग्य मिला, लेकिन लाखों लोग, जो उनसे कभी नहीं मिले, वे भी वही दुख महसूस करते हैं जो मैं आज महसूस कर रहा हूं। उनका प्रभाव ऐसा ही है। जानवरों के प्रति उनके प्रेम से लेकर परोपकार तक, उन्होंने दिखाया कि सच्ची प्रगति तभी हासिल की जा सकती है जब हम उन लोगों की देखभाल करें जिनके पास खुद की देखभाल करने के साधन नहीं हैं। रेस्ट इन पीस, श्री टाटा। आपकी विरासत आपके द्वारा बनाए गए संस्थानों और आपके द्वारा अपनाए गए मूल्यों के माध्यम से जीवित रहेगी।

डबल ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर कहा कि अनुभवी उद्योगपति एक दूरदर्शी थे और उन्होंने पूरे देश को प्रेरित किया।

# नीतीश-अभिषेक के प्रदर्शन पर बोले पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर बासित अली ने की प्रशंसा

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर बासित अली ने गुरुवार को भारतीय क्रिकेटरों अभिषेक शर्मा और नीतीश कुमार रेड्डी के श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में दमदार प्रदर्शन की प्रशंसा की। भारत ने बुधवार को अरुण जेटली स्टेडियम में बांग्लादेश पर 86 रनों की जीत दर्ज की। अभिषेक ने 136.36 की स्ट्राइक रेट से 11 गेंदों पर 15 रन बनाए। उन्होंने अपने दो ओवर के स्पेल में एक विकेट भी लिया और 10 रन दिए। वहीं नीतीश रेड्डी ने 217.65 की स्ट्राइक रेट से 34 गेंदों पर 74 रनों की शानदार पारी खेली। उन्होंने अपने चार ओवर के स्पेल में दो विकेट भी चटकाए।

अपने आधिकारिक यूट्यूब चैनल पर बोलते हुए बासित अली ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अभिषेक शर्मा और नीतीश कुमार रेड्डी का समर्थन करने के लिए सनराइजर्स हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस का विशेष उल्लेख किया। पूर्व क्रिकेटर ने कहा कि अगर वह स्त्र्ा कप्तान का नाम नहीं लेंगे तो यह अनुचित होगा। बासित ने कहा, पैट कमिंस का विशेष उल्लेख। अगर मैं उनका नाम नहीं लूंगा तो यह अनुचित होगा। जिस तरह से उन्होंने आईपीएल में अभिषेक शर्मा और नीतीश कुमार रेड्डी का समर्थन किया है, हमें उस पर ध्यान देना चाहिए।

### पैट कमिंस का 'विशेष उल्लेख' किया



मैच की बात करें तो बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। एक समय भारत का स्कोर 41/3 था, लेकिन नीतीश (34 गेंदों में 74 रन) और रिंकू सिंह (29 गेंदों में 5 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 53 रन) ने 108 रनों की मैच बचाने वाली साझेदारी की। हार्दिक पांड्या (19 गेंदों में 32 रन, दो चौकों और दो छक्कों की मदद से) ने शानदार पारी खेलकर भारत को 20 ओवर में 221/9 तक पहुंचाया। बांग्लादेश के लिए रिशाद हुसैन (3/55) और तस्कीन अहमद (2/16) शीर्ष गेंदबाज रहे।

222 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए बांग्लादेश ने शुरुआत में रन-रेट बनाए रखा, लेकिन लगातार विकेट खोते रहे। महमदुल्लाह (39 गेंदों में 41 रन, तीन छक्कों की मदद से) को छोड़कर कोई भी अच्छी पारी नहीं खेल सका और बांग्लादेश ने 9 विकेट खोकर 135 रन बनाए। भारत ने 86 रनों से जीत दर्ज की। वरुण चक्रवर्ती (2/19) और नीतीश (2/23) भारत के शीर्ष गेंदबाजों में शामिल रहे। अभिषेक शर्मा, अर्शदीप सिंह, वाशिंगटन सुंदर और रियान पराग ने एक-एक विकेट लिया। भारत ने तीन मैचों की सीरीज में 2-0 से अजय बढ़त बना ली है। नीतीश ने अपने बेहतरीन ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए 'प्लेयर ऑफ द मैच' का पुरस्कार जीता।

# बांग्लादेश में अशांति के दौरान खामोश रहने पर शाकिब ने मांगी माफी, लौट सकते हैं स्वदेश

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बांग्लादेश के महान क्रिकेटर शाकिब अल हसन ने पदच्युत प्रधानमंत्री शेख हसीना के खिलाफ नागरिक अशांति के दौरान खामोश रहने के लिए माफी मांगी है जिससे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ बांग्लादेश में उनके विदाई टेस्ट खेलने का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। शाकिब 21 अक्टूबर से मीरपुर में शुरू हो रहे पहले टेस्ट के बाद इस प्रारूप से विदा लेना चाहते हैं।

चटगांव में दूसरा टेस्ट भी होगा लेकिन माना जा रहा है कि वह पहला मैच खेलकर अमेरिका चले जाएंगे जहां वह अपनी पत्नी और तीन बच्चों के साथ रहते हैं। शाकिब ने फेसबुक पर लिखा, 'मैं उन सभी छात्रों को श्रद्धांजलि देता हूं जिन्होंने पक्षपात विरोधी आंदोलन की अगुवाई की और अपनी जान गंवा दी या घायल हो गए।

बांग्लादेश में हत्या के एक मामले में आरोपी शाकिब ने कहा, 'प्रियजनों को खोने की क्षति की कोई भरपाई नहीं कर सकता। बच्चे या भाई को खोने की कमी कोई पूरी नहीं कर सकता। इस नाजुक दौर में मेरी खामोशी से आहत हुए लोगों से मैं क्षमायाचना करता हूं। शेख हसीना सरकार में संसद सदस्य रहे शाकिब ने कहा, 'मैं आपकी जगह होता तो मैं भी दुखी होता।




भारत में टेस्ट श्रृंखला के दौरान 37 वर्ष के शाकिब ने आखिरी टेस्ट बांग्लादेश में खेलने की इच्छा जताई थी बशर्ते मौजूदा सरकार उन्हें सुरक्षा व्यवस्था मुहैया कराए। भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला के बाद वह यूएई चले गए क्योंकि वह जून में टी20 विश्व कप के बाद इस प्रारूप को अलविदा कह चुके हैं। उन पर प्रदर्शनों के दौरान एक छात्र की हत्या का आरोप है लेकिन शाकिब उस समय कनाडा में एक टी20 लीग खेल रहे थे।

बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड के नए अध्यक्ष फारूक अहमद ने शाकिब के अनुरोध को खारिज करते हुए कहा था कि बीसीबी कोई सुरक्षा एजेंसी नहीं है और उन्हें सुरक्षा कवर की गारंटी नहीं दे सकती। सरकार के खेल सलाहकार आसिफ महमूद ने हालांकि कहा कि अपना राजनीतिक नजरिया अगर वह स्पष्ट कर देते हैं तो उन्हें सुरक्षा मुहैया कराई जा सकती है। कोलकाता नाइट राइडर्स के स्टार खिलाड़ी ने स्पष्ट किया कि बतौर राजनीतिज्ञ उनका एकमात्र लक्ष्य उनके शहर मागुरा का विकास है।

शाकिब के सार्वजनिक माफीनामे के बाद अब लगता है कि वह मीरपुर के शेर ए बांग्ला स्टेडियम पर अपना आखिरी टेस्ट खेल सकते हैं। उन्होंने लिखा, 'आप सभी को पता है कि मैं जल्दी ही अपना आखिरी मैच खेलूंगा। मैं आप सभी के सामने विदा लेना चाहता हूं। विदाई के समय उन लोगों से हाथ मिलाना चाहता हूं जिनकी शाबासी ने मुझे बेहतर खेलने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने अपने प्रशंसकों से कहा, 'मैं उन लोगों से आंख मिलाना चाहता हूं जिन्होंने मेरे अच्छा खेलने पर तालियां बजाई और खराब खेलने पर उनकी आंखें भर आई। मेरा मानना है कि विदाई की इस बेला में आप सभी मेरे साथ होंगे। हम सभी मिलकर उस कहानी का समापन करेंगे जिसके नायक मैं नहीं, बल्कि आप सभी हैं।










## पुलिस ने 275 लीटर देशी शराब के साथ एक धंधेबाज को किया गिरफ्तार,वाहन जब्त

छपरा, प्रातः किरण। दाउदपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ सफलता हासिल की है.पुलिस ने 275 लीटर देशी शराब के साथ एक चार पहिया वाहन जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है.यह कार्रवाई सारण पुलिस अधीक्षक डॉ. कुमार आशीष के निर्देश पर जिले में अवैध शराब के सेवन, निर्माण, बिक्री, भंडारण, और परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत की गई.बताया जाता है की 09 अक्टूबर को दाउदपुर थाना को गुप्त सूचना मिली कि एक चार पहिया वाहन में शराब की बड़ी खेप बनबार पुल से दाउदपुर बाजार की ओर जा रही है.

















## अष्टमी को आमी मंदिर में हजारों श्रद्धालुओं की जुटी भीड़

**प्रातः किरण संवाददाता**

दरियापुर ।शारदीय नवरात्र के आठवें दिन मां महागौरी की पूजा अर्चना को लेकर अहले सुबह से ही मां अंबिका भवानी मंदिर आमी में श्रद्धालुओं की भीड़ जुट गई ।वही पूरा मंदिर परिसर मातारानी के जयघोष से गुंजायमान हो गया ।मंदिर के एक पुजारी ने बताया की वैसे तो इस मंदिर में सालो भर श्रद्धालुओं का आना लगा रहता है,परंतु नवरात्र में माता का दर्शन करने का अलग ही महत्व है ।यही कारण है की नवरात्र के दौरान प्रतिदिन अहले सुबह से ही सैकड़ों की संख्या में महिला तथा पुरुष मंदिर परिसर में ही दुर्गा सप्तशती का पाठ करते नजर आते है ।वही नवरात्र के दौरान अंतिम तीन दिन तो लाखों की संख्या में प्रदेश के अलग अलग हिस्सों से भक्तगण पहुंचते है ।एक अन्य पुजारी ने बताया की हालांकि इस बार अष्टमी तिथि को लेकर संशय की स्थिति होने के बावजूद लगभग एक लाख भक्तगण दर्शन किए। जिसमें कई जनप्रतिनिधि एवम प्रशासनिक अधिकारी शामिल थे। वहीं भीड़ को देखते हुए प्रशासन के द्वारा भारी संख्या में पुरुष एवम महिला पुलिसकर्मी की तैनाती भी की गई थी ।इसके साथ ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सोनपुर नवल किशोर भी मौजूद थे ।इस मंदिर को लेकर ऐसी मान्यता है की राजादक्ष के द्वारा भगवान भोलेनाथ का अनादर करने से नाराज माता गौरी ने आयोजित यज्ञ के हवनकुंड में ही कूद कर अपनी जान दे दी थी ।जिसके उपरांत भगवान भोलेनाथ ने क्रोधित होकर माता के शव को कंधे पर लेकर तांडव शुरू किया था ।जिसके उपरांत भगवान विष्णु के द्वारा चक्र से शव को टुकड़े टुकड़े किया गया ।जिसके बाद जहां जहां शव का टुकड़ा गिरा वह स्थान सिद्धपीठ कहा गया ।मंदिर परिसर में आज भी हवनकुंड मौजूद है ।इसके साथ ही माता की पिंडी के समीप एक वगाकार कुंड है ।

























